


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-048 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### फुटबालर सुनील क्षेत्री का अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से संन्यास

**नई दिल्ली, 16 मई.** फुटबॉल आइकन सुनील छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा



की है. सुनील 6 जून को अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच कोलकाता में कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के तौर पर खेलेंगे, जिसके साथ ही उनके दो दशक के शानदार करियर का अंत हो जाएगा. लंबे समय से सेवारत राष्ट्रीय टीम के कप्तान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो के माध्यम से अपने फैसले की घोषणा की. भारत वर्तमान में ग्रुप ए में चार अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे कतर के बाद दूसरे स्थान पर है. 39 वर्षीय छेत्री ने संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा करते हुए कहा, पिछले 19 वर्षों में मुझे जो एहसास याद है, वह कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा मिश्रण है. उन्होंने कहा, मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि ये वे खेल हैं जो मैंने देश के लिए खेले हैं, मैंने यही अच्छा किया है, मैंने बुरा किया है. लेकिन, अब मैंने यह किया, पिछले डेढ़ दो महीने में यह बहुत अजीब लगा. मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मैं इस निर्णय की ओर जा रहा था कि अगला गेम मेरा आखिरी गेम होगा..

### पत्रकार की हत्या कर जंगल मे फेंका

**मनेन्द्रगढ़, 16 मई.** छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ के पत्रकार की अज्ञात लोगों ने हत्या कर जंगल मे फ़ेंन्क दिया हत्या की जानकारी मिलने पर जिले के



कप्तान चंद्र मोहन सिंह दल बल के साथ मौके पार पहुंच गए है. बता दे की पत्रकार रईस अहमद अपने होने तीन साल की बेटी और पत्नी के साथ किराये के मकान में रहता था कल रात अज्ञात लोगों ने पत्रकार की हत्या कर चनवारीडाँड़ के मौहरीपारा जंगल मे फेंक दिया घटना के वक्त उसकी तीन साल कि बेटी और पत्नी मौजूद थे.

### भीड़ ने चारधाम यात्रा के तोड़े सारे रिकॉर्ड

**नैनीताल, 16 मई.** चारधाम यात्रा हिंदुओं के लिए सबसे पवित्र तीर्थ यात्राओं में से एक है. बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में इस बार दर्शनार्थियों का नया रिकॉर्ड बना है. हिन्दू धर्म में , इन चारों धामों का अत्यधिक धार्मिक महत्व है. यह माना जाता है कि इन धामों की यात्रा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है. बद्रीनाथ भगवान विष्णु का निवास स्थान माना जाता है. केदारनाथ भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है. गंगोत्री गंगा नदी का उद्गम स्थल माना जाता है. यमुनोत्री यमुना नदी का उद्गम स्थल माना जाता है. उमड़ रहा आस्था का सैलाब. छह दिन में दर्शन को पहुंचे डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं.

### छत्तीसगढ़ ओपन स्कूल के नतीजे जारी

**रायपुर, 16मई.** बोर्ड के नतीजों के बाद छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा के नतीजे भी जारी हो गए हैं। दसवीं में 54.39 प्रतिशत और बारहवीं में 66.03 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। रिजल्ट में मामूली बढ़ोत्तरी हुई है। पिछली बार की तुलना में दसवीं का रिजल्ट 0.30 और बारहवीं का 0.57 फीसदी बढ़ा है। इसी तरह दसवीं में 5551 और बारहवीं में 8622 यानी दोनों कक्षाओं में कुल 14173 छात्र 60 प्रतिशत से ज्यादा नंबर हासिल करने में कामयाब रहे हैं, इन्हें फर्स्ट डिवीजन मिला है।

## अदालत में हो केस तो नहीं कर सकते अरेस्ट

**नई दिल्ली, 16 मई.** यदि मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत दायर केस स्पेशल कोर्ट में विचाराधीन हो तो फिर ईडी बीच में किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यह अहम व्यवस्था दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि किसी पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हों और वह शख्स अदालत में पेश हुआ हो तो फिर केस चलने के दौरान उसे अरेस्ट नहीं किया जा सकता। इस तरह शीर्ष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तारी को लेकर एक नियमावली तय कर दी। इसे आगे के केसों के लिए नजीर माना जा सकता है। अदालत ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि पीएमएलए के तहत सेक्शन 45 के तहत सख्त दोहरे टेस्ट में खुद को सही साबित किया जाए। मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के सेक्शन 45 का कहना है कि इस ऐक्ट के तहत सरकारी वकील को अधिकार है कि वह आरोपी की बेल अर्जी का विरोध कर सके। इसके लिए उसे एक मौका मिलता है। इसके अलावा आरोपी को ही अदालत में यह साबित करना होता है कि यदि उसे बेल मिली तो वह कोई दूसरा ऐसा अपराध नहीं करेगा। इसके अलावा कोर्ट में खुद को बेगुनाह साबित करने की जिम्मेदारी भी आरोपी की होगी। इन शर्तों के चलते ही मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल गए लोगों के लिए बेल पर बाहर निकलना मुश्किल होता है। यही वजह है कि तमाम नेताओं और अन्य लोगों को ऐसे मामलों में जेल से बाहर निकलने में वक्त लगता है। जस्टिस एएस ओका और जस्टिस उज्जल भुयां की बेंच ने कहा, यदि आरोपी समन जारी होने पर स्पेशल कोर्ट में पेश होता है तो फिर उसे हिरासत में नहीं माना जा सकता। इसके आगे अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी को बेल की दोनों शर्तों पर संतुष्ट करने की जरूरत नहीं है। इसके आगे बेंच ने यह भी साफ किया कि यदि ईडी ऐसे किसी आरोपी की हिरासत चाहती है, जो समन पर पेश हुआ हो तो उसके लिए उसे अदालत का रुख करना होगा। अदालत तभी हिरासत में लेने का आदेश देगी, जब ईडी कोर्ट को संतुष्ट कर दे कि आरोपी से हिरासत में पूछताछ करना जरूरी है। यह मामला एक ऐसे केस में आया है, जहां यह बात उठी कि आरोपी को बेल की दोनों शर्तों को पूरा करना होगा। इस पर अदालत ने यह व्यवस्था दी। अदालत ने इस मामले में 30 अप्रैल को ही अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत इस मामले में यह विचार कर रही थी कि यदि पीएमएलए के सेक्शन 19 के तहत मामला अदालत में हो तो ईडी आरोपी को अरेस्ट कर सकती है या नहीं।

**» ईडी को सुप्रीम कोर्ट की नई नसीहत**



## चुनाव जीते तो मुझे जेल नहीं जाना पड़ेगा कोर्ट में केजरीवाल के बयान की शिकायत

**नई दिल्ली, 16 मई.** कथित शराब घोटाले में गिरफ्तारी के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच के सामने ईडी और केजरीवाल की ओर से कई दलीलें पेश की गईं। इस दौरान एक मौका ऐसा भी आया जब ईडी ने अंतरिम जमानत पर बाहर निकले केजरीवाल के भाषण की शिकायत सबसे बड़ी अदालत से की। ईडी ने जजों को बताया कि केजरीवाल चुनाव में जीत मिलने पर जेल नहीं जाने का दावा कर रहे हैं। ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरीवाल की शिकायत करते हुए कोर्ट में कहा, वह कहते हैं कि यदि आपने झाड़ू (आप का चुनाव निशान) को चुना तो मुझे जेल नहीं जाना पड़ेगा। इस पर अरविंद केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने (दिल्ली के सीएम) ऐसा नहीं कहा है। सिंघवी ने कहा कि वह भी भारत के सबसे बड़े मंत्री को लेकर एक हलफनामा दायर कर सकते हैं। समझा जा रहा है कि उनका केंद्रीय मंत्री की ओर था जिन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि यह फैसला सामान्य नहीं है और लोग इसे स्पेशल ट्रीटमेंट मान रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के इस बयान पर ईडी की आपत्ति पर विचार करने से इनकार कर दिया कि अगर लोग आम आदमी पार्टी को वोट देंगे तो वह दो जून को जेल वापस नहीं जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि यह उनकी (कल्पना) है। बेंच ने कहा, यह उनकी कल्पना है, हम कुछ नहीं कह सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि उनका फैसला पूरी तरह स्पष्ट है। गौरतलब है कि कोर्ट ने केजरीवाल को 21 दिन की अंतरिम जमानत देते हुए कहा था कि उन्हें 2 जून को सरेंडर करना होगा। सिंघवी की ओर केंद्रीय मंत्री के बयान का जिक्र करने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फैसले के आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत है। कोर्ट ने कहा, हमने किसी व्यक्ति के लिए कोई अपवाद नहीं बनाया, हमने अपने आदेश में कहा है, जो हमने पाया वह न्यायोजित था।

### क्या कहा था केजरीवाल ने

लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पाने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा था कि यदि विपक्षी गठबंधन की जीत हुई तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। बाद में उन्होंने अपने बयान में कुछ परिवर्तन करते हुए यह भी कहा कि यदि विपक्ष की जीत हुई तो वह मतगणना के अगले दिन 5 जून को ही जेल से छूट जाएंगे।

## नक्सल ऑपरेशन को लेकर शाह ने की साय सरकार की तारीफ

**रायपुर, 16 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**



छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने की साय सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि, 5 महीने में भाजपा सरकार के आने के बाद 112 नक्सली मारे गए हैं। पौने चार सौ नक्सलियों ने सरेंडर किया और 153 नक्सली अरेस्ट किए गए हैं। अगले दो-तीन सालों में देश नक्सलवाद से मुक्त होगा। ये छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा अभियान है। गृहमंत्री अमित शाह ने एनकाउंटर को फेक बताने वाली कांग्रेस पर हमला बोला है। कांग्रेस इस एनकाउंटर को फेक बताती है। जिसका बुरा समय आता है, भगवान सबसे पहले उसकी बुद्धि भ्रष्ट करता है। कांग्रेस पार्टी के साथ शायद यही हुआ है। नक्सलियों के दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने प्रेस नोट जारी किया। जनवरी से अब तक दण्डकारण्य में मुठभेड़ और क्रॉस फायरिंग के नाम से 107 लोगों की हत्या करने का आरोप लगाया है। अब तक 27 घटनाओं को फोर्स ने अंजाम दिया है जिनमें से 18 घटनाओं को झूठी मुठभेड़ बताया गया। बता दें कि, नक्सलियों ने जनवरी से अभी तक मारे गए 107 लोगों में 40-45 ग्रामीण को मारने का आरोप लगाया है। वार्ता के लिए दिए गए नक्सलियों के बयान पर सीधा जवाब नहीं देने का आरोप सरकार पर लगाया है। वार्ता के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने सरकार पर दबाव बनाने के लिए तमाम संगठनों से अपील की गई है।

## तुष्टिकरण के दलदल में धंस चुका है इंडी गठबंधन : मोदी

**लखनऊ, 16 मई.** लोकसभा चुनाव प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। लालगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं पहली बार देख रहा हूं कि भारत के लोकतंत्र के महापर्व की खबरें दुनिया के अखबारों में पहले पन्ने पर हैं। ये इसका प्रमाण है भारत की पहचान दुनिया के लिए कितनी अहमियत रखती है, दुनिया देख रही है कि जनता का आशीर्वाद बीजेपी-एनडीए के साथ है और हमारे सभी मित्रों पर है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब क्या होता है, इसका ताजा उदाहरण नरेंद्र मोदी ने कहा कि कल ही सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का काम शुरू हो चुका है। ये वो लोग हैं, जो शरणार्थी बनकर लंबे अर्से से हमारे देश में रह रहे हैं, ये वो लोग हैं, जो धर्म के आधार पर हुए भारत के बंटवारे का शिकार हुए थे। इन शरणार्थियों पर वहां तो जुल्म हुआ ही, लेकिन वोट बैंक की राजनीति में डूबी यहां की सरकारों व उनके साथियों ने भी इन पर जुल्म करने में कोई कमी नहीं रखी।प्रधानमंत्री ने दावा किया कि इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि मोदी सीएए लेकर आया है, जिस दिन मोदी जाएगा, ये सीएए भी जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता जान गई है कि आप लोगों ने वोट बैंक की राजनीति करके, हिंदू-मुसलमान को लड़ाकर सेक्युलरिज्म का ऐसा चोला पहन लिया था कि आपकी सच्चाई बाहर नहीं आ रही थी, लेकिन मोदी ने आपकी सच्चाई उजागर कर दी है। आपने देश को 7 दशक तक साम्प्रदायिकता की आग में जूझने के लिए मजबूर कर दिया था। उन्होंने कहा कि मोदी ने कश्मीर में शांति की गारंटी दी थी। मोदी ने 370 की दीवार गिराई। पहले चुनाव आते थे तो हड़तालें होती थीं, आतंकी धमकी देते थे, लेकिन इस बार श्रीनगर में पिछले अनेक चुनावों के रिकॉर्ड टूट गए। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस, दल दो हैं, लेकिन दुकान एक ही है। ये झूठ का सामान बेचते हैं, ये तुष्टिकरण का, परिवारवाद का और भ्रष्टाचार का सामान बेचते हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टिकरण के दलदल में पूरी तरह धंस चुकी है। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेता राम मंदिर को लेकर आए दिन घटिया बातें कर रहे हैं। कांग्रेस के शहजादे ने तो राम मंदिर को गालियां देने का मिशन ही चला रखा है।



## बच्ची को कार में भूल गए मम्मी-पापा, दम घुटने से मौत

**जयपुर, 16 मई.** राजस्थान के कोटा से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है. 3 वर्षीय मासूम की कार में दम घुटने से मौत का मामला सामने आया है. प्रथम दृष्टया परिजनों की लापरवाही से यह मौत हुई है. मासूम कार में सो रही थी. ऐसे में उसके माता-पिता कर में ही उसे भूल कर वैवाहिक समारोह में शामिल हो गए. करीब 2 घंटे तक बंद कार में मासूम मौजूद थी. इटावा उपखंड में 3 वर्षीय मासूम की कार में दम घुटने से मौत हो गई. बच्ची के माता-पिता उसे कार में भूलकर शादी में चले गए थे. करीब 2 घंटे तक बंद कार में मासूम मौजूद थी. इसके चलते उसका दम घुट गया और मौत हो गई. बालिका संभवत इस दौरान रोई भी होगी, लेकिन शादी समारोह में तेज डीजे बज रहा था. ऐसे में किसी का ध्यान गाड़ी की ओर नहीं गया. कार भी धूप में ही खड़ी हुई थी. जानकारी के बाद परिजन बच्ची को आनन-फानन में लेकर इटावा अस्पताल पहुंचे, जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया. प्रारंभिक तौर पर चिकित्सकों का मानना है कि बालिका को सांस लेने में दिक्कत हुई होगी, लेकिन किसी का ध्यान उस पर नहीं गया.



## इंडी की सरकार बनने पर बाहर से समर्थन देगी टीएमसी

**कोलकाता, 16 मई.** लोकसभा चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बड़ा ऐलान किया है। ममता बनर्जी ने देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर बाहर से समर्थन देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र में तृणमूल कांग्रेस विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का बाहर से समर्थन करेगी। गौर करने वाली बात ये है कि दीदी ने बुधवार को ही पीएम नरेंद्र मोदी को अपने हाथ से बना खाना खिलाने की चाहत रखने की बात कही थी। इसके बाद राजनीति गलियारे में मोदी और दीदी के बीच अंदर ही अंदर खिचड़ी पकने की चर्चा होने लगी थी। एक दिन बाद बी ममता ने इंडिया ब्लॉक को बाहर से समर्थन देने का ऐलान कर एक बार फिर से सभी को चौंका दिया। जबकि पश्चिम बंगाल में कोई इंडी ब्लॉक का कोई गठबंधन नहीं है। टीएमसी चीफ ममता बनर्जी ने कहा कि मेरी पार्टी केंद्र में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का बाहर से साथ देगी। केंद्र की सत्ता से बीजेपी के बाहर होने पर मैं गठबंधन 'इंडिया' से सीएए , एनआरसी और यूसीसी वापसी लेने को कहूंगी। हालांकि उन्होंने अपना पिछला बयान दोहराते हुए कहा, ÷बंगाल में सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर भरोसा मत करो। वे हमारे साथ नहीं हैं। वे यहां भाजपा के साथ हैं। ममता बनर्जी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए इसे 'चोरों से भरी पार्टी' बताया. उन्होंने कहा कि पार्टी '400 पार' के अपने महत्वाकांक्षी चुनावी लक्ष्य को हासिल करने में विफल रहेगी। ममता बनर्जी ने बीजेपी के 400 सीट जीतने के टारगेट पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा नहीं होगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा, ÷बीजेपी 400 सीटें जीतने का दावा कर रही है, लेकिन लोग ऐसा नहीं होने देंगे। जनता को पता चल गया है कि बीजेपी चोरों से भरी पार्टी है। हम (टीएमसी) सरकार बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बाहर से इंडिया ब्लॉक का समर्थन करेंगे और हर तरह से उनकी मदद करेंगे। हम एक ऐसी सरकार बनाएंगे जो यह सुनिश्चित करेगी कि बंगाल में हमारी माताओं और बहनों को कभी कोई समस्या न हो और यह सुनिश्चित किया जाए कि 100 दिन की नौकरी योजना में भाग लेने वालों को किसी भी तरह की बाधा का सामना न करना पड़े।



## सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई कार एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**भुवनेश्वर , 16 मई।** ओडिशा के क्योंझर जिले के चंपुआ में राष्ट्रीय राजमार्ग-520 पर एक अनियंत्रित कार की सड़क किनारे खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हादसा बुधवार देर शाम हुआ। पुलिस ने कहा, अचानक ब्रेक लगाने के चलते कार का संतुलन बिगड़ गया और यह चंपुआ पुलिस सीमा के अंतर्गत रिमुली के पास एक खड़े ट्रक से जा टकराई। इस दौरान कार के पीछे चल रहे दूसरे तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिलाओं और छह साल की बच्ची समेत परिवार के सभी सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा दोनों वाहनों के चालकों की तेज रफ्तार के कारण हुआ। मृतकों की पहचान क्योंझर जिले के बरबिल इलाके की फुलंती पलाई, संजय महाकुड, लुसी पलाई, संध्या महाकुड़, पीहू महाकुड़ और प्रमोद पलाई के रूप में हुई है।मृतक परिवार के सदस्य, जो मूल रूप से बंसपाल ब्लॉक क्षेत्र के तारामकंटा गांव के रहने वाले थे, बरबिल पुलिस स्टेशन के तहत भद्रा साही इलाके में रहते थे। परिवार बुधवार शाम कार से बांसपाल ब्लॉक स्थित अपने पैतृक गांव जा रहा था। गैस कटर के इस्तेमाल से कार से शवों को निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

## बेटी ने कराई 75 साल के पिता की शादी

**गांधीनगर, 16 मई.** गुजरात के महिसागर जिले के खानपुर तालुका के अमेठी गांव में हुई इस अनोखी शादी की हर तरफ चर्चा हो रही है. दो बुजुर्गों की शादी में पूरा गांव शामिल हुआ. साइबा भाई डामोर और कंकुबेन दोनों पहले से ही एक दूसरे को जानते थे और ये उनकी दूसरी शादी है. गुजरात के महिसागर जिले में एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला. यहां 75 साल के साइबा भाई डामोर ने 60 साल की कंकुबेन परमार के साथ विवाह रचाया है. खेती काम करके अपना गुजर करने वाले साइबा भाई डामोर की शादी उनकी बेटी ने समाज के साथ मिलकर सामाजिक रस्मों रिवाज से करवाई है. साइबा भाई अपनी दूसरी शादी में इतने खुश दिखे कि वो डीजे की धुन पर खूब नाचे. दो बुजुर्गों की शादी में पूरा गांव शामिल हुआ. बता दें कि साइबा भाई एक विधुर थे, जबकि कंकुबेन भी एक विधवा थीं। दोनों ने लंबे समय तक एकाकी जीवन व्यतीत किया और अब एक-दूसरे का हाथ थाम लिया है. महिसागर जिले के खानपुर तालुका के अमेठी गांव के 75 वर्षीय साइबा भाई डामोर अकेले रहते थे क्योंकि बुढ़ापे का कोई सहारा नहीं है. ग्रामीणों की मदद से एकाकी जीवन जी रहे इस वृद्ध की शादी धूमधाम से कराई गई है. फिर पूरा गांव इस अनोखी शादी में शामिल हुआ. पूरे गांव की सहमति से साइबा भाई और कंकुबेन ने समाज के रीति-रिवाज के अनुसार गांव के एक मंदिर में शादी की है.

साइबा भाई जहां खाना बनाने से लेकर घर के सारे काम खुद ही करते थे. उनकी बेटी और समाज के कुछ लोगों ने उनके अकेलेपन को दूर करने की ठानी. आखिरकार, ढलती उम्र में उनकी शादी करा दी गई, जिसके बाद वे बेहद खुश हैं. दूल्हे साइबा भाई ने कहा, मेरी शादी 75 साल की उम्र में हुई. मुझे लाठी पकड़कर सारा काम करना पड़ता है. मेरा कोई सहारा नहीं, कोई लड़का नहीं, कुंवारा मर जाए तो लोग कहते हैं, कुंवारा मर गया.



## मालीवाल मामले का आरोपी विभव कुमार नजर आया केजरीवाल के साथ

**लखनऊ, 16 मई.** आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोपी विभव कुमार और अरविंद केजरीवाल के साथ लखनऊ पहुंचे हैं। दोनों को लखनऊ एयरपोर्ट पर एक साथ देखा गया। दरअसल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इंडिया ब्लॉक के नेताओं की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए गुरुवार सुबह लखनऊ पहुंचे। इसी दौरान लखनऊ एयरपोर्ट पर केजरीवाल और विभव एक साथ स्पॉट हुए। वहीं जब मीडिया ने स्वाती मालीवाल मामले को लेकर केजरीवाल से सवाल किया तो उन्होंने जवाब देने से इंकार कर दिया।

इधर दोनों के फोटो एक साथ सोशल मीडिया पर वायरल होने के साथ ही बीजेपी ने सीएम केजरीवाल और दिल्ली की आप सरकार को निशाने पर लिया है। बीजेपी नेता तजिंदर बग्गा ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि स्वाति मालीवाल से कथित रूप से मारपीट करने के लिए वह विभव कुमार को दंडित कब करेंगे। बग्गा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बहुत कड़ी सजा दी है एक महिला सांसद पर हमला करने वाले विभव कुमार को अरविंद केजरीवाल जी? संजय सिंह जी तो कह रहे थे कि आप विभव पर कड़ी कार्रवाई करेंगे लेकिन आपने तो पूरे देश में दौरा करवाना शुरू कर दिया। बता दें कि आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने सीएम आवास में उनके साथ मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने ये आरोप केजरीवाल के करीबी विभव कुमार पर लगाए हैं। पार्टी के नेता संजय सिंह ने बाद में बताया था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना को संज्ञान में लिया है और वो इस मामले में सख्त कार्रवाई करेंगे।

संजय सिंह ने बताया था कि स्वाति मालीवाल सोमवार को सीएम केजरीवाल से मिलने आई थीं। वो ड्रॉइंग रूम में इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान विभव कुमार वहां पहुंचे और उन्होंने स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता की। इससे पहले सोमवार को दिल्ली पुलिस ने बताया था कि स्वाति मालीवाल सिविल लाइन्स थाने आई थीं और सीएम हाउस में मुख्यमंत्री केजरीवाल के पर्सनल स्टाफ के एक सदस्य पर मारपीट का आरोप लगाया था। हालांकि, स्वाति मालीवाल ने अब तक इस मामले में लिखित शिकायत नहीं की है।



## प्रशांत किशोर की भविष्यवाणी-300 पार करेगी भाजपा

**नई दिल्ली, 16 मई.** लोकसभा चुनाव 2024 राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर ने उत्तर और पश्चिम में भाजपा के लिए न्यूनतम नुकसान के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में लाभ की भविष्यवाणी की. उन्होंने बताया कि मौजूदा लोकसभा चुनावों में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को भारी बढ़त हासिल है. उन्होंने बताया कि मौजूदा लोकसभा चुनावों में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को भारी बढ़त हासिल है. राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा कि भारतीय जनता पार्टी को मौजूदा लोकसभा चुनाव 2024 में 300 के आसपास सीटें मिलेंगी. उन्होंने कहा कि आम चुनावों में भगवा पार्टी की सीटों में कोई सार्थक गिरावट की संभावना नहीं है.

प्रशांत किशोर ने एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, सभी टिप्पणियों और बहसों के बाद, मुझे उत्तर और पश्चिम में भाजपा की सीटों में कोई सार्थक गिरावट नहीं दिख रही है. दक्षिण और पूर्व में, भाजपा का वोट शेयर और सीटें बढ़ेंगी. यदि आप इसे जोड़ दें, तो आज भाजपा के पास लगभग 300 सीटें हैं. इस तरह से सीटों में मुझे - सकारात्मक और नकारात्मक - कोई बड़ा बदलाव नहीं दिख रहा है. किशोर ने उत्तर और पश्चिम में भाजपा के लिए न्यूनतम नुकसान के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में लाभ की भविष्यवाणी की. उन्होंने आगे बताया कि मौजूदा लोकसभा चुनावों में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को भारी बढ़त हासिल है. किशोर ने कहा कि उन्होंने जमीन पर ऐसा कुछ भी नहीं देखा है जो चौंकाने वाले परिणाम की संभावना का संकेत देता हो. किशोर ने कहा, साथ ही मैं पिछले कई महीनों से कह रहा हूं कि जिन लोगों को लगता है कि बिहार में कोई विपक्ष नहीं है, सब कुछ सिर्फ मोदी हैं और मोदी के नाम पर किसी पार्टी को 400 सीटें मिल जाएंगी. यह संभव नहीं है कि किसी को 400 सीटें मिलेंगी, उन्होंने कहा कि भारत में विपक्ष कमजोर नहीं है, लेकिन बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली पार्टियां कमजोर लगती हैं. उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा 400 सीटें नहीं जीत सकती और यह सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया गया एक नारा है, उन्होंने कहा कि यह एक मनोवैज्ञानिक खेल है.मोदीजी को देखिए, जब उन्होंने पहली बार संसद में कहा था कि बीजेपी 370 सीटें पार करेगी और एनडीए 400. उसके बाद चुनाव शुरू होने तक कई महीनों तक हर कोई यही कहने में लगा रहा कि बीजेपी को 400 सीटें मिल रही हैं, या नहीं मिल रही हैं. कोई यह भी नहीं पूछ रहा कि आप जीत रहे हैं या हार रहे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा को 400 सीटें नहीं मिलेंगी, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि भगवा पार्टी 200 सीटों पर सिमट जाएगी. किशोर ने बताया कि ऐसा होने पर बीजेपी को उत्तर और पश्चिम में 100 सीटें गंवानी पड़ेंगी.



## कांग्रेस अग्निवीर योजना बंद करेगी : मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली , 16 मई ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आती है तो अग्निवीर योजना को बंद कर देगी। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक अग्निवीर योजना देश के युवाओं को केवल 4 साल का रोजगार देने के बाद बेरोजगारी की ओर ले जाती है।

कांग्रेस का कहना है कि युवाओं को सेना में स्थायी नौकरी मिले। अग्निवीर योजना सेना में भर्ती के लिए लाई गई है।गुरुवार को इस विषय पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि अग्निवीर योजना जबरन लागू कर मोदी सरकार ने लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया है। करीब डेढ़ लाख ऐसे युवा हैं जिन्हें सामान्य भर्ती प्रणाली में सैन्य बलों में प्रवेश की स्वीकृति मिली थी, पर चयनित होने के बाद भी उन्हें दाखिला नहीं मिला। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अग्निवीर न केवल युवा देशभक्तों को 4 साल का कार्यकाल पूरा होने पर बेरोजगारी के अंधेरे में धकेलती है, बल्कि एक अग्निवीर उन सभी प्रकार की चिकित्सा, वित्तीय सहायता, पेंशन, पूर्व सैनिक का दर्जा, बच्चों के लिए छात्रवृत्तियों का लाभ नहीं उठा सकता जो कि एक रेग्युलर चयनित सैनिक को मिलती है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है.

एक नजर

## गनियारी हत्याकांड की दोबारा जांच की जा रही





**भिलाई, 16 मई।** पुलगांव थाना क्षेत्र गांव गनियारी हत्याकांड को पुलिस दोबारा री ओपनिंग कर जांच में जुट गई है हत्याकांड को करीब ढाई माह बीत गया है लेकिन पुलिस को सफलता हासिल नही हो पाई है पुलगांव थाना क्षेत्र की यह घटना है आरोपियों के बारे में जानकारी देने वालो के नाम पर आईजी ने 25 हजार रुपये का भी इनाम की घोषणा की गई है। फिर भी अंधे क़त्ल का राज दफन हो गया है उल्लेखनीय है कि 7 मार्च को प्रार्थी केशव राम साहू पिता अर्जुन साहू ने पुलगांव थाना में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह ग्राम गनियारी मे परिवार सहित रहता है 6 मार्च की रात को प्रार्थी अपने घर से अपनी मां के घर में आकर गाय बैल को कोठा में बांध दिया था इसके बाद वह घर जाकर सो गया था। 7 मार्च की सुबह 5-00 बजे रोजाना की तरह गाय बैल को बाहर निकालने आया तब बरामदे में उसने लाइट जलाया। जब उजाला हुआ तो उसने देखा पानी की टंकी के पास काफी मात्रा में खून पड़ा हुआ है उसने तुरंत घर जाकर अपने बड़े भाई निर्मल साहू एवं परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी। जब परिवार वाले घर पहुंचे तो देखख कि श्रीमती राजबती साहू एवं सविता साहू का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ था श्रीमती राजबती साहू 65 वर्ष तथा कुमारी माया उर्फ सविता साहू 17 वर्ष की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार वस्तु से वार कर हत्या कर दी गई थी जांच के दौरान पुलिस ने इस हत्याकांड में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाने के साथ-साथ कई लोगों से पूछताछ की थी ढाई माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## सेल्फी ले रहा मजदूर गिरा,मौत

**भिलाई, 16 मई।** भिलाई काम कर रहे मजदूर ने 15 फीट ऊपर सेल्फी लेने के दौरान गिरने से मौत हो गई जामुल पुलिस ने शुरू की जांच, मृतक के तीन बच्चे मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि नवा तरिया सरिया वाशिंग चौक में स्थित अजीत मैटालिक नामक कंपनी में बबलू प्रसाद काम करता था। बबलू हेल्पर के पद पर कार्यरत था। तीन वर्षो से इसी कंपनी में काम कर रहा था कंपनी में कुछ काम चल रहा था बबलू को 15 फिट की ऊंचाई पर चढ़कर काम करवा जा रहा था बबलू वहां चढ़कर सेल्फी लेने और वीडियो बना रहा था। तभी अचानक बबलू गिर पड़ा। बबलू को शरीर में कई जगह चोटे आई जिसे देख कंपनी के अन्य मजदूर उसे बचाने के लिए दौडे लेकिन उसकी हालत गंभीर थी। जब उसे अस्पताल उपचार के लिए जाया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक के 3 बच्चे हैं। मृतक अजीत मेटालिक कंपनी के अंदर ही सरवेंट क्वार्टर में निवास करता था पत्नी और बच्चों को आर्य नगर कोहका में आंगनबाड़ी के पास किराया का मकान लेकर रखा था मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है



## घर के पास खड़े वाहन से सामान चोरी

**भिलाई, 16 मई।** भिलाई घर के सामने खडी बोलरे से सामान पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 37 शीतला मंदिर के सामने कैम्प 2 निवासी नरेन्द्र वाडेकर पुराना स्क्रैप टायर, ट्यूब फेरीकर खरीदी बेचने का काम करता है पुराना स्क्रैप टायर, ट्यूब फेरी कर खरीदकर अपनी बोलेरो महेन्द्रा पिकअप वाहन के पीछे में रखा हुआ था वाहन को अपने घर के सामने ही रखा हुआ था अगले दिन सुबह 4 बजे उठकर पीडित ने चेक किया तो अज्ञात ने पुराना टायर, स्टेपनी 5 नग, पुराना टायर 709 गाडी चोरी हो गया।

## युवक बाथरूम में गिरा,मौत

**भिलाई, 16 मई।** भिलाई खुर्सीपार अंतर्गत एक युवक ससुराल में बाथरूम में ही बेहोश होकर गिर गया। परिजनों ने उसे सेक्टर 9 हॉस्पिटल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई खुर्सीपार पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है खुर्सीपार निवासी दलजीत सिंह पेशे से ड्राइवर है वह 13 मई 2024 की रात गाड़ी चलाकर घर लौटा था इसके बाद वह अपने 16 वर्षीय बेटे से मिलने के लिए अपने ससुराल चला गया। अगले दिन सुबह जब वह उठा तो बाथरूम में ही बेहोश होकर गिर गया परिजनों ने उसे उठाया और सेक्टर 9 अस्पताल पहुंचाया यहां आईसीयू में रखकर उसका इलाज किया गया, लेकिन इलाज के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया।

## दुर्ग जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में समर कैम्प का शुभारम्भ

**दुर्ग 16 मई ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक / पूर्व माध्यमिक / हाईस्कूल / हायर सेकण्डरी/पी.एम.श्री स्कूल / सेजस विद्यालय में 15 मई 2024 से 15 दिवसीय समर कैम्प प्रारम्भ किया गया है। इस कैम्प हेतु प्रातः 6:30 से 8:30 तक का समय निर्धारित है। जिले के समस्त संकुल प्राचार्यो की देखरेख एवं संकुल समन्वयकों के सहयोग से 15 विधाओं में विभिन्न गतिविधियों पर आधारित समर कैम्प आयोजित किये जायेगें। जिले के 11 पी.एम.श्री विद्यालयों में भी समर कैम्प आयोजित किये जा रहे है।जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा से प्राप्त जानकारी अनुसार समर कैम्प के दौरान स्पोकन इंगलिश, गणित से जुड़ी मनोरंजक गतिविधियाँ, करसिव राइटिंग, स्टोरी टैलिंग, लेखन कला (हिन्दी, अंग्रेजी), बेस्ट ऑफ वेस्ट, कला और काफ्ट, अभिव्यक्ति कौशल, इन्डोर गेम-शतरंज कैरम, चौस, चायनिस चेकर्स, योग / प्राणायाम, गायन/वादन, नृत्य, ड्राईंग और पेंटिंग,, रंगोली / मेंहदी, आदि गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।

# परिचर्चा में बच्चों को मानसिक तनाव, डिप्रेशन हताशा और अनिद्रा से बचने के उपाय बताए



**पाटन, 16 मई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 की स्वास्थ्य टीम ने कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई-3 के 10वीं और 12वीं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के रिजल्ट के बाद मानसिक विकार से उबारने परिचर्चा आयोजित किया गया। बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि छात्र-छात्राओं पढ़ाई-लिखाई एवं रिजल्ट परिणाम को लेकर बड़े चिंतित रहते हैं बड़ी विपरीत परिस्थितियों में पढ़ाई करते, मेहनत करते उनके अनुरूप जब परिणाम नहीं आता है जिससे वे मानसिक विकार रोगों से ग्रसित हो जातें हैं। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा के संयुक्त मार्गदर्शन में स्कूल में परीक्षा परिणाम उपरांत छात्र-छात्राओं को नकारात्मक विचारों से उभारने परिचर्चा आयोजित किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने छात्रों को वीडियो कॉलिंग में बधाई देते हुए कहा कि जैसे भी आपका परिणाम आया है कल के लिए बेहतर है क्योंकि महान दार्शनिक का उद्बोधन है कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। मेडिकल ऑफिसर डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने छात्रों को मानसिक विकार अवसाद, डिप्रेशन, बेचैनी घबराहट, हताश-निराश अनिद्रा के बनने ओर छुटकारा के तरीके बताए। प्राचार्य श्रीमती निशा जैन ने बताया कि हमारी विधालय के 10वी और 12वी के छात्र छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कभी कोई असफलताओं पर ध्यान नहीं केंद्रित करना चाहिए। लक्ष्य बनाकर 12वीं के बाद नये नये कालेज में जाकर शिक्षा ग्रहण करें। मेहनत से मत डरो, लड़कियों के बहुत रास्ते खुल गये शिक्षक देशबंधु शर्मा ने भी छात्र छात्राओं को निराशा शब्द को अपने मन से हटाकर सकारात्मक सोच को रखकर आगे बढ़ने की उड़ान भरने प्रयासरत रहने टिप्स दिए। बीईईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि समाज में आप सभी से उम्मीद है कि मजबूत भारत बनाने उन्नति ओर प्रगतिशील भारत राष्ट्र बनाने हमारे छात्र छात्राओं पर निर्भर है। इसलिए अनुशासन के साथ आगे बढे। कार्यक्रम में स्कूल समन्वयक खिलेश कुमार वर्मा, अभिषेक वर्मा,शिक्षक सुनील कश्यप,दीक्षा तिवारी, स्वास्थ्य सुपरवाइजर एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास श्रीमती पी स्वामी, श्रीमती उषा वर्मा, कुमारी देवीला चंद्राकर,जे डी मानिकपुरी, यशवंत साहू दीप्ति पटनायक सहित छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।



## एआई इनोवेशन के लिए बीएसपी उत्पादकता उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई, 16 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग प्रौद्योगिकियों के अभिनव उपयोग के लिए उत्पादकता उत्कृष्टता पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया है। 14 मई को पाटिया, भुवनेश्वर में आयोजित उत्पादकता दिवस समारोह-2024 में बीएसपी से उप महाप्रबंधक मनीष कुमार तिवारी, और सहायक महाप्रबंधक सरोज कुमार की टीम ने प्लेटिनम श्रेणी में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

ओडिशा राज्य उत्पादकता परिषद (ओएसपीसी) और राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) द्वारा 12 से 18 फरवरी के मध्य भारतीय उत्पादकता सप्ताह-2024 मनाया गया, जिसका विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) - प्रोडक्टिविटी इंजन फॉर इकोनॉमिक ग्रोथ था। प्रतियोगिता में बीएसपी टीम के मनीष कुमार तिवारी व सरोज कुमार द्वारा महामाया ब्लास्ट फर्नेस डिजिटल ट्विनः प्रोडक्टिविटी एनहैंसमेंट यूजिंग एआई/एमआई विषय पर 16 फरवरी 2024 को केस स्टडी व ऑनलाइन प्रस्तुति दी गई थी। बीएसपी की टीम की प्रस्तुति व केस स्टडी ने लॉजिस्टिक्स संचालन को व्यवस्थित करने और दक्षता में सुधार करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) टेक्नोलॉजी का उपयोग करने में भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रयासों को रेखांकित किया।


## आयुक्त ने किया धमधा नाका मणि कंचन केंद्र का निरीक्षण

**दुर्ग, 16 मई।** नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत शहर में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में और भी विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है।गुरुवार सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने धमधा नाका स्थित मणि कंचन केंद्र में साफ सफाई एवं डोर टू डोर कलेक्शन की जानकारी लेते हुए व्यवस्थित करने का कहा है।आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान नगर चौपाटी के करीब मणि कंचन केंद्र का भी जायजा लिया। उन्होंने चौपाटी सहित शहर अन्य जगहों में साफ सफाई करवाने के लिए अधिकारी को निर्देशित किया।आयुक्त ने धमधा नाका निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कलेक्शन करने वाले स्वच्छता दीदियों द्वारा कचरा गिला एवं सुखा अलग करने की समझाइस दी गई ,और नगर वासियों अपील करने को कहा की कचरे को अलग-अलग हरा नीला डब्बा कचरे को अलग कर दे, जिस से मणि कंचन केंद्र में करने वाले हमारे स्वच्छता दीदियों को कचरे को पृथक करने में कष्ट ना हो,इस दौरान उन्होंने स्वच्छता दीदियों का मनोबल बढ़ाया गया जिसे उनमें कार्य के प्रति इच्छा शक्ति प्रबल किया गया,कंपोस्टिंग मशीन का अवलोकन भी किया जिस से निकलने वाले खातू को परखा,साथ ही उन्होंने सेग्रीगेशन से होने वाले लाभ के बारे स्वच्छता दीदियों से बात की,इस मौके पर स्वच्छता दीदियों ने बताया गया की कचरे के सेग्रीगेशन करने बाद पहले से जायदा मुनाफा हो रहा ।

# बीएसपी ने नियम विरुद्ध कार्य करने वालों को दी अंतिम चेतावनी

**भिलाई, 16 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अवैध कब्ज़ा और भू-माफियाओं के विरुद्ध कई प्रयास किये हैं और अब भी इस दिशा में प्रयासरत है। बीएसपी प्रबंधन ने अवैध कब्ज़ा, बैनर, पोस्टर, बीएसपी सम्पतियों के गैरकानूनी खरीदी एवं बिक्री आदि के विरुद्ध कई अभियान चलाए, जिसके तहत आम जनता को जागरूक भी किया। लेकिन इसके बाद भी बीएसपी को धोखाधड़ी व गैरकानूनी कार्यों की सूचना प्राप्त हुई है। इसे देखते हुए संयंत्र प्रबंधन ने वैधानिक सूचना का विज्ञापन प्रकाशित कर नियम के विरुद्ध कार्य करने वालों को अंतिम चेतावनी दी गई है, कि संयंत्र की सम्पत्ति का गलत उपयोग पूर्णतः वर्जित है। अब इस तरह के प्रकरण मिलने या नियमों का उल्लंघन करने पर, नियमानुसार उन पर कड़ी क़ानूनी कार्यवाही की जायेगी। इसलिए वैधानिक सूचना के तहत, भिलाई इस्पात संयंत्र ने आम जनता को सूचित किया है एवं चेतावनी दी है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल-बीएसपी) के लीजधारी / लाइसेंसी के साथ संपत्तियो (भूमि / भवन / मकान) के संबंध में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल-बीएसपी) की सहमति के बिना कोई लेनदेन न करें और इनका कोई गलत उपयोग ना करे। हमारे संज्ञान में आया है कि सेल-बीएसपी संपत्तियों के संबंध में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध लेन-देन (लाइसेंस/लीज/भूमि), स्वयं को ऐसी संपत्तियों का स्वामी या सेल-बीएसपी का एजेंट बताकर धोखाधड़ी की जा रही है। बीएसपी द्वारा आम जनता को आगाह किया जाता है कि ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहें और उनके साथ कोई लेनदेन ना करें। इस तरह के लेनदेन के माध्यम से यदि कोई व्यक्ति (सेल-बीएसपी) की संपत्ति पर कब्जा करता है, तो उस व्यक्ति पर उसी की लागत और जोखिम पर, सार्वजनिक संपत्ति (अवैध कब्जाधारियों का निष्कासन) लोक परिसर अधिनियम 1971 के तहत कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। हमारी जानकारी में यह भी आया है, कि कुछ अनैतिक व्यक्ति बीएसपी की जमीन पर अवैध गतिविधियां कर रहे हैं। जिनमें बीएसपी की जमीन व खाली पड़े क्वार्टरों पर कब्जा करना, अनाधिकृत गुमटी (कियोस्क) और ठेला लगाना, बिना अनुमति के निर्माण, शेड बनाना, क्वार्टरों पर अवैध कब्जा करना शामिल है। इसके साथ ही देखा जा रहा है कि इस्पात नगरी भिलाई के सौंदर्य को भी क्षति पहुचाई जा रही है। जगह-जगह होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, वाल पेंटिंग आदि के माध्यम से अविध रूप से प्रचार किया जा रहा है, यह पूर्णतः गलत है। बिना अनुमति के इस्पात नगरी में किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री को लगाना दंडनीय और गैरकानूनी है। इससे संयंत्र की शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचती है तथा इस्पात नगरी के सौंदर्य को नुकसान होता है। इस सूचना के बाद अवैध प्रचार सामग्री लगाने वालों पर नियमानुसार क़ानूनी कार्यवाही की जायेगी। इन अनैतिक गतिविधियों में, बीएसपी क्षेत्र में बिना किसी अनुमति के फ्लेक्स, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि लगाना भी शामिल है। बीएसपी प्रबंधन ने यह पाया कि कई असामाजिक तत्व एवं दलों द्वारा, भिलाई टाउनशिप के मुख्य मार्गों व चौक चौराहों पर अवैध रूप से बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स, झंडे, वाल पेंटिंग, वाल पेस्टिंग तथा विद्युत पोल में बैनर-पोस्टर लगा दिए जाते हैं। कई स्थानों पर एक-एक विद्युत पोल में तीन-चार बैनर-पोस्टर पाए गए। इन अवैध बैनर, पोस्टर, झंडों, वाल पेंटिंग आदि से शहर की स्वच्छता व सुंदरता तो बिगड़ती ही है, साथ ही कई बार इन बड़े बड़े बैनर, पोस्टर के अचानक उड़ जाने या गिर जाने से सड़कों पर दुर्घटना होने की सम्भावना बढ़ जाती है। शहर की स्वच्छता, सुंदरता बिगाड़ रहे इन बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स लगाने हेतु कई बार मना किया जा चुका है। यह भी पाया गया कि कई बार इन बैनर पोस्टर की साइज भी बड़ी कर दी जाती है, जिसके गिरने की संभावना अधिक होती है और इस वजह से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ जाती है। ऐसे सभी व्यक्तियों को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा, इस सार्वजनिक वैधानिक सूचना के माध्यम से चेतावनी दी जाती है कि वे अवैध गतिविधियों को तत्काल समाप्त कर दें, अन्यथा उनके विरुद्ध उन्ही के जोखिम और लागत पर कानून और / या कंपनी की नियमानुसार सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी और उन पर हर्जाना भी लगाया जायेगा।

# विज्ञापन होर्डिंग बोर्ड के स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी की होगी जांच:आयुक्त



**भिलाई, 16 मई।** जल जनित बीमारियों के बचाव एवं वर्षा ऋतु में वर्षा जल के जमाव को रोकने सहित बरसात में होने वाली परेशानियों से बचने के लिए आवश्यक तैयारियों के साथ ही आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने विभिन्न कार्यो की समीक्षा की । जोन आयुक्त निगम क्षेत्र के भूमि एवं भवनो के छत पर लगाए गए होर्डिंग का स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी जांच कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगे। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को वर्षा ऋतु के पूर्व निगम क्षेत्र में सभी आवश्यक तैयारियां करने को कहा। उन्होने क्षेत्र में चल रहे बड़े छोटे नालियो की सफाई कार्य की वार्डवार समीक्षा किए और कहा कि स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित कर लेवे कि कोई भी नाली चोंक न हो ताकि बरसाती पानी आसानी से गंतव्य की ओर आगे बह जाए और कही पर भी पानी का जमाव न हो। जलजनित डायरिया, पिलीया जैस- बिमारियों से बचने के लिए आपूर्ति की जा रही पेयजल की जांच कर दुषित जल पाये जाने वाले क्षेत्र के आस-पास सफाई तथा घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण आवश्यक रूप से करें। आयुक्त ने जोन के इंजिनियर से लिकेज पेयजल पाईप लाईन की जांच कर उसे संधारित करवा कर रिपोर्ट गुगलशीट पे अपडेट करने के दिये गये अपने निर्देश के संदर्भ में जानना चाहा किन्तु गुगलशीट पर जानकारी अपडेट नहीं होने पर निगम के 12 सब इंजीनियरों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। शहर में लगाये गये विज्ञापन होर्डिंग की क्षमता मौसम की मार हवा तूफान को बर्दास्त कर सकेगा कि नहीं इसकी जांच के लिए आयुक्त ने सभी जोन आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि भूमि पर अथवा भवन के छत पर लगाए गए होर्डिंग का इंजिनियर या आर्किटेक्ट से स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी की जांच कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें, ताकि बरसात के मौसम में चलने वाले तेज हवा, तूफान से संभावित दुर्घटना की आशंका से बचा जा सके। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पेंशन योजना सहित जन शिकायत तथा कलेक्टर टी.एल. के प्रकरणो का समीक्षा किये। बैठक में अपर आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता एवं विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

## बदमाश संतोष किया जिलाबदर

**भिलाई, 16 मई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा गुण्डा बदमाश संतोष झा के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत जिलाबदर की कार्यवाही की गई है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार संतोष झा आत्मज बिलट झा उम्र 47 वर्ष निवासी चौहान टाउन जुनवानी को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बालोद एवं धमतरी जिला की सीमाओं से आदेश पारित की तिथि से एक सप्ताह के भीतर हटने अथवा बाहर चले जाने कहा गया है। साथ ही बदमाश संतोष को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के बिना अनुमति के प्रवेश निषिद्ध होगा। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपी के विरूद्ध थाना दुर्ग में मारपीट, लोगों को गंदी-गंदी गाली-गलौच कर लोगों को जान से मारने की धमकी देने एवं असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर मोहल्ले में अशांति व अव्यवस्था फैलाने के संबंध में कई अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है, फिर भी उसके अपराध में कोई कमी नहीं आई है। आरोपी को न्यायालय द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने पर उसके द्वारा जिला बदर प्रकरण से मुक्त किये जाने का निवेदन किया गया। जिस पर बदमाश संतोष को अभियोजन साक्ष्यों के प्रतिरक्षण का अवसर प्रदान किये जाने के बाद उसके द्वारा प्रकरण सुनवाई तिथियों में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उसके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर उसका पक्ष समर्थन का अवसर समाप्त किया गया। अनावेदक सुनवाई प्रतिवेदन की विवेचना पश्चात् जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी ने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु एकपक्षीय कार्यवाही कर आरोपी के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही की है।

# देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर की गई प्रार्थना





**भिलाई, 16 मई।** दुर्ग लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक निबटने के बाद वैशालीनगर विधानसभा के युवा नेता राहुल बृजजीवन राय विगत दिनों छत्तीसगढ़ कुश्ती महासंघ के महासचिव एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य प्रशान्त राय के साथ झारखण्ड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना करने पहुंचे। वे पंडित-पुजारियों के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम ज्योतिर्लिंग का आशीर्वाद लेने के लिए शिव मंदिर भी गए। राहुल ने बताया कि उनके परिवार में पिताश्री स्व. बृजजीवन राय ने यह पवित्र यात्रा शुरू की थी। वे अपनी कांवड़ यात्रा शुरू करने के लिए गंगा नदी के पवित्र जल को लाने के लिए सुल्तानगंज से देवघर की पैदल यात्रा करते थे और बाबा बैद्यनाथ धाम ज्योतिर्लिंग पर वह पवित्र जल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त करते थे। इसी परम्परा को वे आगे बढ़ा रहे हैं। उनका यह विश्वास हो गया कि देवघर भोलेबाबा के आशीर्वाद से ही सुख-शांति की प्राप्ति होती है। उल्लेखनीय है कि भारत वर्ष में शिव देव के कुल बारह ज्योतिर्लिंग हैं जिनमें से 9 वां झारखंड के देवघर में स्थित बैद्यनाथ धाम है। शक्तिपीठ होने के नाते इसे काल भैरव का स्थान माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि इस स्थल पर शिव और शक्ति का मिलाप हुआ था। कहा जाता है कि भगवान विष्णु के चक्र से देवी सती का दिल जब कटकर गिर गया था तब देवताओं ने उनका विधिपूर्वक अंतिम संस्कार किया था। यह भी माना जाता है कि जहां पर सती का दिल गिरा था उसी स्थान पर बाबा बैद्यनाथ की स्थापना हुई है। बाबा बासुकीनाथ धाम में जलार्पण और पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालु शिव भक्तों की सभी कामनाएं पूर्ण होती हैं।

## उल्टी- दस्त पीड़ित मरीजों का घर पर ही किया जा रहा उपचार

**दुर्ग 16 मई।** जिले के ग्राम बोड़ेगांव (ननकट्ठी) में उल्टी-दस्त की आऊटब्रेक सूचना प्राप्त होते ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी.मेश्राम, के आदेशानुसार जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, डॉ. एस.के. मेश्राम, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉक्टर सी.बी.एस.बंजारे, श्रीमती रितीका मसीह, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, बी.पी.एम धमधा श्री राजेन्द्र वर्मा, सुपरवाईजर व स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित काम्बेट टीम के अन्य सदस्यों द्वारा संक्रमित क्षेत्र का दौरा किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड निकुम के अनुसार 14 एवं 15 मई 2024 को ग्राम बोड़ेगांव के वार्ड नं. 11 में 40 उल्टी दस्त प्रकरण पाया गया जिसमें से 01 को श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी में चिकित्सकीय उपचार हेतु भर्ती किया गया है। उक्त संक्रमित क्षेत्र में उल्टी दस्त के मिले मरीजो में से 39 मरीजों का घर पर चिकित्सकीय उपचार चल रहा है। सभी स्वस्थ है, और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के काम्बेट टीम व मितानिन द्वारा संक्रमित क्षेत्र का सर्वे किया जा चुका है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रभावित क्षेत्र में सतत् निगरानी किये जाने निर्देशित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में चौबीस घंटे ड्यूटी लगायी गयी है। स्वास्थ्य अमले द्वारा क्षेत्र का 50 घरों का भ्रमण किया जा चुका है। लोगों को 50 ओ.आर.एस.पैकेट, 700 जिंक, 250 मैट्रोनिडाजोल, 200 क्लोरिन टेबलेट वितरित किये गये है। ग्राम पंचायत सरपंच की सहायता से गांव में उल्टी दस्त होने की सूचना देने की मूनादी करायी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी.मेश्राम, ने बताया कि जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉक्टर सी.बी.एस.बंजारे, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, डॉ. एस.के. मेश्राम द्वारा चिकित्सिकीय टीम के साथ रवेलीडीह व बोड़ेगांव के क्षेत्र का मुआयना किया गया। साथ ही दोनो गांव के सरपंच को ग्राम बोड़ेगांव से रवेलीडीह पानी सप्लाई होने वाली पाईपलाईन तत्काल बंद कराने, पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था टैंकर, हैंडपंप व अन्य साधन से किया जाने तथा गर्मी को देखते हुये पाईप लाईन को सुधार कार्य कराने की सलाह दी गई। वर्तमान मे उल्टी-दस्त के प्रभावित क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण पर है।

## एसएमएस-3 में सीवी-2 कास्टर से ब्लूम कास्टिंग का हॉट परीक्षण हुआ पूर्ण



**भिलाई, 16 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने 14 मई को अपनी मोडेक्स इकाई, स्टील मेल्टिंग शॉप 3 (एसएमएस-3) में कास्टर सीवी 2 से ब्लूम्स उत्पादन के हॉट ट्रायल का सफल परीक्षण किया। हॉट ट्रायल परीक्षण के पश्चात, कास्टर सीवी 2 से ब्लूम्स की पहली हीट के उत्पादन के साथ संयंत्र ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मूल रूप से सीवी 2 को 8 जून 2023 को बीम ब्लैंक कास्टर के रूप में कमीशन किया गया था, लेकिन फिनिशिंग मिलों द्वारा बिलेट्स और ब्लूम्स की बढ़ती मांगों के कारण कास्टर सीवी 2 को कॉम्बी-कास्टर में परिवर्तित कर दिया गया। सीवी 2 के कॉम्बी-कास्टर में परिवर्तित होने से, बीएसपी की फिनिशिंग मिलों की ब्लूम और बिलेट की इनपुट मांग और बाहरी ग्राहकों की मांगों को पूरा करने में मदद मिलेगी। 14 मई को कास्टर सीवी 2 से ब्लूम्स के पहली हीट की सफल कास्टिंग की गई। विशेष रूप से एसएमएस 3 की टीम ने अपने अमूल्य प्रयासों से ब्लूम की पहली हीट की सुचारू और सुरक्षित कास्टिंग सुनिश्चित की। जिससे एक निर्बाध उत्पादन और एक सफल परिणाम प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि, ग्राहकों की बढ़ती मांगों को पूरा करने में नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति बीएसपी टीम के समर्पण को रेखांकित करती है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 14 मई को सीवी 2 में हॉट ट्रायल पूरा होने के बाद एसएमएस 3 का दौरा किया। जहां उन्होंने सीवी 2 से ब्लूम्स के पहली हीट की सफल कास्टिंग के लिए एसएमएस 3 की टीम, प्लांट के प्रोजेक्ट विभाग की टीम और सभी संबंधित एजेंसियों और विभागों को बधाई दी। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी एसएमएस 3 और इस उपलब्धि में शामिल विभिन्न शॉप्स और विभागों को बधाई दी एवं आगे भी इसी तरह सुरक्षा मानदंडो के पालन के साथ नए कीर्तिमान रचने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### नगर निगम गर्मी में पानी टंकी को पूरा नहीं भर पा रहा

**रायपुर 16 मई।** नगर निगम का जल विभाग गर्मियों में समय पर पानी टंकी को पूरा नही भर पा रहा है जिसके कारण नल जल्दी बन्द हो जा रहे हैं , लोगों को पानी नही मिल पा रहा है । पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड के पार्षद मृत्युंजय दुबे ने बताया कि डंगनिया पानी टंकी में आज शाम 6 बजे तक केवल 5 मीटर ही पानी भर पाया जबकि डंगनिया टँकी की क्षमता साढ़े सात मीटर की है । इसलिए वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे ने जोन आयुक्त विमल शर्मा से स्पष्ट कहा है कि जब तक डंगनिया टँकी में पानी पूरा नहीं भर जाएगा तब तक पानी सप्लाई के लिए नल नही खोले । आज शाम लगभग साढ़े सात बजे डंगनिया टँकी में पानी पूरा भर जाने के बाद नल खोला गया ।भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा है कि रायपुर शहर की जनता को गर्मियों में नलों से पानी पिलाने में नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद एक बार फिर से असफल साबित हुए हैं । अधिक अच्छा होगा कि महापौर ढेबर टँकीयों को समय पर पूरा भरने की स्वयं मॉनिटरिंग करें यदि नगर निगम को महापौर नही सम्हाल पा रहे हैं तो इस्तीफा दे दें ।

### होर्डिंग्स स्ट्रक्चर की जांच करने आयुक्त ने किया दल का गठन

**राजनांदगांव 16 मई।** निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत विभिन्न एजेन्सियों द्वारा निजी स्थलों के भवन के उपर एवं दीवाल में तथा शासकीय भवनों के उपर लगाये गये होर्डिंग्स की सक्षमता एवं स्ट्रक्चर की मजबूती की जॉच करने निगम आयुक्त श्री अभिषेग गुप्ता ने अधिकारियों का दल गठित किया है। दल के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके एवं सहायक नोडल अधिकारी श्री दिलीप मरकाम रहेगे तथा दल के सहायक उप अभियंता सर्वश्री दीपक महला, अशोक देवांगन व अनूप पाण्डे होगे। गठित दल के अधिकारी निगम सीमांतगत लगे होर्डिंग्स बोर्ड के स्ट्रक्चर की मजबूती की जॉच करेंगे। आयुक्त श्री गुप्ता ने एजेंसियों को भी स्ट्रक्चर रिपोर्ट नगर निगम में प्रस्तुत करने कहा है। जॉच में यदि होर्डिंग्स आंधी तुफान में निकल सकते है, उसे सुधारने की जिम्मेदारी एजेंसी संचालक की होगी। ऐसा नहीं करने पर निगम प्रावधानों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने एजेंसियों से कहा है कि होर्डिंग्स की स्ट्रक्चर की जॉच करवाकर 7 दिवस के भीतर निगम में रिपोर्ट प्रस्तुत करे। इसके अलावा गठित दल द्वारा जॉच उपरांत मजबूती नही पाये जाने पर उक्त विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्यवाही की जावेगी, जिसके सम्पूर्ण क्षति एवं हर्जे-खर्च की जवाबदारी संबंधित की होगी।

### पुलिस अधीक्षक चेम्बर से थानों की हो रही है निगरानी



**राजनांदगांव 16 मई।** जिला राजनांदगांव के सभी थानों में नाईटविजन रिकार्डिंग वीडियो, ऑडिया सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगा है जो सीधे पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के चेम्बर से जुड़े हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदत्त जिला राजनांदगांव के 12 थानों में कुल 72 सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगे है। प्रत्येक थाना में 01 यूपीएस एवं 01 टी.व्ही. के साथ 06 नग नाईटविजन रिकार्डिंग वीडियो, ऑडिया सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगा हुआ है जो सुचारू रूप से संचालित है जिसका वीडियो/ऑडियो रिकार्डिंग लगभग डेढ़ साल तक संग्रहित करने की क्षमता है। थानों में जो भी गतिविधियां हो वह सुरक्षित रहेगी जिसकी आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सकेगा और पारदर्शिता में भी वृद्धि होगी।

### जिले भर में चलाया जा रहा है अवैध शराब के खिलाफ अभियान



**राजनांदगांव 16 मई।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर जिले में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिये असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सत्त अभियान के तहत जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तहत दिनांक 15.05.2024 को सोमनी पुलिस द्वारा 34(1) के 03 प्रकरण में 03 आरोपी के कब्जे से 52 पौवा देशी शराब कीमती 4680/-रूपये, कोतवाली पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कीमती 2828/-रूपये एवं 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी शराब कीमती 1620/-रूपये, थाना घुमका पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 43 पौवा देशी शराब कीमती 7160/-रूपये, ओ.पी. मोहारा पुलिस द्वारा 34(1) के 04 प्रकरण में 04 आरोपी के कब्जे से 75 पौवा देशी शराब कीमती 6750/-रूपये, थाना बागनदी पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से साढ़े 04 लीटर महुआ शराब कीमती 6750/-रूपये जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध किये हैं। इस प्रकार जिले में आज दिनांक 15.05.2024 को कुल 8 प्रकरणों में 8 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों के कब्जे से 170 पौवा देशी प्लेन शराब एवं कच्ची महुआ शराब साढ़े 04 लीटर कुल कीमती 18,938/-रूपये जप्त किया गया।

# निगम,मंडल,आयोग में नियुक्ति का इंतजार

**रायपुर 16 मई।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव परिणाम का इंतजार भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं को बेसब्री से है, क्योंकि सरकार बनने के बाद से निगम-मंडल-आयोग में जगह पाने नेता-कार्यकर्ता आतुर हैं. और उनका इंतज़ार चुनाव परिणाम के साथ खत्म हो सकता है. सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री साय कई नामों पर विचार कर चुके हैं. आचार संहिता हटने के कुछ दिनों बाद पहली सूची आ सकती है. भाजपा कार्यालय से लेकर पक्ष और विपक्षी गलियारों तक में पद पाने और नहीं पाने वाले भी निगम-मंडल-आयोग में सांय-सांय का इतज़ार कर रहे हैं. दरअससल साय सरकार में कई निर्णय सांय-सांय लिए गए हैं, ऐसे में भाजपा कार्यकर्ता और नेता भी सांय-सांय नियुक्ति की राह देख रहे हैं. राह देखने वालों में भाजपा के कुछ ऐसे वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं, जो साय सरकार में मंत्री बन पाने से वंचित रह गए हैं, जो 2023 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाए हैं, जिन्हें लोकसभा की टिकट नहीं मिल पाई है. वहीं कुछ ऐसे ज़मीनी कार्यकर्ता भी हैं, जो



बिना किसी लाभ हानि के चुप-चाप संगठन के लिए काम करते रहे हैं. यही नहीं इन सबके बीच संघ के कुछ लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं.

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री साय ने ऐसी जगहों पर होने वाली नियुक्तियों को लेकर एक दौर का मंथन कर लिया है. दिल्ली से भी विचार-विमर्थ किया जा चुका है. शुरुआती सूची के कुछ प्रमुख नाम तय बताए जा रहे हैं. हालांकि यह सूची सांय-सांय ही आ जाए इस पर अभी संदेह है, क्योंकि निगम-मंडल-आयोग से पहले कैबिनेट में फेरबदल और विस्तार होना है. साय कैबिनेट में जगह पाने भी कई वरिष्ठ विधायक कतार में हैं. साथ ही कुछ नए विधायकों ने भी अपनी सक्रियता तेज़ कर दी है. चर्चा में है कि एक नाम संघ की ओर से तय कर दिया गया है. खैर कैबिनेट में तो कुछ ही हैं जो अंदर आएंगे और बाहर जाएंगे, लेकिन निगम-मंडल-आयोग में जगह पाने के लिए बड़ी जगह है. इसी खाली जगह में जगह बनाने के लिए वो नेता भी लग चुके हैं, जो कैबिनेट में जगह पाने से वंचित रहे, वो इस जगह अपनी जगह जमा सकते हैं. जगह पाने और जमाने के इस क्रम में जोड़-तोड़ की राजनीति भी चलेगी, क्योंकि इस क्रम में वे नेता भी सक्रिय हो गए जो दूसरे दल से उम्मीदों के साथ कुछ पाने आए हैं. अब किसे, कहां और कितना मिलेगा ? इसके लिए अभी थोड़ा और इंतज़ार करना होगा।

# वार्ड भ्रमण के दौरान आयुक्त ने राजीव नगर,कौरिनभाठा में सुविधाओं का लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 मई।** नगर निगम के अधिकारी रोज सुबह सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा ले रहे है, इसी कडी में आज आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सुबह अधिकारियों के साथ वार्ड नं. 43 व 44 के राजीव नगर, आर्शीवाद कालोनी एवं कौरिनभाठा में मूलभूत सुविधा सफाई, पानी के अलावा निर्माण कार्य देख लोगों से रूबरू होकर अधिकारियों को व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। सबसे पहले आयुक्त श्री गुप्ता राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर पहुँच हाजरी रजिस्टर की जॉच किये और स्वच्छता दीदीयों के संबंध में जानकारी लेकर प्रतिदिन कचरा संग्रहण घर में ही कचरा पृथककरण कर लेने के निर्देश दिये, उन्होने लोगों को अलग अलग कचरा देने समझाईस देने कहा। जिला चिकित्सालय के सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर साफ सफाई के अलावा पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखने वास बेसिन लगाने संचालक को निर्देशित किये। उन्होंने गौरव पथ रोड, कौरिनभाठा बसंतपुर रोड में डिवाईडर के किनारे साफ सफाई कर कचरा उठाने तथा बारिश के पूर्व नाला सफाई कराने के निर्देश दिये। निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान राजीव नगर में नाला व ग्रीन हाईट के पास नाला निर्माण का जायजा लेकर कार्य में गति लाने कहा, ताकि बरसात में पानी निकासी सुचारू रूप से हो सके। आर्शीवाद कालोनी में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण कार्य देख अन्य कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। वार्डो में पानी की भी जॉच कर प्राप्त शिकायतों का निराकरण करे। निरीक्षण के दौरान प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव, उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकार, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू,सहायक उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# गरीबों को चावल नहीं दे पा रही है भाजपा की सरकार

**रायपुर 16 मई।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों को चावल नहीं दे पा रही है। गरीबों के चावल में डंडी मार रही है। पर्याप्त मात्रा में उचित मूल्य की दुकानों में चावल नहीं पहुंचने के कारण एपीएल और बीपीएल वाले दोनों चावल के लिए भटक रहे हैं। कांग्रेस सरकार के समय एपीएल हितग्राहियों के लिए प्रत्येक उचित मूल्य की दुकानों को 50 क्विंटल चावल दिया जाता था जिसे कटौती करके 15 क्विंटल कर दिया गया है। वहीं बीपीएल कार्डधारी के हिस्से की भी चावल पर्याप्त मात्रा में नहीं दिया जा रहा है। बीपीएल के हितग्राही भी चावल के लिए भटक रहे। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के सरकार ने बीपीएल हितग्राहियों को प्रति कार्ड 35 किलो चावल प्रति माह देती थी और दो-दो महीने का चावल एक मुफ्त निशुल्क भी दिया है। भाजपा के सरकार बनते ही प्रतिमाह 35 किलो मिलने वाले चावल को प्रति व्यक्ति 5 किलो कर दिया गया है और एपीएल कार्ड धारी के चावल को कटौती कर दिया गया भाजपा सरकार का यह गरीब विरोधी चरित्र है। 4 महीने में ही भाजपा सरकार ने चावल में गड़बड़ की है यह बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रहा है। 15 साल के भाजपा शासन काल के दौरान 36000 करोड़ रुपए का नान घोटाला हुआ था 20 लाख फर्जी राशन कार्ड बनाकर गरीबों के चावल में डाका डाला गया था अब वही स्थिति एक बार और निर्मित हो रही है।

# रंग संस्कार महोत्सव का आयोजन राजधानी में 17 मई से 19 मई तक

**रायपुर 16 मई।** संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी स्व. अशोक चंद्राकर जी की स्मृति में रंग संस्कार महोत्सव का आयोजन रायपुर में हो रहा है। दिनांक 17 - 18 - 19 मई 2024 को आयोजित इस त्रि-दिवसीय महोत्सव में कुल सात नाटक प्रस्तुत होंगे । रोज 6:30 बजे से यह महोत्सव महाराष्ट्र मंडल चौबे कॉलोनी रायपुर के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में शुरू होगा । शुक्रवार 17 मई को प्रदर्शित आदि गाथा के निर्देशक श्री किशोर वैभव एवं इंद्र धनु(मराठी) के निर्देशक श्री प्रसन्न निमोंणकर होंगे । शनिवार 18 मई को बहादुर बेटी निर्देशक श्री अंशु प्रजापति एवं अपने हिस्से का स्वर्ग निर्देशक श्री आर्यन सारस्वत एवं कलंकार (छत्तीसगढ़ी) निर्देशक श्री अर्जुन दास मानिकपुरी द्वारा प्रस्तुत होगा। रविवार 19 मई की प्रस्तुति में अंधेर नगरी चौपट राजा निर्देशिका श्रीमती अर्पिता बेडेकर एवं मी अहिल्या बोलतेय निर्देशक श्री त्रिलोचन सोना रहेंगे । संस्कार भारती के राष्ट्रीय नाट्य विधा संयोजक श्री प्रमोद पवार , फिल्म कलाकार एवं निर्देशक मुंबई तीनों दिवस उपस्थित रहेंगे । इस अवसर पर संस्कार भारती द्वारा मध्य क्षेत्र की त्रि - दिवसीय नाट्य निर्देशन एवं



नाट्य लेखन कार्यशाला श्री शिकारपुरी पंचायत भवन समता कालोनी में रखी गई है । इसमें भोपाल , जबलपुर , इंदौर , उज्जैन , देवास, रायपुर , भिलाई , बिलासपुर , रायगढ़ , अंबिकापुर आदि स्थानों से संस्कार भारती के नाट्य विधा से जुड़े सूचित कलाकार भाग लेंगे ।

संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध लोक कलाकार श्री रिखी क्षत्रिय भिलाई ने बताया कि नाट्य विधा के संवर्धन एवं कलाकारों को मंच प्रदान करने हेतु संस्था पूर्व से प्रयासरत है । छत्तीसगढ़ में नाटकों एवं लोक नाट्यों के कलाकार सभी शहरों में हैं इसलिए महोत्सव में विविध विषयों सहित अहिल्याबाई होल्कर पर भी एक नाटक की विशेष प्रस्तुति हो रही है। ज्ञातव्य है कि 31 मई 2024 से देश भर में उनकी त्रिशताब्दी वर्ष पर विशेष कार्यक्रम बन रहे हैं । इस अवसर पर महोत्सव के संयोजक एवं प्रदेश के वरिष्ठ रंग कर्मी एवं फिल्म अभिनेता श्री योगेश अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बहुत सारे युवा नाट्य कलाकार हैं जिनको अपनी मंचीय प्रस्तुति के साथ-साथ निर्देशन का भी मौका मिले इस दृष्टि से संस्कार भारती छत्तीसगढ़ ने यह एक वृहद प्रयास किया है । विगत 1 मई से 16 मई तक लगातार चल रही कार्यशाला में उपरोक्त सभी सातों नाटकों को तैयार किया जा रहा है । सातों नाटकों के निर्देशकों को विगत एक माह से क्षेत्र प्रमुख श्री अनिल जोशी और संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी व फिल्म अभिनेता प्रो. डॉ योगेंद्र चौबे , नाटक एवं लोक कला विभागाध्यक्ष, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ का लगातार मार्गदर्शन मिल रहा है ।

दिनांक 18 मई को पुरातत्वविद् एवं प्राचीन कला विधा के प्रांतीय संयोजक श्री हरिसिंह क्षत्री कोरबा के मार्गदर्शन में चिरंतन नामक ई - पत्रिका का विमोचन होगा । यह पहला अवसर है जब राष्ट्रीय स्तर पर पुरातात्विक धरोहरों से संबंधित लेखों की पुस्तक ई माध्यम से आम जनता के लिए जारी की जायेगी ।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 18 मई को

**राजनांदगांव 16 मई।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों शिक्षा सत्र 2024-25 के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश चयन परीक्षा शनिवार 18 मई 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। राजनांदगांव जिले में प्रवेश चयन परीक्षा के लिए 5 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें 843 परीक्षणार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेन्ड्री राजनांदगांव में रोल नंबर 1511001 से 1511200 तक कुल 200 विद्यार्थी, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1512001 से 1512220 तक कुल 220 विद्यार्थी, जेएमजे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1513001 से 1513104 तक कुल 104 विद्यार्थी, गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1514001 से 1514104 तक कुल 104 विद्यार्थी तथा गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रोल नंबर 1515001 से 1515215 तक तक कुल 215 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## समाचार संक्षेप

### चित्रगुप्त प्राकट्य दिवस पर की गयी विशेष आरती



**डोंगरगढ़ 16 मई।** वैशाख मास शुक्ल पक्ष गंगा सप्तमी को कायस्थ कुल के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी के अवतरण दिवस के अवसर केदार बाड़ी में स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में स्थानीय कायस्थ जनों द्वारा विशेष पूजन व आरती की गयी। इस दौरान कायस्थ समाज अध्यक्ष फगेन्द्र श्रीवास्तव सुरेन्द्र श्रीवास्तव सुधा श्रीवास्तव धर्मेंद्र गोमास्ता संजय श्रीवास्तव अंजय निगम कंचन निगम राजेश श्रीवास्तव अरूण श्रीवास्तव विवेक श्रीवास्तव प्रशांत श्रीवास्तव सुधांशु बख्शी निशा बख्शी रितेश सक्सेना नितिन बख्शी सीमा बख्शी मोहन श्रीवास्तव संजीव गोमास्ता नित्या बख्शी स्वधा गोमास्ता श्रेयान बख्शी शिवांश बख्शी श्रेयान्वी बख्शी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जनों उपस्थित रहे।

### जिले भर में एमसीपी लगाकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**राजनांदगांव 16 मई।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने व, दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 15/05/2024 को रात्रि 08 से 12 बजें तक एमसीपी लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वाले कुल 77 प्रकरण में 77 वाहन चालकों से 23,500/-रूपये जुर्माना कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

### गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश एवं संदेहेयों के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

**राजनांदगांव 16 मई।** अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा/शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक श्री



मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदेही पर विशेष अभियान चलाकर चेक कर उनकी दैनिक गतिविधि की जानकारी लेकर उनके फिंगर प्रिंट लेने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में आज दिनांक 15.05.2024 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 05 गुण्डा बदमाश एवं 04 निगरानी बदमाश, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 03 गुण्डा बदमाश, 01 निगरानी बदमाश, छुरिया पुलिस द्वारा 02गुण्डा बदमाश, 01 निगरानी बदमाश, डोंगरगांव पुलिस द्वारा 04 गुण्डा बदमाश, घुमका पुलिस द्वारा 02 गुण्डा बदमाश, 02 निगरानी बदमाश, 01 माफी बदमाश, चिखली पुलिस द्वारा 05 गुण्डा बदमाश, 01 सजायाब, सोमनी पुलिस द्वारा 04 गुण्डा बदमाश व 01 प्रिंगरप्रिंट, सुकुलदैहान पुलिस द्वारा 01 गुण्डा बदमाश का प्रिंगरप्रिंट, तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 02 गुण्डा बदमाश, 01 निगरानी बदमाश को चेक किया गया। सभी अपराधिक तत्वों को तलब कर उनको समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें।

# डोंगरगढ़ के वार्डों में मिलेगी लोगो को स्वास्थ्य सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 16 मई।** वार्ड पार्षद तथा स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल की है शहर में वार्डवासियों को मूलभूत तथा स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए अब उनके वार्ड में ही स्वास्थ्य केंद्र (अर्बन हेल्थ सेंटर)खोला जा रहा है,यह पहल शहर के वार्ड नंबर आठ से शुरू की गई है--33 लाख रुपए की लागत से बन रहे अर्बन वेयरनेस हेल्थ सेंटर की शासन की स्वीकृति के लिए यहां की पार्षद अलका सहारे तथा स्वास्थ्य विभाग की बीएमओ बी.पी.एक्का को बहुत कठिनाई हुई कई छत्तीसगढ़ सरकार के अफसरों के दौरे के बाद पार्षद की मेहनत रंग लाई तथा लोगो को मूलभूत सुविधा के लिए स्वीकृति प्रदान की गई ,आज अर्बन सेंटर के बिल्डिंग निर्माण कार्य में वार्डवासियों ने श्रम दान किया,दरअसल प्रदेश में पिछली कांग्रेस सरकार के समय शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को शहरवासियों के भारी विरोध के बाद भी डोंगरगढ़ से पांच किलोमीटर दूर अछोली गांव ले जाया गया जिससे लोगो को अस्पताल जाने में बहुत परेशानी होती



है कई एक्सीडेंट केस में अस्पताल पहुंचने से पहले ही लोगो की जान चली जाती है लोगो का समय में इलाज नहीं हो पाता था लेकिन अर्बन शहर के वार्डो में अर्बन हेल्थ सेंटर खुलने से स्वास्थ संबंधी सुविधा मिलेगी ।

# सर्वेश्वरदास विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 मई ।** सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश के लिए 10 मई तक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके अनुसार 16 मई 2024 को पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची संस्था के सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाएगी। सूची के संबंध में आवेदक व पालक 16 से 18 मई तक संस्था के कार्यालय में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत 20 मई को कक्षा 11वीं व 12वीं तीनों संकाय के लिए बच्चों का चयन लाटरी के माध्यम से जिला स्तरीय गठित समिति के समक्ष किया जाएगा। कक्षा 11वीं गणित में कुल रिक्त सीट 26, कुल प्राप्त आवेदन 14, कुल पात्र आवेदन 14 है। इसी प्रकार कक्षा 11वीं बायो में कुल रिक्त सीट 28, कुल




प्राप्त आवेदन 27, कुल पात्र आवेदन 23 एवं अपात्र आवेदन 4 है। दोनो संकायों में सीटों के विरूद्ध कम आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी नहीं निकाली जाएगी। चयन सूची लॉटरी वाले दिन ही चस्पा की जाएगी। 11वीं कामर्स में एक रिक्त सीट बालिका प्राथमिकता के कारण कुल प्राप्त 33 आवेदन में से 8 पात्र बालिका में से ही एक का लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। इसी तरह कक्षा 12वीं गणित में कुल रिक्त सीट 18, कुल प्राप्त आवेदन 3, कुल पात्र आवेदन 3 है। कक्षा 12वीं गणित में सभी पात्र की चयन सूची लॉटरी वाले दिन ही चस्पा की जाएगी। कक्षा 12वीं बायो कुल रिक्त सीट 3, कुल प्राप्त आवेदन 8, कुल पात्र आवेदन 6, अपात्र आवेदन 2 है। इस प्रकार कक्षा 11वीं कामर्स एवं 12वी बायो में 20 मई 2024 को लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाएगा। एडमिशन की अन्य प्रक्रिया 21 मई से प्रारंभ होगी।

### जिपं सीईओ ने मिशन जल रक्षा 2.0 के संबंध में ली बैठक

**राजनांदगांव 16 मई।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के सभी तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर मिशन जल रक्षा 2.0 के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ द्वारा ग्राम पंचायतों में भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में घटते जल स्तर पर विशेष ध्यान देते हुए शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर प्रत्येक ग्राम पंचायत का भू-जल संवर्धन मैप तैयार किया गया तथा अब तक किये गये कार्यों एवं भविष्य में किये जाने वाले कार्यों को प्रस्तावित कर भू-जल संरक्षण कार्ययोजना तैयार की गई। जिले में घटते भू-जल स्तर पर विशेष ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों में भू-जल संरक्षण कार्ययोजना के तहत वर्षा के जल को गांव में रोकने तथा भू-जल को वृद्धि के लिए संरचनाएं प्रस्तावित की जा रही है।

संपादकीय

# सीटों पर सब के अपने-अपने दावे हैं

लोकसभा चुनाव के चार चरण हो चुके हैं, 300 से ज्यादा सीटों पर मतदान हो चुका है। कोई बहुमत का दावा कर रहा है तो कोई दावा कर रहा है कि बहुमत नहीं मिलेगा। इस बार विचित्र बात यह है कि विपक्ष के सारे दल यह तो दावा कर रहे हैं कि भाजपा को कितनी कम सीटें मिलेंगी लेकिन विपक्ष का कोई दल यह दावा नहीं कर रहा है विपक्षी गठबंधन की सरकार बन रही है। मोदी व शाह के अब की बार चौर सौ पार के नारे के जवाब में राहुल गांधी ने सबसे पहले कहा कि भाजपा को बहुमत तो मिल ही नहीं सकता, भाजपा को अगर ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं हुई तो 180 सीटें मिलेंगी, इसके बाद उन्होने कहा था कि अब लगता है कि भाजपा को 150 सीटें मिलेंगी। इसके बाद प्रियंका गांधी ने कहा कि बहुमत से कम सीटें मिलेगी। अखिलेश यादव ने ने कहा है कि देश की 140 करोड़ जनता भाजपा को 140 सीटों पर रोक देगी। वही अंतरिम जमानत पर बाहर आए केजरीवाल ने कहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कम से कम 220 सीटें मिलेंगी।वही पीएम मोदी चौथे चरण के मतदान के बाद पूरे आत्मविश्वास से कह रहे हैं कि भाजपा को पूरे देश में इस बार अभूतपूर्व सफलता मिलेगी।वहीं अमित शाह ने कहा है कि चौथे चरण के मतदान के बाद भाजपा ने बहुमत का आंकडा पार कर लिया है, अब वह चार सौ पार करने का प्रयास करेगी। भाजपा में ऊपर से नीचे तक किसी को संदेह नहीं है कि इस बार चार सौ पार होगा। सब मानते है कि इस बात तो भाजपा की ही सरकार ननेगी। विपक्ष पहले तो यही संदेह जताता रहा कि भाजपा को 370 न एनडीए को 400 पार संभव नहीं है। क्योंकि इस बार तो भाजपा की सीटें कम होने वाली हैं। पीएम मोदी को चुनाव के महीनों पहले से कहते आ रहे हैं कि वह तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। राहुल गांधी को चुनाव के तीसरे चरण में जाकर समझ में आया कि इस बात का विरोध उनको करना चाहिए और वह अब कह रहे हैं कि मोदी इस बार पीएम नहीं बनेंगे। चाहे सीटों की बात हो या पीएम बनने की बात हो विपक्ष को भाजपा व मोदी की रणनीति बहुत देर में समझ आती है कि भाजपा व मोदी ऐसा कह रहे हैं तो इसका मतलब क्या है। इससे विपक्ष को क्या नुकसान होगा। यही वजह है कि चुनाव में भाजपा व पीएम मोदी विपक्ष से बढ़त बनाए हुए हैं। वह विपक्ष के हर चरण में आग है और जीत के प्रति आश्वस्त है। पीएम मोदी की सभा में उमड़ रही भीड़, काशी के रोड में उमड़ा जनसैलाब भी इस बात की पुष्टि करता है कि देश की जनता इस बार भी मोदी के साथ है, वह चाहती है कि मोदी ही तीसरी बार पीएम बनें। पीएम मोदी हर मौके का कैसा सुंदर उपयोग देश की जनता को संदेश देने के लिए करते हैं। इसका उदाहरण उन्होंने अपने नामांकन के प्रस्तावकों का चयन कर दिया। उन्होंने बताया कि वह सिर्फ बात नहीं करते हैं, वह अपने आचरण से वही करते हैं। पीएम मोदी ओबीसी. दलित के सम्मान की बात ही नहीं करते हैं,वह मौका आता है तो उनका सम्मान करके भी दिखातै हैं। यही उन्होंने अपने नामांकन के दौरान करके दिखाया। इस बार उनके प्रस्तावक में एक पंडित दो ओबीसी व एक दलित था। इसके जरिए उन्होंने तीनों समाज के लोगों को मैसेज दिया कि वह सभी का बराबर सम्मान करते है। वह कहते हैं कि देश उनका परिवार है तो वह मौके पर देश को अपना परिवार बनाकर भी दिखाते हें। वहीं राहुल गांधी भी चाहते तो अपने पस्तावक के तौर पर विभिन्न वर्ग के लोगों को बुला सकते थे, उनका सम्मान कर सकते थे लेकिन उन्होंने दूसरे वर्ग के लोगों को बुलाने की जगह अपने पविरार के लोगों को ही बुलाना उचित समझा। ऐसे में राहुल गांधी सभा में कितना भी औबीसी, दलित करते रहे, उनकी बात पर कोई यकीन नहीं करेगा कि यह आदमी हमारा सम्मान करता है, हमारे लिए कुछ करना चाहता है। पीएम मोदी ने अपने नामांकन व काशी के रोड शो को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया। मोदी जानते हैं इस तरह के आयोजन से मैसेज दिया जा सकता है, इसलिए वह हमेशा मैसेज देने के लिए बड़ा आयोजन करते हैं। उनके नामांकन में भाजपा व एनडीए के सभी नेता मौजूद थे, इससे देश में एकजुटता का संदेश दिया। कांग्रेस भी ऐसा कर सकती थी लेकिन वह कर नहीं पाई।

स्वास्थ्य

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# हाइपरटेंशन सबसे तेजी से बढ़ती जानलेवा बीमारी.....



हाइपरटेंशन या उच्च रक्तचाप, दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती जानलेवा बीमारियों की जननी है, जिससे लाखों लोगों की समय से पहले मौत हो जाती है। अनियंत्रित उच्च रक्तचाप से दिल का दौरा या स्ट्रोक, धमनीविस्फार, दिल की धड़कन रुकना, गुर्दे संबंधित समस्याएं, आंखों की समस्या, चयापचयी समस्या, मनोभ्रंश, स्मृतिदोष जैसी जटिलताएँ उत्पन्न हो सकती हैं। उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि साधारणत इसके लक्षण दिखाई नहीं देते और अचानक शरीर में आघात होता है। हर साल 17 मई को दुनियाभर में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने, स्थिति का शीघ्र पता लगाने को बढ़ावा देने और स्वस्थ भविष्य के लिए उच्च रक्तचाप के प्रभावी प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। सामान्य बीपी अर्थात रक्तचाप 120/80 या उससे कम होता है। हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) तब होता है जब रक्त वाहिकाओं में दबाव सामान्य से बहुत अधिक (140/90 या अधिक) होता है, यह शुरुआत होती है, लेकिन अगर इलाज न किया जाए तो यह गंभीर हो सकता है। रक्त पंप करने के लिए हृदय को सामान्य से अधिक दबाव सहन करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप का पता लगाने का एकमात्र तरीका अपने रक्तचाप की जांच करवाना है।

डब्ल्यूएचओ ने उच्च रक्तचाप के बारे में कुछ मुख्य तथ्य दर्शाए हैं, दुनिया भर में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 1.28 अरब वयस्कों को उच्च रक्तचाप है, जिनमें से अधिकांश (दो-तिहाई) निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। अनुमानित 46% वयस्क उच्च रक्तचाप से पीड़ित इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह समस्या है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे से भी कम वयस्कों (42%) का निदान और उपचार किया जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लगभग 5 में से केवल 1 वयस्क (21%) में यह स्थिति नियंत्रण में है। उच्च रक्तचाप दुनिया भर में असामयिक मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, जिससे प्रति वर्ष 75 लाख मौतें होती है, जो वैश्विक स्तर पर लगभग 30 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है। उच्च रक्तचाप में वैश्विक प्रभाव की स्थिति पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि, यदि उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे लोग भी अपने रक्तचाप को नियंत्रण में रखें तो भारत देश में 2040 तक कम से कम 46 लाख असमय होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 37 प्रतिशत भारतीयों का ही निदान हो पाता है और उनमें से केवल 30 प्रतिशत ही इलाज करा पाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में, देश में उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 15 प्रतिशत लोगों में ही यह स्थिति नियंत्रण में है। वास्तव में, इसमें कहा गया है, देश में दिल का दौरा जैसी हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होने वाली आधी से अधिक मौतों (52 प्रतिशत) का कारण उच्च रक्तचाप हो सकता है। जर्नल ऑफहाइपरटेंशन के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में उच्च रक्तचाप की समस्या सबसे अधिक है, लगभग 30 प्रतिशत भारतीय आबादी इससे पीड़ित है। हममें से 90 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे गलत खान-पान का सेवन कर रहे हैं, जो जानवरों के भी खाने लायक नहीं है। तैलीय, मसालेदार, नमकीन, मैदा, मीठा और प्रोसेस्ड भोजन हमारे शरीर में धीमे जहर की तरह काम करते हैं, जो हमें घातक बीमारियों से मौत के मुँह में धकेलते है। आधुनिकता और दिखावा मनुष्य के विनाश का कारण बन गया है, आधुनिकता केवल हमारे विचारों में होनी चाहिए, ये मनुष्य समझ ही नहीं रहा है, कि भौतिक सुख सब कुछ नहीं है। भौतिक सुख-सुविधा पर निर्भरता ने मनुष्य को काफी हद तक मानसिक और शारीरिक तौर पर कमजोर कर दिया है, जिससे मनुष्य की सहनशक्ति, विचारशक्ति क्षीण होकर तनाव, चिड़चिड़ापन, दुर्व्यवहार और स्वार्थीवृत्ति में लगातार वृद्धि हुयी है। इससे सामाजिक समस्याओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। बड़ी उम्र, आनुवंशिकी, अधिक वजन या मोटापा, शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना, अधिक नमक वाला आहार, बहुत अधिक धूम्रपान, शराब पीना जैसी स्थिति उच्च रक्तचाप होने का ख़तरा बढ़ाता है। ग्रामीण आबादी के मुकाबले सुविधा संपन्न शहरी जनसंख्या अधिक बीमारियों का बोझ ढोते है। शहर में विकास के नाम पर शरीर कमजोर हो गए है। प्रदूषण, तनाव, गलत खानपान, व्यसन, अनिद्रा, मिलावटखोरी, व्यायाम की कमी, संसाधनों पर निर्भरता अर्थात आधुनिक जीवनशैली ने शारीरिक और मानसिक तौर पर हमें बीमार बनाया है। अब हार्ट अटैक या स्ट्रोक उम्र देखकर नहीं बल्कि छोटे बच्चों से लेकर किसी को भी, कभी भी हो सकता है। प्रदूषित वातावरण इस हद तक बढ़ गया है कि गर्भावस्था के दौरान भी गर्भ में पल रहे बच्चों में विकलांगता और जानलेवा बीमारियों में वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य सम्बंधित बढ़ती समस्याओं के मूल कारण की ओर लोगों में विशेष जागरूकता नजर नहीं आती है। बीमारियां लगातार क्यों बढ़ रही है, इसके प्रति समाज और देश में बड़े पैमाने पर इतिहास रचने लायक जनजागृति और कड़े नियमों, कानूनों की आवश्यकता है। स्वास्थ्य से खिलवाड़ होने लायक कोई भी गतिविधि देश में नहीं होनी चाहिए, ये पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की है और सरकार को पूरा सहयोग करने की नैतिकता जनता की है। हाइपरटेंशन के रोकथाम में दवा और आधुनिक जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ अधिक हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल खाएं, ज्यादा देर तक लगातार बैठना टाले, शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहें, जैसे चलना, दौड़ना, तैरना, नृत्य करना या वजन उठाने जैसी ताकत बढ़ाने वाली गतिविधियां अपनी दिनचर्या में शामिल करें। अपने वजन को संतुलित रखें, तनाव को कम करके नियमित रूप से रक्तचाप की जाँच करें, समस्या हो तो योग्य उपचार करना आवश्यक है, चिकित्सक अनुसार देखभाल करें और औषधि लें। सकारात्मक विचारशैली, हेल्दी हॉबी, पोषक आहार, नशे से मुक्ति, स्वच्छता और रोजाना व्यायाम जैसी आदतें हमें बीमारियों से कोसों दूर रखती है। आज के युग की समस्या की सबसे बड़ी जड़ अर्थात झूठा दिखावा और लोगों से ज्यादा अपेक्षाएं है जो इंसान की सोच को कमजोर करती है, अगर हम ऐसे बेमतलब की बातों से दूर रहेंगे तो हम भावनात्मक रूप से मजबूत बनेंगे, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। निस्वार्थ परोपकार, समाज सेवा, प्रकृति और जानवरों से प्रेम, देश और समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारियों को निभाने से मानसिक शांति और आंतरिक संतुष्टि मिलती है कि हम इंसान बनकर जी रहे हैं, जो आज के समय में बहुत आवश्यक है, यह तनाव मुक्त जीवन जीने का एक आसान तरीका है।




## आज का राशिफल

मेष राशि-आपके लिए आज का दिन उम्मीदों से भरा रहेगा। आपके कामकाजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। आपकी पदोन्नति या नई नौकरी मिलने के योग हैं। आपके जीवन में खुशहाली आएगी। आप किसी बड़ी संपत्ति में निवेश करेंगे। आपके आय में वृद्धि होगी साथ ही आप आमदनी के नए अवसर भी खोजेंगे। आपके कार्यों में देरी हो सकती है। लेकिन आप अपने परिवार और कामकाज में संतुलन बनाएंगे।

वृष राशि-आज आपका दिन खास रहेगा। आज आप कुछ नई बातें सीखेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों के लिए अच्छा समय है। आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। इस दौरान आपको अपने कौशल के दम पर नौकरी मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपको लग्जरी चीजों का लाभ उठाने का भरपूर मौका मिलेगा।? आप किसी नए रिश्ते की शुरुआत भी कर सकते हैं। लेकिन आपको बहुत ही समझदारी से आगे बढ़ना होगा। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

मिथुन राशि-आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह आपको प्रसन्नता होगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

कर्क राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको जीवन में कुछ नए अवसर मिलेंगे। जो आपकी पर्सनल लाइफ के लिए अच्छे रहेंगे। अभी आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं या पदोन्नति पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे, तो आपकी योजनाएं सफल होंगी। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। थोड़ी और मेहनत से सफलता मिलेगी। आज आपको अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरुरत है। पारिवारिक जीवन खुशहाल बना रहेगा।

सिंह राशि-आज का दिन उत्साह भरा होगा। इस राशि के लोगों को अपने विरोधियों से जीत हासिल होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आज आपको कर्जमाफी से लाभ भी मिल सकता है। आज हो सके तो नये कामों को शुरूआत कर दें, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। आज ऑफिस में कार्यों के प्रति अपने मत रखने में दिक्कतें आएंगी, बेहतर यही होगा की आज आप अपनी राय देने से बचें। दोस्तों के साथ घूमने का प्लान आज कैंसिल करना पड़ सकता है।

कन्या राशि-आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप आज आशावादी बने रहेंगे। आपका सोशल सर्किल बेहतर होगा। साथ ही दूसरों के साथ बातचीत करने के कौशल में भी सुधार होगा। आज आप किसी की मदद भी कर सकते हैं। सामने आयी समस्याओं को सुलझाने में आप सफल साबित होंगे। व्यापार में आज अधिक धन लाभ की संभावना है। जो नौकरी पाने के इच्छुक हैं उन्हें सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को नये अवसर मिलेंगे। इस राशि के प्रतियोगिता परीक्षा देने वाले जातकों को बेहतर परिणाम मिलेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नई रणनीति बनाएंगे। इससे आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके किसी प्रोजेक्ट की प्रशंसा भी होगी। जो लोग काफी दिनों से नौकरी के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उनके लिए दिन शुभ है। कोई अच्छी खबर मिलेगी। व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको कोई नई जानकारी मिलेगी, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज कार्यों में बदलाव करने से बचे। अगर व्यवसाय में कोई नया काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो उससे संबंधित और अधिक जानकारी हासिल करना जरूरी है। आज आपके घर में किसी आयोजन को लेकर उत्साह रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज अचानक मित्र से मुलाकात होगी। आप उनसे करियर को लेकर विचार विमर्श भी करेंगे। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक तथा आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। आज आपको सुखद जीवन जीने के लिए कई अवसर मिलने वाले हैं। आप अपने लक्ष्यों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। उन्हें पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। रिश्तेदारों के आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों का स्नेह व आशीर्वाद अवश्य लें तथा उनका मान-सम्मान व आदर करें। आज आपको अपने व्यवहार में कुछ सुधार लाने की भी जरूरत है।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके कार्यों के लिए कारगर साबित होगी। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें, काम सुचारू रूप से बनते जाएंगे। आज सहज तरीके से अपने कार्यों को व्यवस्थित करते चलें। आज घर में शांति पूर्ण माहौल रहेगा। आप किसी जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे जहां आपकी मुलाकात किसी परिचित से होगी।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। आज परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जायेगा। आज किसी विशेष स्थिति में अपने जीवनसाथी को सलाह जरूर दें।

अजय प्रताप सिंह

# सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा

देश इन दिनों चुनावी माहौल में डूबा हुआ है। इस बीच कुछ आपराधिक संगठन या अराजक तत्वों द्वारा राजधानी दिल्ली और दिल्ली से सटे कई शहरों के करीब सौ स्कूलों में धमकी भरा ईमेल भेजा गया।

इसमें इन शैक्षणिक संस्थाओं को निशाना बनाते हुए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों की गहन जांच-पड़ताल में यह अफवाह साबित हुई हैं।

इससे पहले दिसम्बर, 2023 में बेंगलुरु के करीब 44 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पुष्प विहार स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में फरवरी, 2024 में ईमेल बम की धमकी से हड़कंप मच गया था। पिछले साल मई में मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को धमकी भरा ईमेल मिला था। ईमेल बम और कॉल बम की घटनाएं आम होती जा रही हैं।साल 2016 के मार्च महीने में जेट एयरवेज की छह फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। अप्रैल, 2023 में डिफेंस कॉलोनी स्थित इंडियन स्कूल में हॉक्स कॉल मिली थी। आये दिन देश के किसी न किसी कोने से ऐसी घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं। ऐसी ही कई घटनाएं हुई जिनमें अज्ञात लोगों द्वारा सरकारी तंत्र, स्कूल, कॉलेज को मेल बम, कॉल बम के जरिए धमकाने का काम किया गया। हालांकि ईमेल बम या कॉल बम की धमकी अधिकांशतः जांच-पड़ताल में फर्जी अफवाह फैलाने तक सीमित पाई गई।

ईमेल बम और कॉल बम के अतिरिक्त कई अन्य माध्यमों से भी शैक्षणिक संस्थानों को निशाना बनाया जाता है। शैक्षणिक संस्थाओं पर साइबर हमले किए जा रहे हैं। 'साइबर थ्रेट टार्गेटिंग द ग्लोबल एजुकेशन सेक्टर' नामक रपट में दावा किया गया है कि भारतीय शैक्षणिक संस्थानों पर साइबर हमलों की आशंका सबसे ज्यादा है। हालांकि अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश भी साइबर आक्रमण-प्रवण हैं। शैक्षणिक संस्थाओं पर साइबर हमले के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो पिछले महीने दक्षिण मुंबई स्थित एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल में ईमेल के जरिए साइबर धोखाधड़ी से 87.26 लाख ठगने का काम किया गया। हालिया दिनों में साइबर हमलों के मामले में शिक्षा संस्थान सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। एक अध्ययन के मुताबिक पिछले साल अप्रैल और जून के बीच शिक्षा क्षेत्र को सात लाख से अधिक साइबर हमलों का सामना करना पड़ा। साल 2022 के शुरु आती महीनों में वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों पर साइबर हमले अधिक हुए। पिछले साल कुल साइबर हमलों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों को 58 फीसद निशाना बनाया गया।

इनमें देश के विभिन्न ऑनलाइन शैक्षणिक संस्थान और प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान, तकनीकी शिक्षा निदेशालय भी शामिल थे। हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी साइबर रैंसमवेयर हमले से नहीं बच पाए हैं। देश में तेजी से डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ते शिक्षण संस्थानों में साइबर हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत समेत पूरी दुनिया के शैक्षणिक संस्थानों को रैंसमवेयर वॉयस ने घेर रखा है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद साइबर खतरे तेजी बढ़े हैं। शैक्षणिक संस्थानों में ऐसी अफवाह फैलाने वालों का उद्देश्य क्या हो सकता है? क्या वे इन संस्थानों के आधार को कमजोर करना चाहते हैं, या अभिभावकों और छात्रों को शिक्षा के प्रति भयभीत करने का इरादा है। ईमेल बम से छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है, ऐसे लोगों का मकसद कुछ भी हो सकता है। देश के शैक्षणिक संस्थानों को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। इस प्रश्न का जवाब तो सुरक्षा एजेंसियों के पास भी नहीं मिलेगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शैक्षणिक संस्थान ईमेल बम, कॉल बम और विभिन्न साइबर हमलों को लेकर कितने मुस्तैद हैं। केंद्र और राज्य स्तर पर सभी शैक्षणिक संस्थानों को अपने यहां बाह्य और आंतरिक अपराध निवारण कक्ष का निर्माण करना चाहिए।

शिक्षण संस्थानों की वेबसाइट, ईमेल अड्रेस के साथ ही सभी संपर्क लिंक को केंद्र और राज्यों के मुख्य साइबर अपराध निवारण केंद्र से लिंक करना चाहिए। स्कूल-कॉलेजों में स्वचालित सॉफ्टवेयर स्कैन और ईमेल फिल्टर सॉफ्टवेयर का उपयोग करना चाहिए ताकि किसी भी संदिग्ध संदेश या कॉल से बचा जा सके। स्कैन और फिल्टर सॉफ्टवेयर निर्धारित करेगा कि कौन-सा कॉल, ईमेल उपयोगी है और कौन-सा अनुपयोगी। अनुपयोगी ईमेल और कॉल को ब्लॉक करके मुख्य अपराध निवारण केंद्र तक सचूना पहुंचाई जा सकती है।

प्रकृति चिंतन

संजीव ठाकुर

# वनों का विनाश मानव भविष्य के लिए विनाशकारी

वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं।

विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं ।इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिंबाब्वे, सीरिया,लीबिया,



सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन,रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है। दूसरी तरफ विकसित और अमीर देशों में भी लाइन लगती है, लेकिन वहां पर विडंबना यह है कि यह लाइन रोटी के लिए नहीं बल्कि आईफोन, स्मार्टफोनऔर गैजट्स के लिए लगाई जाती है।

अनेक गरीब देशों में सबसे बड़ा संकट विकास बनाम पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लेकर सामने आया है। जहां यह देश विकास की इच्छा तो रखते हैं पर दूसरी और विकसित देश गरीब देशों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दे कर इनके संसाधनों पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। जिससे इनके अस्तित्व तथा संप्रभुता पर गहरी चोट लगती है। यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। विकासशील देशों को पर्यावरण संरक्षण जैसी बातें गरीबी के सामने एक चुनौती के रूप में दिखाई देती है। यदि ये देश भुखमरी, गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसे समस्याएं को सुलझाना चाहते हैं तो दूसरी तरफ पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलन बिठाना कठिन हो जाता है। आज विकसित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अन्य अमीर यूरोपीय देश पर्यावरण संतुलन की बात तो करते हैं पर जहां तकनीकी मदद या संरक्षण की बात को तो यह अपना हाथ पीछे खींचने में भी नहीं चुकते हैं। गरीब तथा विकासशील देश जब भी विकास को प्राथमिकता देने का प्रयास करते हैं तो इसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण को क्षति होना लाजमी होता है। इसके अलावा इन्हें वैश्विक महाशक्तियों के दबाव भी झेलने पड़ते हैं। गरीब देशों के उत्पादों को खरीदने में बड़े बाजार या यूं कहें कि विकसित राष्ट्र गुणवत्ता की कमी,तकनीकी कमी कहकर तिरस्कृत तथा वापस करने से नहीं चूकते हैं। इस मामले में विकसित राष्ट्र का विकासशील,गरीब राष्ट्र के बीच एक गहरी खाई बन चुकी है और संयुक्त राष्ट्र संघ मूकदर्शक बना इस मामले में हाथ में हाथ धरे बैठा रहता है। बड़ी जनसंख्या वाले देश जैसे भारत इंडोनेशिया एवं एशिया के अन्य देश विकसित राष्ट्रों के लिए एक बड़ा बाजार जरूर है, पर वहां पर भूखमरी और जलवायु परिवर्तन के मामले में ये सभी बड़े तथा विकसित राष्ट्र खामोश रहते हैं। विकासशील तथा निर्धन देशों में गरीबी, भुखमरी तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण गृह संघर्ष, जातीय संघर्ष,मानव अधिकार उल्लंघन, शरणार्थी समस्या, उग्रवाद, आतंकवाद आदि गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं और और इनकी स्थितरता में बड़ी कमी आई है। पिछले विगत कुछ समय एक घटनाक्रमों से शरणार्थी संकट ग्रह संघर्ष के विस्थापन अकाल बाढ़ तथा आतंकवाद मैं चिंताजनक वृद्धि हुई है, और यह सब पूरे विश्व के लिए चुनौती बन गया है। यह अलग बात है कि विकासशील राष्ट्रों की कमजोर क्षमता के कारण यह चुनौती उन देशों को बड़ी विकराल लगती है क्योंकि इससे पूंजीगत संसाधनों में बड़ी क्षति होती है जिस का संतुलन करना वहां की सरकारों पर बहुत भारी पड़ जाता है। गरीबी रेखा के नीचे लोग ज्यादा जीवन यापन करने लगते हैं। वैश्विक स्थिति का अध्ययन करें तो गरीबी भूखमरी जलवायु परिवर्तन से लड़ना किसी एक देश के लिए संभव प्रतीत नहीं होता, क्योंकि यह वैश्विक समस्या है। इसे सम्मिलित रूप से ही प्रयास कर समाप्त किया जा सकता है। यह तो तय है कि विकासशील राष्ट्रों को उन्नत बनाने तथा विकसित करने में बड़े तथा सक्षम राष्ट्रों को इन छोटे तथा गरीब देशों की तकनीकी विज्ञान और पूंजीगत सहायता प्रदान करनी चाहिए। अपने महंगी खर्चीली परमाणु तथा अणु बम तथा मिसाइल बनाने की योजनाओं को एक तरफ रख विकासशील राष्ट्रों की खुलकर मदद करनी चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में ही वैश्विक भुखमरी गरीबी एवं जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटा जा सकता है। भारतीय संदर्भ में यह जरूर कहा जा सकता है कि विगत 10 वर्षों में जलवायु परिवर्तन तथा गरीबी उन्मूलन पर बहुत ज्यादा प्रयास कर नई नई योजनाएं बनाई गई हैं। जैसे राष्ट्रीय हरित मिशन, राष्ट्रीय सतत पर्यावास मिशन, राष्ट्रीय ऊर्जा संवर्धन मिशन पर बहुत सारी योजनाये बनाकर कार्य किया गया है। भारत देश अपनी योजनाओं में छोटे विकासशील राष्ट्रों को भी शामिल किया है और उनकी खुलकर मदद कर रहा है, यह विकसित राष्ट्रों के लिए एक उदाहरण भी है कि उन्हें छोटे तथा गरीब राष्ट्रों को खुलकर मदद करनी चाहिए।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जवाहर नगर वार्ड में निकाली जनजागरूकता रैली

**जगदलपुर, 16 मई।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर गुरुवार को कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से जगदलपुर शहर के जवाहर नगर वार्ड में जनजागरूकता रैली निकाली गई और डेंगू मलेरिया से बचाव एवं उपचार के प्रति सतर्कता बरतने की अपील नागरिकों से की गई। इस जनजागरूकता रैली में जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों सहित नर्सिंग छात्राओं और मितानिनों-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस मौके पर कला जत्था दल द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर डेंगू मलेरिया से बचाव के उपाय एवं उपचार सम्बन्धी प्रेरक सन्देश दिया गया। साथ ही मितानिनों द्वारा नाटक प्रस्तुत कर डेंगू मलेरिया से बचाव सम्बन्धी सन्देश दिया गया। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके चतुर्वेदी एवं एसडीएम श्री भरत कौशिक द्वारा उपस्थित सभी लोगों को डेंगू मलेरिया से बचाव हेतु अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखने,घर में कूलर, पुराने टायर, गमले इत्यादि में पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरों के पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करने के साथ ही सोने के दौरान मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर नागरिकों को डेंगू मलेरिया से बचाव सम्बन्धी पेम्पलेट-ब्रोसर वितरित किया गया।




### डेंगू मलेरिया से बचाव ही है उपचार

इस दौरान नागरिकों को अवगत कराया गया कि डेंगू एवं चिकनगुनिया वेक्टर जनित रोग है। संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में रोग संक्रमण होता है। मादा एडिस मच्छर डेंगू एवं चिकनगुनिया वायरस का वाहक है जो कि घर में तथा घर के आसपास जमा हुआ साफ पानी में पनपता है। यह मच्छर दिन में काटती है। संक्रमित एडिस मच्छर के अंडे भी संक्रमित होते हैं और पानी के संपर्क में आने पर यह अंडा विकसित होकर संक्रमित मच्छर बन सकते हैं। डेंगू रोग के मुख्य लक्षणठंड लगने के साथ अचानक तेज बुखार आना,सिर और मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द होना,आँखों के पिछले भाग में दर्द होना,जी-मितलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह तथा मसूड़ों से खून आना तथा त्वचा पर चकते उभरना है। डेंगू मलेरिया से प्रभावित होने की स्थिति में तत्काल निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय या मेडिकल कालेज अस्पताल में डेंगू मलेरिया की जांच के साथ ही उपचार करवा सकते हैं। डेंगू रोगी के उपचार एवं प्रबंधन की दिशा में डेंगू बुखार हेतु कोई दवा विशेष रूप में प्रभावी नहीं है। रोगी को लक्षण अनुसार उपचार दिया जावे। रोगी को बेड रेस्ट की सलाह दिया जावे। बुखार कम करने हेतु एंटीपायरेटिक जैसे कि पैरासिटामोल का उपयोग किया जावे। दर्द निवारक दवाइयों के उपयोग हेतु चिकित्सक की सलाह अनिवार्यतः ली जावे। रोगी को पर्याप्त तरल पदार्थ का सेवन करने हेतु सलाह दी जावे। डेंगू रोग के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है। यह मच्छर साफ पानी जैसे कि गमला, कूलर, टंकी, फ्रीज-ट्रे, अनुपयोगी बर्तन, नारियल खोल, पशु-पक्षी के पानी पीने का बर्तन, अनुपयोगी वाहन आदि में जमा पानी में पनपते हैं अतएव पानी जमा होने न देवें। पानी संग्रहण बर्तनों को सप्ताह में एक बार अच्छी तरह साफ करें एवं पानी संग्रहण पश्चात बर्तनों को ढक कर रखें। शरीर को पूरी तरह ढकने वाले पोशाक पहनें और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें। घरों के आसपास पानी जमा होने वाले वस्तुओं जैसे नारियल के खोल, पुराने टायर, डिस्पोजेबल बर्तन, टूटे-फूटे बर्तन आदि को नष्ट किया जाए। समुदाय की सक्रिय सहभागिता से ही डेंगू के संक्रमण को रोकथाम किया जा सकता है।

## एक नजर

### अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए समाधान शिविर 22 मई को

**कांकेर, 16 मई।** राज्य शासन के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन आगामी 22 मई को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। उक्त शिविर में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण मौके पर किया जाएगा।

अपर कलेक्टर श्री एस.अहिरवार की अध्यक्षता में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु गठित समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्संबंध में जानकारी प्राप्त कर प्रकरणों का संकलन किया गया। उन्होंने बताया कि अनुकम्पा नियुक्ति हेतु विभिन्न विभागों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें स्कूल शिक्षा विभाग के 22, स्वास्थ्य विभाग के 04, राजस्व, पशु चिकित्सा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कृषि एवं आदिवासी विकास विभाग के 02-02 और वन विभाग का 01 आवेदन प्राप्त हुआ है। अपर कलेक्टर ने बताया कि उक्त प्रकरणों के अलावा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु यदि कोई पात्र अभ्यर्थी जो संबंधित पद की शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता रखता है, वह मौके पर उपस्थित होकर आवेदन कर सकता है। साथ ही यह भी बताया गया कि जिन आवेदकों के पास वांछित दस्तावेज जैसे जाति प्रमाण-पत्र, निवास, वारिसान आदि प्रमाण पत्र नहीं हैं, वे समाधान शिविर में उपस्थित होकर तत्काल तैयार करा सकते हैं। अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिविर में आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर, 16 मई ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा 'छत्तीसगढ़ माओवाद उन्मूलन नीति' में उल्लेखित प्रावधान के तहत माओवादी हिंसा में मारे गए जिले के दो व्यक्तियों के आश्रितों के लिए पांच-पांच लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इनमें पखांजूर तहसील अंतर्गत ग्राम मोरखण्डी के मृतक श्री मनोज कोवाची की पत्नी श्रीमती प्रमिता कोवाची के लिए पांच लाख रुपए और मृतक श्री कुल्ले राम कतलामी की पत्नी श्रीमती नीला बाई कतलामी के लिए पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है।इसी प्रकार कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अंतागढ़ तहसील के ग्राम भैंसगांव निवासी श्री इतवारू उइके के नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती लच्छोन्तीन के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जहर देकर तेंदुए का शिकार, शरीर के कुछ अंग गायब मिले

**कोरबा 16 मई ।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कटघोरा वन मंडल के चैतमा रेंज के राहा बीट में जहर देकर एक तेंदुए की हत्या कर दी गई है। तेंदुए के शरीर से कुछ महत्वपूर्ण अंग गायब पाए गए हैं। कटघोरा के डीएफओ कुमार निशांत ने घटना की पुष्टि की है।डीएफओ कुमार निशांत ने मोबाइल पर बताया कि बुधवार को दोपहर में चैतमा रेंज के राहा बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक पी 25 में एक तेंदुए का शव मिलने की सूचना ग्रामीणों से प्राप्त हुई। सूचना पाकर उन्होंने सी एफबिलासपुर को जानकारी दी और विभागीय स्टाफके साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण करने पर तेंदुआ के शरीर से कुछ अंग गायब पाए गए। तेंदुआ के शव का पोस्ट मार्टम कराया गया जिसमें तेंदुआ की मौत जहर से होने का पता चला है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। रायपुर से दाग स्क्वायड भी बुलाया गया है।

### एकलव्य विद्यालय की कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 18 मई को

**जगदलपुर, 16 मई ।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में सीधे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर जिले के 06 विकासखण्डों के 08 परीक्षा केन्द्रों पर 18 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे (02 घण्टे) तक होगा। इस परीक्षा हेतु विकासखण्ड जगदलपुर के निर्मल हायर सेकेण्डरी स्कूल जगदलपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर 2125 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। पात्र विद्यार्थी एकलव्य विद्यालय की वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/PRMS/Student.Admission.Detail के माध्यम से आवेदन क्रमांक एवं मोबाईल नंबर की सहायता से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड करने में किसी तरह की कठिनाई होने पर पात्र विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र हेतु अपने विकासखण्ड के मण्डल संयोजक एवं एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 18 मई से 7 जून तक

**कांकेर, 16 मई ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 मई से 07 जून 2024 तक समय सुबह 6.00 बजे से 8.00 बजे तक एवं सायंकाल 5.00 बजे से 7.00 बजे तक शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में तैयारी को लेकर आज कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग में समन्वय बैठक डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में जिले के समस्त खेल संघ के पदाधिकारी एवं व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। जिला खेल अधिकारी श्री संजय जैन ने बताया की इस वर्ष जिला स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर में फुटबॉल, कराटे, खो-खो, एथेलटिक्स, हैण्डबॉल, व्हालीबॉल और बैडमिंटन का प्रशिक्षण संबंधित खेल के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था के साथ प्रशिक्षक की व्यवस्था, प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों के लिए शुद्ध पेयजल, पौष्टिक आहार आदि की व्यवस्था विभाग द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु 8 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक व बालिका आयु सीमा मय दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आयु प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा ऐसी दस्तावेज जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित होना आवश्यक है। प्रशिक्षणार्थी जिस खेल में भाग लेना चाहते है, उन खेलों से संबंधित प्रशिक्षण स्थल अथवा कार्यालय खेल अधिकारी,

### अनुकम्पा नियुक्त के लंबित प्रकरणों पर आवश्यक कार्रवाई कर करें निराकृत:अपर कलेक्टर



**जगदलपुर, 16 मई ।** जिले में अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा बैठक लेकर अपर कलेक्टर एवं नोडल अनुकम्पा नियुक्ति श्री सीपी बघेल ने कहा कि संबधित विभाग अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करें। जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के सर्वाधिक लंबित प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेजों की कमियों को दूर कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस हेतु पक्षकारों से सतत संवाद कर दस्तावेजों की कमीपेशी को दूर कर उनको लाभ देने कहा गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्णा,वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री संजय सोनवानी सहित पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे ।

### एचटीपीपी संयंत्र से की दीवार फांद कर स्क्रैप की चोरी

**कोरबा , 16 मई ।** हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीपी) के स्क्रेप यार्ड में दीवाल कूद कर अंदर प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने लोहे का सामान पार कर दिया। सीसीटीवी में फुटेज आने पर सुरक्षाकर्मियों ने मामले की शिकायत पुलिस के समक्ष की। विवेचना के बाद पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर सामान जब्त किया। विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीपी संयंत्र में 1×-14 मई की रात अज्ञात लोगों ने घुस कर सामान पार कर दिया। 14 मई को संयंत्र के सुरक्षा निरीक्षक रामाश्रय ध्रुव 46 वर्ष निवासी सीएसईबी कालोनी ने स्क्रेप यार्ड का निरीक्षण किया, तो यार्ड में लोहे के स्क्रैप के कुछ सामान दिखाई नहीं दिए। चोरी होने की आशंका पर कार्यालय में लगे सीसीटीवी देखा, तो स्क्रैप यार्ड में बाउंड्रीवाल से कुछ लोग 1×-14 मई की रात दीवाल फांद कर अंदर घुसे और स्क्रैप यार्ड से लोहे का पाइप, एक्सेल लोहे के चादर, लोहे के गोल मशीन में सामान लगभग 10 क्विंटल चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दिए। इस पर सुरक्षा निरीक्षक ध्रुव ने मामले की शिकायत दर्री थाना में दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने धारा 457, ×80 के तहत कायम कर विवेचना में लिया। थाना प्रभारी दर्री विनोद सिंह की अगुवाई में दर्री पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपितों की पतासाजी शुरू की। सूचना मिलने पर पुलिस ने शंकर वर्मा 28 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, तो उसने संयंत्र के अंदर से चोरी करना स्वीकार किया। शंकर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अन्य सात आरोपित हरीश केवट 27 वर्ष, राजा पवार 24 वर्ष, विशाल केवट 19 वर्ष, राकेश सुनानी 20 वर्ष, यशवंत सिंह 20 वर्ष, प्रमोद सिंह 22 वर्ष, मनीष कुमार केवट 22 वर्ष सभी निवासी कल्मीडुग्गू दर्री थाना दर्री को गिरफ्तार किया।

## समाचार संक्षेप

### सप्ताह में तीन दिन यथावत रहेगी वेव्हपूल की सुविधा

**कोरबा 16 मई।** विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) स्थित वेव्हपूल की सुविधा आमनागरिकों को सप्ताह में तीन दिन रविवार, मंगलवार व शुक्रवार को यथावत जारी रहेगी। प्रथम पाली में सुबह 09 बजे से 10.×0 बजे तक केवल परिवार व महिलाओं के लिए वेव्हपूल खुला रहेगा, वहीं द्वितीय पाली में सुबह 11.×0 बजे से दोपहर 01 बजे तक केवल पुरूष वर्ग के लिए वेव्हपूल खोला जाएगा। वेव्हपूल के उपयोग हेतु निर्धारित शुल्क का टिकट लेना अनिवार्य है तथा वेव्हपूल का निःशुल्क उपयोग नहीं किया जा सकेगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा गर्मी के इस मौसम में आमनागरिकों को कृत्रिम रूप से उत्पन्न की गई पानी की लहरों का आनंद उठाने के लिए सी.एस.ई.बी.चैक के समीप स्थित विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) में वेव्हपूल का संचालन किया जा रहा है। महिलाओं, परिवारजनों व पुरूष वर्ग आदि की सुविधा को ध्यान में रखकर निगम द्वारा वेव्हपूल का संचालन दो पालियों में कराया जा रहा है। प्रथम पाली में सुबह 09 बजे से 10.×0 बजे तक केवल परिवार व महिलाओं के लिए वेव्हपूल खोला जाएगा तथा द्वितीय पाली में सुबह 11.×0 बजे से दोपहर 01 बजे तक केवल पुरूषों के लिए वेव्हपूल संचालित होगा। वर्तमान में बढ़ती गर्मी के कारण वेव्हपूल का उपयोग करने वालो की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हो रही है तथा आमजन सपरिवार वेव्हपूल का आनंद उठाने पहुंच रहे हैं।

**वेव्हपूल हेतु टिकट निर्धारित** - वेव्हपूल के उपयोग हेतु टिकट लेना अनिवार्य है तथा वेव्हपूल का निःशुल्क उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। टिकट की निर्धारित दरों के अनुसार 11 वर्ष से कम उम्र के ब'चों के लिए 50 रूपये का टिकट तथा बड़ों के लिए 75 रूपये का टिकट लेना होगा। प्रथम पाली हेतु सुबह 08 बजे से एवं द्वितीय पाली हेतु सुबह 10.×0 बजे से टिकट काउंटर पर टिकट प्राप्त की जा सकती है।

**प्रथम पाली की टिकट केवल महिलाएं ले सकेंगी** - चूंकि प्रथम पाली में केवल परिवार के साथ आने वालों एवं महिलाओं के लिए ही वेव्हपूल की सुविधा निर्धारित की गई है, अतः प्रथम पाली की टिकट केवल महिलाएं ही ले सकेंगी, वे अपने स्वयं के लिए तथा अपने परिवारजनों के लिए टिकट प्राप्त करेंगी। निगम द्वारा प्रथम पाली में वेव्हपूल का उपयोग करने वालों से अपील की गई है कि टिकट काउंटर से केवल महिलाएं ही टिकट लें तथा व्यवस्थाएं बनाए रखने में सहयोग करें।

### मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली ने किया मातृत्व दिवस पर माताओं का सम्मान

**कोरबा 16 मई।** कोरबा जिले में युवा मंच दर्री जमनीपाली द्वारा कोरबा सेवा भारती द्वारा संचालित मातृ छाया में उपस्थित सभी माताए जो छोटे ब'चों की अनवरत देखभाल करती है उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित मंच साथियों को सेवा भारती द्वारा संचालित किए जा रहे सभी कार्यों से मातृ छाया के सहसचिव अभिषेक शर्मा ने अवगत करवाया। मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया की मातृत्व दिवस का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की सभी शाखाओं में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है, इसी कड़ी में दर्री जमनीपाली शाखा ने मातृत्व दिवस का कार्यक्रम मातृ छाया कोरबा में मनाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित मंच के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक नीरज अग्रवाल ने उपस्थित सभी ब'चो की देखभाल करने वाली माताओं के सेवा कार्यों को सराहा। प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल एवं शाखा अध्यक्ष पारस अग्रवाल ने मंच के कार्यों से उपस्थित सेवा भारती के पदाधिकारियों को अवगत करवाया।प्रांतीय संयोजक अंजय अग्रवाल ने सेवा भारती द्वारा चलाए जा रहे एक निस्वार्थ सेवा मोक्ष रथ की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मातृत्व दिवस पर सभी माताओं ने भी मंच को साधुवाद कहा की कोई ऐसी संस्था भी है जो इस दिवस को इस प्रकार मनाती है। संस्था में मंच साथी जय अग्रवाल का भी जन्मदिन सभी के बीच मनाया गया और केक काटा गया। इस अवसर पर मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय संयोजक नीरज अग्रवाल, प्रांतीय सयुंक मंत्री सुमित अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक अंजय अग्रवाल, प्रांतीय सहसंयोजक विकास अग्रवाल, सदस्य जय अग्रवाल, सत्या सिंघानिया, मनीष अग्रवाल कोरबा शाखा से अध्यक्ष विकास मित्तल, सचिव दीपक अग्रवाल, सेवा भारती मातृ छाया से सहसचिव अभिषेक शर्मा एवं मयंक उपस्थित रहे।

### शासन की योजनाओं का लाभ लें:कलेक्टर

**जगदलपुर 16 मई ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि राज्य शासन द्वारा जनकल्याण की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन किया जा रहा और पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर दिया जा रहा है इसका लाभ लें। यदि रोजगार की तलाश में पलायन करके अन्य राज्य जाने की स्थिति में भी ग्राम पंचायत में स्थित पलायन पंजी में जानकारी दिया जाना चाहिए। उक्त बातें कलेक्टर ने बुधवार को कर्नाटक राज्य से प्रशासन की मदद से वापस लाए गए कोलेंग क्षेत्र के 13 मजदूरों से मुलाकात के दौरान कही। वापस लाए गए मजदूरों ने बताया कि अधिक मजदूरी की लालसा में सुकमा होते कर्नाटक राज्य के चित्रदुर्गा पहुंचे थे, जहां पर 05 लोग टेंट के कार्य और 08 लोग सुपारी के बगीचे में काम किया करते थे। लेकिन उन्हें तीन-चार महिने का मेहनताना नहीं दिया गया था और अपने घर वापस आने के लिए रोका जा रहा था। मजदूरों का जिला प्रशासन बस्तर से संपर्क होने पर प्रशासन ने कर्नाटक राज्य के संबंधित जिला के प्रशासन और पुलिस विभाग से समन्वय कर श्रम विभाग के माध्यम से वापस लाया गया। इसके अलावा मजदूरों को कर्नाटक राज्य की शासकीय दर 14 हजार 100 रूपए (मासिक दर) नियोजक से मजदूरों को भुगतान करवाया गया। 13 श्रमिकों को 05 लाख 93 हजार 500 रूपए ठेकेदार से भुगतान की कार्यवाही करवाई की गई। मजदूरों ने कलेक्टर से मिलकर मजदूरी भुगतान और घर वापस लाने के लिए आभार व्यक्त किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, संयुक्त कलेक्टर श्री सुनील शर्मा, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### रेडियोग्राफर के सत्यापन उपरांत वेतन आहरण के निर्देश

**कोरबा, 16 मई ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी-उपरोड़ा में पदस्थ रेडियोग्राफर श्रीमती सूरजमनी नीलम के वेतन आहरण के संबंध में खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी-उपरोड़ा को निर्देशित किया गया है कि वे रेडियोग्राफर श्रीमती सूरजमनी नीलम की मासिक उपस्थिति पंजी प्रतिमाह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को 20 तारीख तक प्रेषित करेंगे और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सत्यापन व लिखित सूचना उपरांत ही उक्त कर्मचारी का वेतन आहरण करना सुनिश्चित करेंगे।

# समर कैंप में बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य का राज बताया गया



**तिल्दा नेवरा, 16 मई।** अच्छे संबंधों का होना भी अच्छे स्वास्थ्य का संकेत है . ध्यान करने से जो हमारी बुद्धि जल्दी जल्दी चीजों को भूल जाती है वो कम हो जाएगी। उसके बुरे बच्चों ने अपने सवालों के माध्यम से या कुछ विषयों पर डॉक्टर से जानकारी ली।दूसरे सत्र में बच्चों की नृत्य या गायन प्रतियोगिता थी जिस्मे बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिसाब लिया या अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया..

समर कैंप में बच्चों ने जाना अच्छे स्वास्थ्य का राज - ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा छठे दिन तिल्दा में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ बच्चों को अल्ट्राटेक सीमेंट्स बैकुंठ की डॉ. गौरी से मिलने का मौका मिला। बच्चों ने जाना स्वस्थ रहने का राज जीवन के लिए। डॉ. गौरी ने बच्चों से बात करते हुए विस्तार से समझा कि जंक फूड्स उन देशो में प्रयोग किया जाता है जहां 12 महीने ठंडी ही होती है मैं और उनको खाना प्रिजर्व करके रखना होता है . हमारे जैसे गरम देशो में ब्रेड जैसी चीज, जल्दी ही फंगस या बैक्टीरिया को पनपने का स्थान बन जाता है। तो हमको घर की ताजी बनी हुई चीज जैसे कि उपमा, डोसा, इडली, पोहा, सब्जी रोटी, दलिया ऐसे अनेक विकल्प को फास्टफूड से बेहतर बताया गया। भोजन में दाल चावल रोटी सब्जी सलाद या दही का उचित मात्रा में संयोजन एक संतुलित आहार के अभिन्न अंग हैं। संतुलित आहार के अलावा अच्छी नींद एक अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है, अच्छी नींद होगी तो व्यायाम भी कर सकेंगे जिसके शरीर को लचीला या स्वस्थ रहना आसान होगा।

# पोंडी-उपरोड़ा ब्लाक के 55 लोगों ने कराई मोतियाबिन्द सर्जरी

**कोरबा 16 मई।** ऑख है तो समझिये सारा जहां आपके पास व साथ है, इसके बगैर इंसान की दुनिया में अंधेरा ही अंधेरा है। कोरबा जिले को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता से मुक्त करने के लिए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का नेत्र चिकित्सा विभाग लगातार प्रयासरत् है।

डॉ. केशरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में मोतियाबिन्द का ऑपरेशन नहीं कराने की व्याप्त गलत धारणा के कारण केवल सर्दियों में मोतिबिन्द का ऑपरेशन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यह धारणा निराधार है जिससे उपचार में अनावश्यक देरी हो सकती है साथ ही आगे और दृष्टिगत समस्या हो सकती है। सीएमएचओ ने बताया कि दूर या पास का कम दिखाई देना, गाड़ी ड्राइव करने में समस्या और दूसरे व्यक्ति के चेहरे के भावों को न पढ़ पाना आँखों में मोतियाबिन्द विकसित होने के लक्षण हैं। चश्मे या लेंस से स्पष्ट दिखाई न देने पर सर्जरी ही एकमात्र विकल्प बचता है जिसकी सलाह आवश्यकता पड़ने पर नेत्र विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है। डॉ. सुमित गुप्ता, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम ने बताया कि राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् मरीजों का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन तथा गुणवत्तापूर्ण दवाई तथा देखभाल करने के साथ ही वनांचल एरिया तथा दुर्गम क्षेत्र के मरीजों को अस्पताल तक लाना शामिल है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाभ लेते हुए ग्राम पोंड़ी उपरोड़ा के 55 ग्रामीण मरीजों ने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया, जो कि यह दर्शाता है कि लोगों की केवल सर्दियों में ऑपरेषन कराने की धारणा बदल रही है। मोतियाबिन्द की सर्जरी बिल्कुल भी दर्दनाक नहीं होती है। यह लगभग सुरक्षित सर्जरी है और इसकी सफलता की दर काफी अच्छी है।सीएमएचओ डॉ. केशरी ने जिले के नागरिको से अपील करते हुए कहा कि किसी विषिष्ट मौसम या समय की प्रतीक्षा करते हुए आवश्यक उपचार या सर्जरी को स्थगित ना करें। मोतियाबिन्द के इलाज में देरी करने से दृष्टि संबंधी समस्या और अधिक बिगड़ सकती है और आपके दैनिक जीवन पर इसका हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि आँखों में कोई समस्या हो तो संपूर्ण जांच के लिए नेत्र चिकित्सक से परामर्श लें और मोतियाबिंद सर्जरी के संबंध में उनके मार्गदर्शन पर ध्यान दें। जिले के मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में मोतियाबिन्द जांच और सर्जरी की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। साथ ही इस दृष्टिगत समस्या के संबंध में नेत्र चिकित्सकों, नेत्र सहायक अधिकारियों एवं चिकित्सालयीन कर्मचारियों को विषेष रूप से प्रोत्साहित भी किया गया है।

### 20 मई से 7 दिवसीय तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन

**कोरबा 16 मई।** वर्तमान समय में लोग अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। दूसरों से आगे बढ़ाने के जुनून में लोग अपने जीवन को पूरी तरह अव्यवस्थित कर देते हैं। सबसे 'यादा युवा वर्ग चिंता, तनाव, एंजायटी और डिप्रैशन के शिकार होता जा रहा हैं। मानसिक तनाव शरीर में कई प्रकार की बीमारियों का कारण बनता जा रहा है जिससे पारिवारिक संबंधों दूरियां बढ़ती जा रही है जिसका बुरा प्रभाव समाज में भी पड़ रहा है।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ,बालको के तत्वाधान में 20 से 26 मई तक 7 दिवसीय तनाव मुक्ति शिविर व राजयोग मेडिटेशन कोर्स का आयोजन किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह निःशुल्क है। क्लास का समय शाम 6रू×0 से 8रू00 तक रखी गयी है। शिविर का लाभ उठाने के लिए तत्काल पंजीयन कराएं।

# आईजी न गूगल को फर्जी कस्टमर केयर नंबर हटाने पत्र भेजा



**भिलाई, 16 मई।** भिलाई दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग ने गूगल के नोडल अधिकारी को पत्र भेजा है, जिसमें गूगल सर्च पेजों पर प्रदर्शित फर्जी कस्टमर केयर नंबरों के कारण हो रही धोखाधड़ी गतिविधियों को रोकने एवं आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध मे कहा है दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने बताया कि पत्र के माध्यम से विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध करने वाले सायबर ठग गूगल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर प्रमुख बैंकों, बीमा कंपनियों, होटलों, वॉलेट्स, यूपीआई, गैस एजेंसियों, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक सेवाओं के कस्टमर केयर नंबरों को अपडेट करने के नाम से लोगों को ठगने का कार्य कर रहे हैं। अक्सर गूगल विज्ञापनों का उपयोग धोखेबाजों द्वारा किया जाता है, ताकि गूगल सर्च परिणामों में फर्जी नंबर सबसे ऊपर दिखें। उपयोगकर्ता गूगल सर्च परिणामों पर भरोसा करते हैं, वे इन फर्जी नंबरों को असली कस्टमर केयर नंबर मान लेते हैं और परिणामस्वरूप अपनी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी प्रदाय कर ठगी करने वालो के जाल में फसते चले जाते हैं। उन्होंने गूगल को आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के माध्यम से कहा कि इस प्रकार की धोखाधड़ी गतिविधियों से समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए, गूगल के लिए आवश्यक सभी कदम उठाना महत्वपूर्ण है, ताकि नागरिकों को इस तरह की धोखाधड़ी से बचाया जा सके तथा गूगल से भी इस विषय पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करने कहा है। साथ ही की गई कार्रवाई के संबंध में जानकार प्रदाय करने को लिखा गया है साइबर प्रहरी से जुड़कर सायबर ठगी से रहे अलर्ट पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने आम जनता से भी अपील की है कि बढ़ते सायबर अपराधो के प्रति जागरूक होने के लिए साइबर प्रहरी अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, जिसमे नित्य नए होने वाले साइबर अपराधों के बारे में बता कर एवं सायबर ठगी के नए पैटर्न को समझाकर इनसे बचने एवं सुरक्षित रहने के महत्पूर्ण प्वाइंट्स प्रतिदिन जारी किए जाते है।

# बालको ने समुदाय में सुरक्षा, संस्कृति के विकास को दिया बढ़ावा

**कोरबा-बालकोनगर , 16 मई ।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने सामुदायिक विकास पहल के अंतर्गत समुदाय में सुरक्षा की संस्कृति के विकास को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल किये है। कंपनी पूरे साल क्षेत्रों में विभिन्न सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजन करने के लिए कटिबद्ध है। ये सभी प्रशिक्षण सत्र रोड, फायर और होम सेफ्टी पर केंद्रित हैं। सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कंपनी नें समुदाय के 10 प्रमुख क्षेत्रों में ×5 यातायात संकेतक स्थापित किए हैं। इस पहल से समुदाय के 4000 सदस्यों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा मिला है।कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024 में सफ्लतापूर्वक 70 से अधिक सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये। विभिन्न सत्रों, क्विज, स्लोगन, पोस्टर मेकिंग के माध्यम से कंपनी ने स्कूली ब'चों सहित समुदाय के 2000 लोगों को सुरक्षा प्रशिक्षण दिया है और जिसमें वेदांता स्किल स्कूल के छात्र भी शामिल है। कंपनी ने 16 मास्टर ट्रेनर विकसित किए हैं जो समुदाय के भीतर बालको के शून्य क्षति संस्कृति को आगे बढ़ाएंगे। ये सभी ट्रेनर समाज में सक्रिय रहकर सुरक्षा सत्र, सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम और सुरक्षा संस्कृति के महत्व के प्रति समुदाय को जागरूक किया है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालको युवाओं के अंदर सुरक्षा संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।बालको एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दिया है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न पहल का आयोजित किया गया है। सड़क सुरक्षा के प्रति ट्रक ड्राईवर सहित समुदाय में जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सड़क सुरक्षा कैलेंडर लॉन्च किया था। सुरक्षा कैलेंडर की मदद से रक्षात्मक ड्राइविंग की संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। कंपनी ने साईकिल से स्कूल जाने वाले 120 विद्यार्थियों को हेलमेट प्रदान कर उन्हें सुरक्षा के लिए प्रोत्साहित किया।सर्वमंगला मंदिर के डायवर्सन से रिंग रोड पर भारी वाहनों के बढ़े दबाव को देखते हुए कंपनी ने रिश्दी से ध्यानचंद चैक तक की सड़क के जिर्णोद्धार सहित रिश्दी से रुमगढ़ा तक जगह-जगह पर चैड़ीकरण का किया गया।

## एक नजर

### पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कार के लिए 15 सितम्बर तक ऑनलाइन प्रस्ताव

**रायगढ़, 16 मई।** भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार की श्रृंखला के तहत 'पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री' पुरस्कारों के लिए वर्ष 2025 हेतु नामांकन प्रस्ताव 15 सितम्बर 2024 तक ऑनलाईन https://padmaawarda.gov.in के माध्यम से मंगाये गये है। कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ के माध्यम से सर्वविभाग प्रमुख/कार्यालय प्रमुख को सूचित किया गया है कि उक्त पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य/पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा संलग्न पत्र में दिए गए निर्देशानुसार 30 अगस्त 2024 तक विभाग को उपलब्ध कराने हेतु लेख किया गया है। अतएव नामांकन प्रस्ताव 20 अगस्त 2024 तक कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ में उपलब्ध कराए ताकि छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग की ओर प्रेषित किया जा सके।

### मतगणना सेंटर में मोबाइल , लैपटॉप,इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीडी, सिगरेट, गुटका ले जाना प्रतिबंधित

**रायगढ़, 16 मई।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए मतगणना सेंटर में आवश्यक व्यवस्था किए जाने के निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए है। जिसमें मतगणना सेंटर के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केलकुलेटर प्रदाय किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना सेंटर के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना सेंटर पर जिन सामग्रियों को ले जाने की अनुमति होंगी, इनमें कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम एवं वीवीपेट की सूची जो विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लायी गई है, प्लास्टिक पेन/पेसिंल, मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खानपान की व्यवस्था हेतु नियुक्त व्यवस्थापक द्वारा भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा। जिसे मतगणना सेंटर के भीतर नियुक्त मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जाएगा। मतगणना सेंटर में मोबाइल फोन, आई पेड, लैपटॉप, स्मार्ट वाच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीडी, सिगरेट, गुटका ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

### गुणवत्तायुक्त खाद, बीज एवं कीटनाशी उपलब्धता के लिए निगरानी दल गठित

**रायगढ़, 16 मई।** आगामी खरीफ एवं रबी 2024-25 को ध्यान में रखते हुए जिले के कृषकों के लिए सुगमता एवं सही दर पर गुणवत्ता युक्त खाद, बीज एवं कीटनाशी उपलब्धता हेतु जिला स्तरीय निगरानी दल का गठन किया गया है। निगरानी दल जिले के खाद, बीज एवं कीटनाशी विक्रय संस्थान का सतत निरीक्षण करते हुए सही दर पर गुणवत्तायुक्त खाद बीज एवं कीटनाशी की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय निगरानी दल में सहायक संचालक कृषि श्री हिन्द कुमार भगत मोबा.नं.98264-47134 को धरमजयगढ़ अनुभाग का नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक कृषि श्री सुभाष कुमार सोनी मोबा.नं.75870-49493 को रायगढ़ अनुभाग का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह कृषि विकास अधिकारी श्री नृपराज डनसेना मोबा.नं.94255-21249 तथा कृषि विकास अधिकारी श्री उसतराम पटेल मोबा.नं.70009-49184 को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री संजय सिदार मोबा.नं.83192-04004 को शाखा प्रभारी, सहायक ग्रेड-3 श्री विजय कुमार बनवासी मोबा.नं.79873-83400 को कम्प्यूटर कार्य तथा श्री संदीप टंडन मोबा.नं.75662-22016 को वाहन चालक का कार्य सौंपा गया है।

### ब्लॉक समन्वयक एवं स्वास्थ्य ग्रापं समन्वयकों की हुई समीक्षा बैठक



**रायगढ़, 16 मई।** सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के अध्यक्षता में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्यम् सभाकक्ष में ब्लॉक समन्वयक एवं स्वास्थ्य ग्राम पंचायत समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें विकासखंड अंतर्गत कार्यरत ब्लॉक समन्वयक एवं स्वास्थ्य पंचायत समन्वयकों को एजेण्डावार चर्चा की गई। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा व जिला समन्वयक सुश्री वंदना गुप्ता उपस्थित रही। बैठक में फील्ड विजिट रिपोर्ट लेना एवं चर्चा करना, ए.टी.पी. में दूरस्थ क्षेत्र के कार्य योजना पर चर्चा, क्षतिपूर्ति पर समीक्षा, सिकल- सेल जाँच की स्थिति, किशोरी माताओं की बैठक की स्थिति पर चर्चा, खतरे वाली गर्भवती के यहां परिवार भ्रमण, मोबाईल वीडियो और ऑडियो के उपयोग की स्थिति, मितानिनों द्वारा किये जा रहे परिवार भ्रमण की फालोअप की स्थिति, कमजोर एमटी की पहचान कर उनको मजबूत बनाने की स्थिति एवं कार्ययोजना, सुरक्षित पेयजल एवं दस्त अभियान, मोबाईल एकेडमी, व्ही.एच.एन.सी की कार्ययोजना एवं खर्च बचत रजिस्टर पर चर्चा, 01 से 01 वर्ष के बच्चों की संख्या ब्लॉकवार, 1 से 5 वर्ष के बच्चों की संख्या, ब्लॉकवार, गर्भवती की संख्या हेडकाउंट अनुसार जानकारी, गर्भवती महिलाओ, किशोरियों को स्वयं की स्वच्छता के बारे में, अच्छे स्पर्श व बूरे स्पर्श के बारें में किशोरियों को मासिक बैठक के माध्यम से जानकारी देना सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिए गए।

### अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन 20 मई से

**धमतरी 16 मई ।** स्वामित्व योजना के तहत जिले के 501 राजस्व ग्रामों में स्थित ग्रामीण आबादी भूमि का ड्रोन से सर्वेक्षण कर अधिकार अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया जिले में जारी है। कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा जिले के भखारा, धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी के क्रमशः 11,17,11,27,08 कुल 39 ग्रामों के 74 शीटों का मसौदा मानचित्र आवश्यक सुधार एवं आबादी भूमि के सभी भूखण्डों को क्रमांकित कर संपत्ति धारकों का विवरण निर्धारित प्ररूप में प्रविष्ट कर उपलब्ध कराया गया है।

# गर्मी में सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल की निर्बाध आपूर्ति करें सुनिश्चित:कलेक्टर



रायगढ़, 16 मई। गर्मियों में लोगों को निर्बाध रूप से जलापूर्ति मिलनी चाहिए। यह सर्वोच्च प्राथमिकता का काम है। जहां नल कनेक्शन का जाल बिछ चुका है, वहां पानी की सप्लाई अनिवार्य रूप से होना चाहिए। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ सभी एसडीएम, सीईओ जनपद की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने विकासखंड वार सिंगल विलेज, रेट्रोफिटिंग, सोलर और सोलर रेट्रोफिटिंग, नल कनेक्शन वितरण और जल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नल कनेक्शन वितरण की सार्थकता तभी है, जब उसमें जलापूर्ति हो रही हो। उन्होंने सभी एसडीएम और सीईओ जनपद को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे सारे गांव जहां नल वितरण का काम पूरा किया जा चुका है, वहां पानी सप्लाई का भौतिक सत्यापन अगले 4 से 5 दिनों में पूरा कर रिपोर्ट दें। उन्होंने साथ ही कहा कि जहां नल कनेक्शन बिछ गए हैं लेकिन पानी टंकी का काम अधूरा है, वहां विभागीय निर्देश अनुसार ठेकेदार को बोर पम्प से नलों में पानी का सप्लाई देना है। भौतिक सत्यापन के दौरान यह व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश उन्होंने सभी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एसडीएम को रोजाना इस काम की समीक्षा अपने स्तर पर करने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने अधूरे प्रोजेक्ट्स को समय-सीमा के अनुसार पूरा करते चलने के निर्देश विशेष रूप से दिए। पानी सप्लाई के सोर्स तक बिजली आपूर्ति के चलते जहां का काम रुका है, उसको लेकर कलेक्टर श्री गोयल ने बिजली विभाग के अधिकारियों को अगले 3 से 4 दिन में सारा काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ईई पीएचई को बिजली विभाग से समन्वय कर सभी डिमांड नोट्स का भुगतान करने के लिए कहा। उन्होंने समूह जल प्रदाय प्रोजेक्ट्स को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो काम आचार संहिता से पहले स्वीकृत सभी कार्य गर्मी के मौसम में पूरी गति से होने चाहिए। जो ठेकेदार काम में ढिलाई कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्यवाही करें।

बैठक में ईई पीएचई श्री परीक्षित चौधरी, एसडीएम धरमजयगढ़ श्री डिगेश पटेल, एसडीएम खरसिया डॉ प्रियंका वर्मा, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश मोर, एसडीएम लैलूंगा सुश्री अक्षा गुप्ता, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत श्री एन.आर.पटेल सहित सभी सीईओ जनपद और एसडीओ पीएचई सहित क्रेडा और बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्राउंड वाटर रिचार्ज करने तालाबों के गहरीकरण के लिए तैयार करें कार्ययोजना

कलेक्टर श्री गोयल ने ग्राउंड वाटर रिचार्ज के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि मानसून आने के पहले ऐसे तालाबों को चिन्हांकित कर लें, जहां गहरीकरण किया जाना है। उन्होंने ग्रामीण के साथ शहरी तालाबों को भी चिन्हित करने के लिए कहा। साथ ही सभी एसडीएम को शहरी क्षेत्रों में तालाबों के गहरीकरण और गाद सफाई के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में तैयारी पूरी कर लें जिससे मानसून के पानी का उपयोग ग्राउंड वाटर रिचार्ज के लिए किया जा सकेगा। इसके अलावा उन्होंने शहरी क्षेत्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर भी निर्माणाधीन भवनों में सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाइड्रोफैक्करिंग की मदद से भी ग्राउंड वाटर रिचार्ज के लिए काम किया जाएगा। इसके लिए ईई पीएचई को कार्ययोजना बनाने के निर्देश उन्होंने दिए।

## जिले के सभी स्कूलों में होगा समर कैंप का आयोजन



**रायगढ़, 16 मई।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्मावकाश अवकाश में सभी स्कूलों में समर कैम्प आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गये हैं। वर्तमान में 15 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश रहेगा। इस दौरान बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर बहुमुखी विकास के लिए रचनात्मक गतिविधियां अपने स्कूल, संकुल स्तर या गांव/शहर के सामुदायिक स्थलों पर आयोजित किया जाना है।कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के द्वारा 15 मई 2024 को जारी आदेशानुसार जिले के सभी स्कूलों में समर कैम्प को आयोजित कराने की सम्पूर्ण जवाबदेही संकुल प्राचार्य एवं संबंधित सीएसी की होगी, समर कैम्प के दौरान स्थानीय कला क्षेत्र/रचनात्मक क्षेत्र में विशेष जानकर लोगों को आमंत्रित कर उनकी देख रेख में आयोजित की जानी है, साथ ही पूरे समर कैम्प में स्कूल के शिक्षक, पालक एवं शाला प्रबन्ध समिति के सदस्यों का भी सहयोग लिया जाना है। समर कैम्प के दौरान बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों जैसे चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध लेखन, गणित से जुड़ी मनोरंजक गतिविधियां, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन (हिंदी एवं अंग्रेजी) कर्सिव राइटिंग, नृत्य, इनडोर गेम जैसे चेस, चेनिस चक्कर, कैरम, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, मिट्टी के खिलौने बनाना, कागज से फूल बनाना, योगा, प्राणायाम, पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी, अपने गांव/शहर के ऐतिहासिक स्थलों से परिचय जैसे गतिविधियों के साथ-साथ अपने स्तर पर रचनात्मक गतिविधियों का चयन कर आयोजन किया जाएगा।समर कैम्प तीन स्तर कक्षा 03 से 05 प्राथमिक स्तर, कक्षा 06 से 08 माध्यमिक एवं कक्षा 09 से 10 हाई स्कूल स्तर में शाला विकास समिति एवं पालक शिक्षक समिति के सहमति से आयोजित किये जायेंगे। कैम्प का आयोजन प्रातः 7 से 9.30 बजे तक आयोजित किये जायेंगे, कैम्प के दौरान साफ पानी, ओआरएस पैकेट या विकल्प कोई भी अन्य सामग्री रखने एवं बच्चों को बार-बार पानी पिलाने के निर्देश दिये गये है।

### 28 मई को कलेक्ट्रेट में होगी मतगणना की ट्रेनिंग

**रायगढ़, 16 मई।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संपन्न कराया जा रहा है। जिसके तारतम्य में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 28 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से सृजन सभाकक्ष रायगढ़ में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02-रायगढ़ (अजजा)के रिटर्निंग ऑफिसर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, समस्त अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्येक विधानसभा हेतु मास्टर ट्रेनर एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी, ईवीएम नोडल अधिकारी एवं सुरक्षा नोडल अधिकारियों की मतगणना के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ और जशपुर जिले के अधिकारी भी प्रशिक्षण में उपस्थित होंगें।

## बोजिया परिसर में जनहानि मामला, मृतका के पुत्र को दी गई 25 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता

**रायगढ़, 16 मई।** वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़, वनमंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि वन परिक्षेत्र अधिकारी छाल के सूचनानुसार 15 मई को प्रातः 8.00 बजे लगभग परिसर रक्षक बोजिया श्री फिलमोन तिर्की वनपाल को श्री दिलीप भगत वल्द जेलसिंह भगत साकिन छाल के द्वारा फोन के माध्यम से सूचना दिया गया कि परिसर बोजिया कक्ष क्रमांक 505 पी.एफ में इंदरमोती पति स्व.होरीलाल अगरिया उम्र लगभग 70 वर्ष साकिन छाल तह-थाना छाल जिला रायगढ़ के द्वारा तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर गई थी। तेन्दूपत्ता तोड़ने के दौरान वन्य प्राणी जंगली भालू से अचानक आमना-सामना होने पर भालू द्वारा हमला कर दिया गया जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सूचना प्राप्त होते ही उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ एवं वन परिक्षेत्राधिकारी छाल अपने अधीनस्थ वन अमलो के साथ मौका स्थल पर पहुंचे और मौका जांच किया गया। मौका स्थल पर जंगली भालू के पैरों के निशान पाया गया, मौका साक्ष्य में जंगली भालू द्वारा घटना होना पाया गया। शासन के नियमानुसार मृतक के उत्तराधिकारी पुत्र श्री श्याम कुमार अगरिया साकिन छाल तह-छाल जिला रायगढ़ को तत्कालिक राशि 25000 रुपये प्रदान किया गया। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र अंतर्गत हाथी प्रभावित क्षेत्र एवं अन्य वन्य प्राणी होने एवं जंगल में प्रतिदिन हाथियों के विचरण होने के कारण कर्मचारियों एवं हाथी मित्र दल द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है । सम्पूर्ण वनमंडल में हाथी, भालू एवं अन्य वन्यप्राणी विचरण क्षेत्रों में तेन्दूपत्ता तोड़ाई या अन्य किसी भी कार्य के प्रयोजन लिये प्रतिबंधित किया गया है तथा समूचे छाल क्षेत्र के वन अमले को हाई अलर्ट पर रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

### समर कैम्प में विद्यार्थी सीख रहे विभिन्न शैक्षणिक और रचनात्मक काम करना

**धमतरी 16 मई ।** स्कूली विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास को ध्यान में रख स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में ग्रीष्मकालीन अवकाश एक मई से 15 जून तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा पहली से बारहवीं तक की कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कौशल विकास के लिए विद्यालय स्तर पर यह आयोजन किया जा रहा है। इसे पालकों, शिक्षकों और बच्चों के आपसी सहमति से पूरी तरह स्वेच्छिक रखा गया है।जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि समर कैम्प में स्पोकन इंग्लिश, वैदिक गणित, खेल-कूद, सिंगिंग, डांसिंग, चित्रकला, रंगोली, योगा, ध्यान, वादन, निबंध, कहानी, हस्तलिपि लेखन आदि विषयों को शुरू किया गया है, जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में समुदाय एवं आसपास के जानकार व्यक्तियों का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 92 स्कूलों में यह समर कैम्प संचालित है, इनमें सर्वाधिक नगरी विकासखण्ड में 32 स्कूल, धमतरी विकासखण्ड में 25, कुरूद विकासखण्ड में 22 और मगरलोड विकासखण्ड में 13 स्कूल शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संकुल प्राचार्य, बीईओ और बीआरसीसी को नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



# जितना पानी बचेगा,उतना ही मिलेगा:कलेक्टर



**धमतरी 16 मई।** जिले में लगातार गिरते हुए भू जल स्तर एवं भू जल से सम्बंधित विषयों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, केन्द्रीय जल बोर्ड द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में स्थानीय स्तर पर भूजल प्रबंधन के सम्बंध में विभागीय अधिकारियों की कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पानी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जितना पानी हम बचाएंगे, उतना ही पानी हमें भविष्य में मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनें, इसके लिए वे अधिक पानी वाली फसलों की बजाय कम पानी वाली फसलों को अधिक से अधिक लें। इनमें दलहन, तिलहन इत्यादि की फसलें शामिल हैं। कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि इसके अलावा विभागीय अधिकारी जल संरचनाओं को बढ़ावा देने एक साथ कार्य करें, तभी इसका हल दिखेगा। उन्होंने कहा कि मानसून आने में अभी एक महीना बचा है, सभी जल संरक्षण की दिशा में कार्य करना अभी से शुरू कर दें।

कार्यशाला में रिजनल डायरेक्टर श्री प्रवीर कुमार नायक ने ऐसे आयोजन के लिए जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के जरिए जल संरक्षण की बारीकियों से सभी को लाभ होगा। कार्यशाला में भू वैज्ञानिकों द्वारा जल परीक्षण की विधि का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण में हिस्सा लेने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, आयुक्त नगर निगम धमतरी श्री विनय पोयाम, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन श्री रोशन देव, डीआईओ श्री उपेन्द्र चन्देल उप संचालक कृषि श्री मोनेश साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अवैध रेत परिवहन में लगे 8 हाइवा, 2 ट्रक और 1 जेसीबी जब्त

**धमतरी 16 मई ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध रेत खनन, परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बीते दिन राजस्व तथा खनिज अमला द्वारा धमतरी विकासखंड के ग्राम दोनर मे निरीक्षण किया गया। इस दौरान बिना वैध दस्तावेज के रेत परिवहन करते 8 हाइवा, 2 ट्रक और 1 जे सी बी जप्त किया गया। वाहनों को कंपोजिट भवन के पास रखा गया है।जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त सभी प्रकरणों में छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारो, खनिज परिवहनकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज उत्खनन / परिवहन / भण्डारण / करना दण्डनीय अपराध है। अतः अवैध उत्खनन / परिवहन कर्ताओं के विरूद्ध इसी प्रकार का कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों एवं राजस्व अमला द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच किया जावेगा।

### कैच द रैन' थीम पर चलाया गया अभियान

**धमतरी 16 मई ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार कुरूद विकासखण्ड के ग्राम नवागांव (थूहा) बीते दिन 'नारी शक्ति से जलशक्ति कैच द रैन' थीम पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत जिले के विभिन्न पंचायतो में गिरते भू जल स्तर में सुधार एवं ऐसे पंचायत जिनमें पानी की समस्या अथवा हैंडपंप पूरी तरह से सूख चुका है उन गांवों को चिन्हांकित किया गया। साथ ही वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर एवं ग्राउंड वाटर रिचार्ज के लिए विभिन्न सरंचना बनाकर भू जल स्तर को बढ़ाने की समझाईश ग्रामीणों को दी गई। इस दौरान वाटर हीरो जलप्रहरी श्री नीरज वानखड़े सहित सहायक भूमी सरंक्षण अधिकारी श्री राकेश जोशी, तहसीलदार कुरुद सुश्री दुर्गा साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद कुरुद, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कुरुद एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## आबकारी अधिकारियों के संरक्षण में गली-गली बिक रही शराब: गागड़ा



**बीजापुर,16 मई।** सरकार बदली पर आबकारी व्यवस्था बदलने को तैयार नही,चूंकि मोटी कमाई का खेल कोचियों के माध्यम से गली-गली फल-फूल रहा है। आबकारी अधिकारियों का भरपुर संरक्षण मिल रहा है इसलिए बिना किसी भय के शराब बेची परोसी जा रही है। उक्त आरोप भाजयुमो नेता फूलचंद गागड़ा ने लगाया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आबकारी विभाग पर फूलचंद गागड़ा ने आगे कहा कि जो पुरानी व्यवस्था थी वैसा ही आज भी चल रहा है जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है परंतु मोटी कमाई के फेर में अधिकारी व्यवस्था बदलना नही चाहते। शराब दुकान के खुलते ही कोचियों की लाइन लग जाती है और इन्हें अधिक दाम में बेची जाती है फिर कोचिये गली-गली में शराब बेचते परोसते हैं। जिले में आबकारी अधिकारी,आबकारी डीईओ,एसआई ऐसी व्यवस्था बनी है कार्य करने के लिए, लेकिन इन्ही के संरक्षण में कोचिये फल-फूल रहे हैं। गागड़ा ने आगे कहा कि शराब कोचियों से इन अधिकारियों को मोटी रकम मिलती है इसलिए कार्यवाही से बचते हैं तो वहीं दुकान से ही कोचियों के लिए शराब सप्लाई होती है ऐसे में कार्यवाही और नकेल कसने जैसे उम्मीद करना बेमानी होगी। तुम शराब का नशा करो और हम पैसे का.यह कहना गलत नही होगा आबकारी विभाग के लिए, चूंकि नगर की बात हो या जिले भर की बात करें हर तरफ गली-गली में कोचिये शराब बेच परोस रहे हैं और कोई भय भी नही है इन्हें पूरी संरक्षण आबकारी अधिकारियों से ही मिलती है।

## सर्पदंश से मृत्यु, वारिसों को 4 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर 16 मई ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा जिले के प्राकृतिक प्रकोपों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की हानि होने के कारण राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन प्रावधानों के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता श्री बुधराम हेमला निवासी ग्राम जपेली तहसील बीजापुर को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किये जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए 24 मई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**महासमुंद 16 मई ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले में विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें आवेदको द्वारा ऑनलाइन दिए गए जानकारी अनुसार पात्र - अपात्र सूची जारी किया गया है। जिसमें से एमओ- आयुष (आरबीएसके), फार्मासिस्ट (आरबीएसके), ब्लॉक मैनेजर - अकाउंट, फिजियोथेरेपिस्ट (एनयूएचएम), टेक असिस्टेंट - हियरिंग इंपेयर्ड चिल्ड्रन के 5 पदों तथा पीयर सपोर्टर, फार्मासिस्ट (आरबीएसके), वार्ड असिस्टेंट (एमएनएचपी), व स्टाफ नर्स (एसएनसीयू) के 4 पदों पर संविदा भर्ती के लिए 24 मई 2024 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि समस्त अभ्यर्थी उपरोक्त पदों के लिए जारी सूची एवं सूचना का अवलोकन करते हुए 24 मई 2024 शाम 5:30 बजे तक निर्धारित प्रारूप में स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात किसी भी माध्यम से दावा आपत्ति स्वीकार/ मान्य नहीं की जाएगी। दावा आपत्ति आवेदन का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाइट 222. स्म्ड्डद्धड्डह्यड्डद्वह्वठ्ठस्र.द्दश1.द्बठ्ठ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### 4 जून को प्रातः 8 बजे से केआईटी में जिले की चारों विधानसभाओं की मतगणना होगी

**रायगढ़, 16 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत गणन अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जारी निर्देश के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 47 एवं निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 52 के अनुसार गणन अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान है।

गणन अभिकर्ता के नियुक्ति हेतु प्रारूप 18, अभ्यर्थियों अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को 2 प्रतियों में गणन अभिकर्ताओं की फोटो सहित मतगणना तिथि के 3 दिन पूर्व तक प्रस्तुत की जा सकेंगी। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा ऐसे प्रत्येक गणन अभिकर्ता के लिए पहचान पत्र तैयार कर अभ्यर्थी को प्रदान किया जाएगा। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना में भाग लेने के लिए आने के समय अपने नियुक्ति पत्र के साथ उन पहचान पत्रों को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। गणन अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु प्रारूप-18, स्वयं अभ्यर्थी द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा ही रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। आयोग द्वारा जारी हेण्ड बुक में उल्लेखित पदाधिकारी एवं सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों से भिन्न व्यक्ति ही गणन अभिकर्ता के लिए पात्र होंगे। यदि गणन अभिकर्ता की नियुक्ति प्रारूप-19 में निरस्त करना हो तो भी यह आवेदन रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत किए जायेंगे और इनके स्थानापन्न की नियुक्ति हैण्ड बुक फॉर काउंटिंग एजेन्ट-2023 की कंडिका 3.5.2 के अनुसार की जाएगी।लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 02-रायगढ़ (अजजा) अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ की मतगणना केआईटी महाविद्यालय गढ़उमरिया रायगढ़ में 4 जून को प्रातः 8 बजे से की जाएगी। उक्त चारों विधानसभा क्षेत्रों के गणन अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु प्रारूप-18 को 2 प्रतियों में गणना अभिकर्ता के फोटो सहित गणना के 3 दिन पूर्व तक स्वयं अभ्यर्थी अथवा निर्वाचन अभिकर्ताओं द्वारा न्यायालय कलेक्टर, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 2 में फोटो सहित प्रस्तुत करना होगा।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 17 मई से 6 जून तक

**धमतरी 16 मई ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हर साल की तरह इस साल भी जिला स्तरीय ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि 17 मई से 6 जून तक सुबह 6.30 से 8.30 और शाम 5.30 से 7.30 बजे तक आयोजित इस प्रशिक्षण में सब जूनियर वर्ग में 14 वर्ष और जूनियर वर्ग में 17 वर्ष तक की आयु के खिलाड़ी शामिल होंगे। इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीयन निर्धारित प्रपत्र में प्रशिक्षण केंद्रों एवं रूद्री स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग में करा सकते हैं।

गौरतलब है कि बैटमिंटन/ टेबल टेनिस का प्रशिक्षण शिव सिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में दिया जाएगा। वहीं व्हॉलीबॉल प्रशिक्षण नत्थूजी जगताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरपालिक निगम धमतरी, कराते/जुडो और कुश्ती प्रशिक्षण बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडिम आमातालाब धमतरी, कराते/योग/एथलेटिक्स प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थूहा कुरूद, बेसबाल प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह, धमतरी और ताईक्वांडो/मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर में दिया जायेगा।

# मतगणना पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हो:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षकों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि 4 जून को मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में की जाएगी। मतगणना अधिकारियों-कर्मचारियों को सुबह 7 बजे तक मतगणना स्थल के मतगणना टेबल में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मतगणना बहुत जिम्मेदारी वाला कार्य है। कलेक्टर ने मतगणना अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करें। जिससे कि किसी भी स्थिति में पुर्नगणना की स्थिति बिल्कुल भी निर्मित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो दायित्व दिया गया है उसे तत्परता के साथ पूरा करना है। उन्होंने मतगणना कार्य को शत प्रतिशत सही एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने गणना अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मतगणना केन्द्र एवं मतगणना कक्ष के आधारभूत संरचना एवं आदर्श बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतों की गणना विधानसभावार अलग-अलग कक्षों में की जाएगी। प्रत्येक कक्ष में गणना हेतु 14-14 टेबल की व्यवस्था की गई है। मतगणना कक्ष में जाली के बाहर मतगणना अभिकर्ता उपस्थित रहेंगे, जो मतगणना कार्य को प्रत्येक गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। उन्होंने स्ट्रांग रूम में किये जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर अधिकारी-कर्मचारियों तथा उम्मीदवारों एवं उनके अभिकर्ताओं के प्रवेश हेतु अलग-अलग रास्ता बनाया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतगणना अधिकारियों को परिचय पत्र जारी किया जाएगा, जिसे लाना अनिवार्य होगा। इसके बिना किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने कहा कि मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने गणना अधिकारियों को अपने टेबल में उपस्थिति की जानकारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अनिवार्य रूप से देने कहा। मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु 2 जून तक अपना प्रवेश पास अनिवार्य रूप से प्राप्त करने कहा। मतगणना तिथि 4 जून को सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपना प्रवेश पास के साथ मतगणना स्थल में पहुंचना अनिवार्य है।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स श्री कैलाश शर्मा एवं श्री दीपक ठाकुर द्वारा ईटीपीबीएस, डाकमत पत्र, ईव्हीएम एवं वीवीपैट की मतगणना के सबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईटीपीबीएस, डाकमत पत्रों एवं ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। ऐसे डाकमत पत्र जो रिजेक्ट किए जाएंगे उसे अलग से रखा जाएगा। ईटीपीबीएस के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने मतगणना कार्य के लिए प्रेक्टिकल करके देखा तथा मतगणना कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## एक नजर

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 19 मई को

**भाटापारा 16 मई।** श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा भाटापारा, विप्र फाउंडेशन महिला शाखा भाटापारा एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सयुक्त तत्वाधान में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कुंदन भवन भाटापारा में आगामी 19 मई रविवार को किया जा रहा है। चिकित्सा शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ जी एस असाटी ,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि शर्मा, न्यूरो विशेषज्ञ डॉ अविनाश गुप्ता, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ मंदार गोकते, चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ भाव्या स्वर्णकार, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ कीर्तिगा के , हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कोसले, एवम अपोलो हॉस्पिटल के सभी अनुभवी स्टाफ अपनी सेवाए देंगे। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा केवल महिलाओं के लिए एक छोटी चर्चा एवम प्रश्नोत्तर का आधे घंटे का समय रहेगा। सभी से निवेदन है कि अपना पंजीयन पहले से करवा लेवे। श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा एवम विप्र फाउंडेशन महिला शाखा के सभी सदस्यों से निवेदन है कि कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना सहयोग करें।अग्रिम पंजीयन के लिए देवेंद्र भृगु 93024 03459हरगोपाल शर्मा 9827988764चंद्रकिरण शर्मा 9827154195बबिता भृगु 9424207266 डॉ सुधाकर शर्मा 9993854626डॉ रोमा शर्मा 9340580199लच्छु शर्मा 9827988762विजय पांडेय9827159666 से संपर्क कर सकते है।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर दिया साफ-सफाई और बचाव का संदेश

**बलौदाबाजार,16 मई।** बलौदाबाजार भाटापारा जिले में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि, कार्यक्रम में ग्राम एवं शहरों में मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से जागरूकता के साथ-साथ साफ -सफाई का संदेश दिया जाएगा। जिले में पूर्व से ही वेक्टर जनित रोग के रोकथाम हेतु स्रोत नियंत्रण अभियान चल रहा है जिसमें कूलर, गमले,नाली,टायर आदि में रुके हुए पानी को हटाया जा रहा है क्योंकि इस जल जमाव में ही डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के लार्वा पनपते हैं। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी के अनुसार डेंगू वायरस जनित रोग है जो संक्रमित मच्छर के काटने से होता है। बहुत तेज बुखार,आखों के ऊपर दर्द,माँस पेशियों जोड़ों में तेज दर्द सहित ,जी मितलाना और उल्टी सहित शरीर मे लाल चकत्ते ये कुछ लक्षण हैं जिससे डेंगू का पता चलता है। स्थिति गंभीर होने पर मरीज की जान भी जा सकती है। नोडल अधिकारी के अनुसार डेंगू हेतु कोई विशेष दवा प्रभावकारी नहीं है ,लक्षण के आधार पर उपचार दिया जाता है। बीमारी की स्थिति में तरल पदार्थ और आराम करने की सलाह दी जाती है । जिले में डेंगू की प्रारंभिक जाँच सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित जिला अस्पताल में नि:शुल्क होती है। गौरतलब है की जिले में वर्ष 2022 में 18,2023 में 27 केस एवं 2024 में अब तक 3 केस मिल चुके हैं। ये सभी केस बाहर राज्यों से आये हुए लोगों में पाये गए हैं।डेंगू से बचाव हेतु साफ-सफाई ,मच्छर दानी का उपयोग अच्छा उपाय होता है। बुखार की स्थिति में त्वरित रूप से अस्पताल में संपर्क करें।



### पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित, 15 सितम्बर तक कर सकते है आवेदन

**बलौदाबाजार,16 मई।** वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कार अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री देश का सर्वोच्च नागरिक पुस्कार है। 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली से की जाती है। इस पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्यो को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों, विषयों जैसे कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान, इंजिनियरिंग, सार्वजानिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ठ और असाधारण उपलब्धियों, सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। पुरस्कार संबंधी विधान और नियमावली वेबसाइट एचटीटीपी स्लेस पद्म अवार्ड डॉट जीओव्ही डॉट इन पर एवं पद्म पुरस्कार के लिए नांमाकन केवल ऑन लाइन पोर्टल एचटीटीपी स्लेस अवार्ड डॉट जीओव्ही डॉट इन पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2024 तक निर्धारित है।

## कलेक्टर ने नगर भ्रमण कर विभिन्न निर्माणधीन कार्यों का लिया जायजा,समय के भीतर पूर्ण करने दिए निर्देश



**बलौदाबाजार,16 मई।** कलेक्टर के.एल. चौहान ने आज जिला मुख्यालयों में नगर पालिका परिषद एवं लोक निर्माण विभाग के द्वारा चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होनें मुख्य मार्ग में बनाये जा रहे पाथवे, मण्डी काम्पलेक्स,हाट बाजार, पौनी पसारी, एसआरएलएम सेंटर,नगर भवन,स्वामी आत्मानंद एमडीव्ही स्कूल, मुरूम तालाब चौपाटी, पीपराहा तालाब सहित गार्डन चौक गार्डन एवं मिनीमाता कालेज स्थित गार्डन का जायजा लिया। उन्होनें कुछ स्थानों में चल रहे निर्माण कार्यो को समय सीमा के भीतर ही पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही पाथवे के आसपास पानी न रूके इसके लिए तराई करने एवं पाथवे के पूरे कार्य को एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश सीएमओ को दिए है। इसी तरह हाट बाजार में बनाये जा रहे शेड को भी डेढ़ माह के भीतर ही पूर्ण कर आबंटन करने कहा गया है। कलेक्टर ने मण्डी काम्पलेक्स का भी मुआयना कर उपस्थित व्यापारियों से भी भेंट की। इस दौरान व्यापारियों ने एक यूरिनल की मांग की जिस पर कलेक्टर ने सीएमओ उचित जगह चिन्हांकन बनाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री चौहान ने मण्डी परिसर में ही संचालित मणीकंचन केन्द्र का भी जायजा लिया इस दौरान उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर हाल-चाल जाना। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मिनीमाता कालेज स्थित गार्डन को साइंस पार्क की तरह विकसित करने एवं गार्डन चौक गार्डन में घांस लगाने के निर्देश दिए है। इसके अतिरिक्त मुरूम तालाब में बनाये जा रहे चौपाटी की फाइल के संबंध में जानकारी लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट सीएमओ को प्रस्तुत करने कहा गया है एवं मुरूम तालाब को अच्छे से बनाते हुए तालाब में पानी भरने की संभावनाओं की जानकारी ली है। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद एमडीव्ही स्कूल में गुणवत्ता युक्त कार्य करते हुए अच्छे से दरवाजे एवं प्लंबिंग के कार्य करने कहा गया है। स्कूल ग्राउण्ड में 10 फीट का पाथवे सहित गार्डनिंग करने एवं दिव्यांगों के लिए हैण्डलिंग युक्त शौचालय बनाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए है। निरीक्षण के दौरान बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,बलौदाबाजार लोक निर्माण एसडीओ एम एल नायक, वरिष्ठ सब इंजीनियर विभाकर जोशी,सीएमओ खिरौद भोई सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### 21दिवसीय ग्रीष्मकालीन वेटलिफ्टिंग समर कैंप का उद्घाटन

**छुरा 16 मई।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के खिलाड़ियों को खेल विधा से परिचय कराने व खेल की तकनीकी ज्ञान से अवगत कराने 21दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 15 मई से 4 जून 2024 तक किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वेटलिफ्टिंग समर कैम्प का विधिवत औपचारिक उद्घाटन आज शाम 5ः00 बजे स्थानीय वेटलिफ्टिंग जिम में किया गया इस अवसर पर भोलेशंकर जायसवाल सभापति नगर पंचायत,यशवंत यादव कार्यकारिणी सदस्य छग प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ एवं जिलाध्यक्ष गरियाबंद भारोत्तोलन संघ, विनोद देवांगन जिला भारोत्तोलन संघ, ललित कुमार साहू संचालक नेशंस प्राइड पब्लिक स्कूल,समाजसेवीगण शीतल ध्रुव, रुपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर, शिक्षक गण रुपेश शर्मा, मोहन ध्रुव, परागा ध्रुव शिक्षिका मंचासीन रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों ने बजरंगबली महाराज की पूजा अर्चना की पश्चात सभी का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया।



### जिला पंचायत सीईओ ने मिशन जल रक्षा 2.0 के संबंध में ली बैठक

**राजनांदगांव 16 मई।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के सभी तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर मिशन जल रक्षा 2.0 के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ द्वारा ग्राम पंचायतों में भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में घटते जल स्तर पर विशेष ध्यान देते हुए शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर प्रत्येक ग्राम पंचायत का भू-जल संवर्धन मैप तैयार किया गया तथा अब तक किये गये कार्यों एवं भविष्य में किये जाने वाले कार्यों को प्रस्तावित कर भू-जल संरक्षण कार्ययोजना तैयार की गई। जिले में घटते भू-जल स्तर पर विशेष ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों में भू-जल संरक्षण कार्ययोजना के तहत वर्षा के जल को गांव में रोकने तथा भू-जल को वृद्धि के लिए संरचनाएं प्रस्तावित की जा रही है। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम पानी की समस्या तथा जीआईएस सर्वे के आधार पर लिनियामेंट फैक्चर जोन चिन्हांकित वाले ग्राम पंचायतों में मिनी परकोलेशन टैंक, स्ट्रैगर ट्रेंच तथा नालों में एलबीसीडी गैबियन जैसी संरचनाएं निर्मित कर अधिक से अधिक जल को भूमि के रिचार्ज करने का प्रयास किया जा रहा है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202404092100059
अ/20 (1) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उमेश्वरी कोडापे पति स्व. घनश्याम कोडापे, निवासी वार्ड नंबर 21. बजरंग चौक, कंडरा पारा, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने वादभूमि के पट्टा अभिलेख में पति स्व. घनष्याम कोडापे पिता टीकाराम निवासी डोंगरगढ़ का नाम विलोपित कर अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन दिनांक 08/02/2024 प्रस्तुत किया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड छाया प्रति, पट्टा की प्रति पेश किया गया है। अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 22/05/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल मरकाम आ. श्री नोहर सिंग मरकाम, जाति गोंड़ आयु 31 वर्ष, साकिन वार्ड नं. 02 रेल्वे कालोनी बालोद, तह. व जिला बालोद एवं आवेदिका बिंदु देवांगन आ. खेमू राम देवांगन, जाति कोष्टा, उम्र लगभग 31 वर्ष, निवासी स्थाई पता हाउस नं. 189 भैंसबोड़, तह0 डौण्डी, जिला बालोद / वर्तमान पता वार्ड नं. 02 गणपति नगर रेल्वे कालोनी बालोद, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 07/06/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 07/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
**आगामी दिनांक 07/06/2024**

मुहर — अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)


## नगर और ग्रामीण अंचल में चल रहा निजात अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 16 मई।** नेवरा पुलिस द्वारा इन दिनों नगर और ग्रामीण अंचलों में निजात अभियान चला रही है इस के अंतर्गत तिल्दा नगर स्थित नेवरा गार्डन में पहुंच कर निजात अभियान के तहत किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निजात अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को नशे के खिलाफ किया जा रहा है जागरूक।थाना नेवरा के क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर वाल पेंटिंग ,वाहनों में निजात का ,स्टीकर लगाकर,पांपलेट्स बाटकर ,बताए जा रहे नशे से निजात के तरीके। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्यवाही व जागरूकता अभियान, निजात अभियान शुरू किया गया है जिसमें नशे के खिलाफ निजात अभियान चलाकर क्षेत्र में बैनर पोस्टर एवं कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी थाना नेवरा के नेतृत्व में नेवरा हाई स्कूल रोड स्थित गर्दन तिल्दा में निजात अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर शाम के समय वाक करने पहुंचे आम जन को के नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया तथा इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिये अपील की गई है। ज्ञातव्य हो कि पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में निजात अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है जिसमें सभी थाने स्तर पर पहले चरण में ड्रग्स पैडलर्स, नशे कारोबार करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही, दूसरे चरण में वाल पेंटिंग, स्टीकर, बैनर, पाम्पलेट्स एवं विभिन्न स्कूल कालेजों ,संगठनों ,में कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता अभियान तथा तीसरे चरण में नशे में लिप्त व्यक्तियों की पहचान कर थाना स्तर पर नशा मुक्ति कक्ष बना कर काउंसलिंग के माध्यम से नशे की लत को छुड़ाने की कार्यवाही की जानी है।

### रूचिता साहू ने दसवीं मे 92.16 अंक अर्जित किया

राजनांदगाँव 16 मई। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला ग्राम जोशीलमती, विकासखंड छुरिया, जिला राजनांदगाव में अध्ययनरत कक्षा 10वी कि छात्रा कु रुचिता साहू ने 92.16त्नअंक अर्जित कर विद्यालय एवं ग्राम का नाम रोशन किया द्य कु रुचिता साहू के उच्च अंक प्राप्त करने से प्रभावित होकर उनके दादा पंच राम साहू ने अपने पोती रुचिता साहू को एक्टिवा स्कूटी गिप्ट प्रदान किये है। यह ग्रामीण अंचल के लिए बहुत बड़ा संदेश है ।

### नवविवाहिता की कुंए में मिली संदिग्ध हालत में लाश

**बलरामपुर-रायपुर, 16 मई ।** बलरामपुर जिले के ग्राम पंचायत चेरा में नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार सुबह कुएं में मिला है। परिजनों के हत्या के आरोप लगाने से गांव में तनाव की स्थिति बन गई। दहेज के लिए बेटी की हत्या का आरोप पिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया है। पुलिस शुरुआती जांच में हत्या मानकर केस दर्ज कर रही है। घटना के बाद पति और ससुर फरार हैं। मामला डिंडो चौकी क्षेत्र का है। झारखंड के ग्राम लवालीकला निवासी पूजा यादव (22) की शादी ग्राम चेरा निवासी आशीष यादव के साथ 2 मई 2023 को सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। पूजा यादव के परिजनों ने बताया कि शादी के दौरान पांच लाख रुपये नगद और दो लाख का सामान दहेज में दिया गया था। इसके बाद भी आशीष यादव दहेज में पैसों की मांग कर पत्नी पूजा को प्रताड़ित करता था।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/चार/रा.वि./2024/953/15 भिलाई, दिनाक 14./05/24

**फ्री-होल्ड हेतु दावा आपत्ति सूचना**

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर जिला रायपुर के आदेश कमांक एफ-8-5/2022/18 के सम संख्यक आदेश दिनांक 06.07.2022 द्वारा नगरीय निकायों के स्वयं के आधिपत्य / स्वामित्व के लीज होल्ड पर आबंटित आवासीय / व्यवसायिक (भवनों / फ्लैट्स /भू-खण्डों / परिसर / दुकानों) को संबंधित नगरीय निकायो राजस्व विभाग से विधिवत भू-स्वामित्व प्राप्त होने पर फ्री-होल्ड के रूप में संपरिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

फ्री होल्ड के रूप में सपरिवर्तन के लिये निम्नांकित भूखण्ड धारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर नियमानुसार कार्यवाही कर फ्री-होल्ड के रूप संपरिवर्तन किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. | पट्टाधारी का नाम पिता/ पति का नाम | योजना का नाम | ब्लाक क्र./ भूखण्ड क्र. | आकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शशि बंसल आ. विपिन बंसल एवं विपिन बंसल आ. जगबीर सिंह बसंल | मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आवासीय सह व्यवसायिक | 81 | 93.75 व.मी. |
| 2 | जितेन्द्र कुमार जैन आ. रमेश जैन | मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आवासीय योजना | 53/15 | 135 व.मी. |
| 3 | श्रीमती अंगुरी जैन पति रमेशचन्द्र जैन | मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आवासीय योजना | 69/07 | 135 व.मी. |
| 4 | श्रीमती आशा ताम्रकार पति स्व.भारत भुषण ताम्रकार एवं श्री कमलेश कुमार ताम्रकार आ. पति स्व. भारत भुषण ताम्रकार | मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आवासीय योजना | 90/01 | 1500 व.फु. |
| 5 | आरती चौधरी आ.श्री सत्यवान चौधरी | जवाहर नगर आवासीय योजना | 10/11 | 215.25 व.मी. |
| 6 | श्री देवनाथ गुप्ता आ. श्री राम कंवल गुप्ता | जवाहर नगर आवासीय योजना | 01/02 | 273.60 व.मी. |
| 7 | श्री रणजीत सिह आ. स्व. श्री रामाधार सिंह | जवाहर नगर आवासीय योजना | 02/09 | 273.60 व.मी. |
| 8 | अवतार सिंह मेरावी आ. नोहर सिंह मेरावी | मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम आवासीय योजना | 45 बी/08 | 135 व.मी. |
| 9 | श्री संजय गोप आ. स्व. शांतिरंजन गोप | मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आवासीय योजना | 31/10 | 216 व.मी. |
| 10 | श्री संजय गोप आ. स्व. शांतिरंजन गोप | मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आवासीय योजना | 31/11 | 216 व.मी. |
| 11 | श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा आ. स्व. केदारनाथ शर्मा | जवाहर नगर आवासीय योजना | 01/11 | 273.60 व.मी. |
| 12 | नरेश कुमार छाबड़ा आ. स्व. मुंशीराम छाबड़ा | जवाहर मार्केट व्यवसायिक योजना | एचआर-04 | 175 व.फु. |
| 13 | शमीम अहमद आ. स्व. अब्दुल शकुर | राजेन्द्र प्रसाद चौक सुपेला | ए/15 | 11.25 व.मी. |
| 14 | जोगेन्द्र पंडित आ.श्री जगदेव पंडित | राधिका नगर आवासीय योजना | 21/01 | 135 व.मी. |
| 15 | श्री रणवीर पुन्न आ. सतपाल पुन्न एवं श्री नरेन्द्र आ. सतपाल पुन्न | दक्षिण गंगोत्री व्यवसायिक योजना | 24/11 | 54 व.मी. |
| 16 | श्री गणेश सोनी आ. जनार्दन सोनी | लक्ष्मी नगर सब्जी मण्डी | सी/43 | 19.5 व.मी. |
| 17 | श्रीमती रेहाना बानो पति मोहम्मद जुनैद | लक्ष्मी नगर सब्जी मण्डी | सी/68 | 19.5 व.मी. |
| 18 | श्रीमती सुमन राठी पति श्री शरद कुमार राठी | दक्षिण गंगोत्री व्यवसायिक योजना | ए/47 | 26.325 व.मी. |
| 19 | श्रीमती निवेदिता चन्द्राकर पति मेहेश चंद्राकर | दक्षिण गंगोत्री व्यवसायिक योजना | 04/27 | 29.25 व.मी. |
| 20 | श्रीमती स्वाती सुमन पति फणीशधर द्विवेदी | मोती लाल नेहरू नगर हूडको भवन एमआईजी-02 बी-01 | 64 ए/01 | 180 व.मी. |
| 21 | श्री राधेश्याम सिंह यादव आ. श्री जगन्नाथ सिंह यादव आ.मु. श्रीमती सरोज यादव आ. जगन्नाथ यादव | जवाहर नगर आवासीय योजना | 24/14ए | 40.5 व.मी. |
| 22 | श्रीमती दशमत बाई पति मंहगू राम | सुपेला मार्केट व्यवसायिक योजना | 04/03 | 192 व.फु. |
| 23 | उदयराज सिंह आ. विक्रमजीत सिंह | घासीदास नगर आवासीय योजना | 29/24 | 45 व.मी. |
| 24 | डॉ. विनोद शर्मा आ. चन्द्रिका प्रसाद दुबे एवं श्रीमती अनामिका शर्मा पति डॉ. विनोद शर्मा | मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आवासीय सह व्यवसायिक | 12 | 93.75 व.मी. |
| 25 | श्रीमती निवेदिता चन्द्राकर पति महेश चंद्राकर | दक्षिण गंगोत्री व्यवसायिक योजना | 48/01 | 26.325 व.मी. |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई


■ कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर रूपरेखा पर किया विचार

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 4 जून तक

**बलौदाबाजार,16 मई।** राज्य शासन के निर्देश में प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी माह मई-जून 2024 में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालिन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है। उपरोक्त प्रशिक्षण शिविर का रूपरेखा तैयार किये जाने हेतु कलेक्टर के एल चौहान के अध्यक्षता में आज नोडल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण,व्यायाम शिक्षक शिक्षा विभाग,खेल संघ/संस्था, वरिष्ठ खिलाड़ी,व्यायाम शिक्षक (शिक्षा विभाग) एवं ग्रामिण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत चिन्हित 15 स्कूलों शास.उ.मा.वि.लाहोद, अर्जुनी,रिसदा, तरेंगा, गुर्रा, मोपका, नवागांव, सुहेला, रोहरा, जर्वे, छेरकापुर, गुमा,बोरसी, टुण्डरा,असनींद के प्राचार्यो के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में 15 मई से 04 जून 2024 तक कुल 21 दिवसीय ग्रीष्मकालिन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने के निर्देश नोडल अधिकारी को दिए है। उक्त खेलो में ओलम्पिक खेलों को शामिल करते हुए स्थानीय प्रचलित खेलों फुटबॉल, बास्केटबॉल,कबड्डी,साफ्टबॉल, एथलेटिक्स, जूडो, नेटबॉल,लॉनटेनिस, बैडमिंटन, व्हालीबॉल,कराते एवं रग्बी का प्रशिक्षण शिविर प्रातःकाल एवं संध्याकाल में 2-2 घंटे का होगा। उक्त प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को एन.आई.एस. कोच,व्यायाम शिक्षकों,वरिष्ठ खिलाड़ियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। उपरोक्त प्रशिक्षण शिविर जिला मुख्यालय के इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम बलौदाबाजार, विकासखंड मुख्यालय के स्टेडियमों तथा ग्रामिण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत चिन्हित स्कूलों में दिया जायेगा विकासखंड नोडल अधिकारी शिव कुमार बांधे बलौदाबाजार,आलोक मिश्रा कसडोल,शरद कुमार पंसारी भाटापारा, ईश्वर लाल साहू पलारी,हरबंश लाल निषाद सिमगा से सम्पर्क कर खिलाड़ी अपना पंजीयन करा सकेंगे। बैठक में प्रभारी वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर एवं विकासखंड नोडल अधिकारी शिव कुमार बांधे बलौदाबाजार, आलोक मिश्रा कसडोल, शरद कुमार पंसारी भाटापारा, ईश्वर लाल साहू पलारी,हरबंश लाल निषाद सिमगा सहित विभिन्न खेल पदाधिकारी गण।



### कलेक्टर ने की लंबित प्रकरणों की समीक्षा

**मोहला 16 मई।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी लंबित प्रकारणों का निराकरण शीघ्र करना सुनिश्चित करें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जन चौपाल, जन शिकायत, लोक सेवा गारंटी, कलेक्टर जनदर्शन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समयसीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट-बाजारों में फैलने वाले गंदगी व कचरा प्रबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर ग्राम पंचायत के माध्यम से कचरा संग्रहण व प्रबंधन कार्य को प्राथमिकता से करने कहा है।

## एक नजर

### दो नाबालिग लड़कियां लापता

**रायपुर, 16 मई।** राजधानी के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो नाबालिग लड़किया लापता हो गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों ही मामलों में अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय प्रार्थिया ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को अज्ञात आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इसी तरह दूसरे मामले में 38 वर्षीय प्रार्थिया ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अज्ञात आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### लालच में फंसकर युवती ने गंवाई साढ़े 8 लाख रुपए

**रायपुर, 16 मई।** लक्ष्मीनगर टिकरापारा में ज्यादा पैसा कमाने का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने युवती से 8लाख 50680 रुपए का धोखाधड़ी किया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पिंकी साहू 29 वर्ष लक्ष्मीनगर टिकरापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पास अज्ञात मोबाइल नंबर 96291-64513 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने आन लाईन टास्क पुरा करने पर ज्यादा पैसा कमाने का झांसा देकर प्रार्थिया को अपने जाल में फंसाया और उससे अलग-अलग खातों में 8,50,680 रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 16 मई।** टैगोरनगर में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अहमद खान 26 वर्ष टैगोरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनडी 3648 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

**रायपुर, 16 मई।** विजय नगर चौक खम्हारडीह में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अर्जुन विभार 24 वर्ष विजय नगर चौक का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी भावेन्द्र साहू, राहुल पांडे, हेमंत चोले व आशीष नायक ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर, 16 मई।** ग्राम टोर के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मनोज वर्मा 49 वर्ष नेवरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि मनोज अपनी बाइक से कल शाम कहीं जा रहा था, तभी ग्राम टोर के पास पिकअप क्रमांक सीजी 04 एनजेड 8113 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## निधन

### इंद्रा शर्मा



**रायपुर।** श्रीमती इंद्रा शर्मा पति स्व श्री सत्यनारायण शर्मा , पौंता वाले का कल रात 11:50 बजे स्वर्गवास हो गया है। वे सीएसईबी में इंजीनियर राकेश कुमार शर्मा, स्व. मुकेश शर्मा और अंजू शर्मा की माताजी तथा समृद्ध, सृजन, श्रेयांक, शुभांक की दादी थी। उनकी अंतिम यात्रा ब्राह्मण पारा ( पौंता पारा ) निवास से निकली। मारवाड़ी शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

### अशोक कुमार साखरे



**रायपुर।** सत्यम विहार कालोनी, रायपुरा निवासी 73 वर्षीय अशोक कुमार साखरे का आज सुबह निधन हो गया है। अंतिम संस्कार महादेवघाट स्थित श्मशान घाट में किया जाएगा। वे सुरेश साखरे, भूपेन्द्र एवं हेमंत साखरे के बड़े भाई थे।

# कांग्रेस उम्मीद से, इस बार सीट बढ़ेगी

## छग की 11 लोकसभा सीटों में से तीन पर जीत की उम्मीद

**रायपुर, 16 मई।** भले ही चुनावी भाषणों में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में भाजपा का छत्तीसगढ़ से सुपड़ा साफ होने का दावा करती रही है। किंतु अब मतदान का अंतिम चरण संपन्न होने के बाद कांग्रेस को छग की 11 लोकसभा सीटों में से तीन पर जीत की उम्मीद है। कांग्रेसियों का कहना है कि मतदाताओं पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालने तथा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने भाषणों में बड़े दावे करना मजबूरी है। कोई भी राजनीतिक दल स्वयं को कमजोर कैसे बता देगा। अब छग में चुनाव संपन्न होने के बाद कांग्रेसियों ने राग बदल दिया है। भले ही सार्वजनिक रूप से वे आलाप नहीं कर पा रहे हैं किंतु ऑफ रिकार्ड पार्टी नेताओं का मानना है कि कांग्रेस के खाते में कम से कम तीन सीट आएगी। ये तीन सीट हैं महासमुंद, कांकेर और राजनांदगांव-महासमुंद में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कांकेर में बीरेश ठाकुर प्रत्याशी हैं। कांग्रेस के राजनीतिक पंडितों का कहना है कि जांजगीर चांपा (शिव डहरिया) व बस्तर (कवासी लखमा)में भाजपा का मामला फिफ्टी फिफ्टी का है लिहाजा कांग्रेस अच्छी स्थिति में है। कांग्रेस तीन से चार सीट भी ले आती है तो यह 400 पार का नारा देने वाली भाजपा के लिए पराजय जैसी स्थिति है। कोरबा के बारे में पार्टी नेताओं का कहना है कि भाजपा की सरोज पांडे ने टक्कर तो अच्छी दी है किंतु बाहरी प्रत्याशी होने का नुकसान उन्हें उठाना पड़ सकता है। लिहाजा ज्योत्सना महंत जीतने की स्थिति में है। चुनाव में मोदी लहर सनातनी मुद्दा व राम मंदिर के छाए रहने के बाद भी छग में कांग्रेस की स्थिति पिछले चुनाव से अच्छी रहने की उम्मीद है। कांग्रेसियों का मानना है कि मोदी इफेक्ट पूरे देश में काम कर रहा है। बड़ी संख्या में कांग्रेसियों के भाजपा में जाने से पार्टी पर उतना विपरीत असर नहीं पड़ा है जितना पार्टी के बड़े नेताओं के अंट-शंट बयान से पड़ा है। ऐन चुनाव के समय जिस तरह की बातें कुछ नेताओं की है उससे कांग्रेस को नुकसान ही हुआ है। पार्टी नेताओं का आंकलन है कि राजनांदगांव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कमजोर पड़े हैं। पांच वर्षों तक उनकी निष्क्रियता ने जनता को नाराज किया है। भूपेश बघेल का मुख्यमंत्री वाला प्रभा मंडल आज भी बरकरार है। महासमुंद में ताम्रध्वज साहू को साहू वोटों का फायदा मिलेगा। कांकेर में कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर पिछले चुनाव में वोटों के बेहद कम अंतर से हारे थे। वे कांकेर क्षेत्र में मजबूत चेहरा है। वैसे भाजपा नेता भी दबी जुबान कहने लगे हैं कि सभी 11 सीटों पर जीत की उम्मीद कम है। कुछ सीटों पर हमारे प्रत्याशी किसी न किसी कारण से कमजोर पड़े हैं।



रायपुर 16 मई। भाटागांव स्थित हमर अस्पताल में कई एंबुलेंस कंडम हो गए है।

## जनता ने मोदी के विभाजनकारी एजेंडे को नकारा: दीपक बैज

**रायपुर 16 मई ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चार चरणों 379 सीटों के चुनाव हो चुके है। जनता ने मोदी विभाजनकारी एजेंडे को नकार दिया है। मोदी को पता चल चुका है कि उनकी सरकार वापस नहीं आ रही है। उनके हिन्दू, मुस्लिम और मीट, मटन, मंगलसूत्र को जनता ने नकार दिया है। अब आखिरी के तीन चरणों में मोदी को यह बयान देने को मजबूर होना पड़ा है कि वह हिन्दू-मुसलमान करने में भरोसा नहीं करते है जबकि उनकी और भाजपा की पूरी राजनीति इसी के ईर्द-गिर्द घूमती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश भर में विपक्ष को ईडी, सीबीआई का भय दिखाने वाले प्रधानमंत्री मोदी सत्ता हाथ से जाने के भय से रोने को मजबूर हो गये है। यही जनता के वोट की ताकत है। जनता के मत के सामने बड़े-बड़े की हेकड़ी निकल जाती है। निर्वाचित सरकारों को सत्ता बल, धन बल से गिराने वाले अपनी सरकार के जाने के डर से रोना शुरू कर चुके है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर चुनाव प्रचार कर रहे है। राहुल गांधी सच और जनता की आवाज उठा कर चुनाव प्रचार कर रहे है। देश में मोदी सरकार और मोदी के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी है। जनता, इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने मतदान कर रही है। कांग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी है। देश के अगले प्रधानमंत्री राहुल गांधी ही बनेंगे। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर कांग्रेस पांच न्याय और 25 गारंटी को लागू करेगी जिससे देश में आर्थिक और सामाजिक असमानता दूर होगी।

# कूलरों में एंटी लार्वा परीक्षण, पानी भरे गड्ढों में दवा का किया गया छिड़काव

**रायपुर 16 मई।** जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा के निर्देशानुसार आज 16 मई राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर थ्रीम समुदाय के साथ पर नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन 7 के विशेष संवेदनशील क्षेत्रों सहित नगर के विभिन्न स्थानों में जन-जन के मध्य मच्छरजनित रोग डेंगू को लेकर पोस्टर, कुलरों में एंटी लार्वा परीक्षण, गड्ढों जिनमे पानी भरा हो में एंटी लार्वा छिड़काव कर जनजागरूकता अभियान चलाया गया । जोन 7 के विशेष संवेदनशील क्षेत्रों में रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने जोन 7 स्वास्थ्य विभाग के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आदिव्य हजारी सहित स्वास्थ्य अमले के साथ निरीक्षण किया एवं नागरिको के मध्य मच्छरजनित रोग डेंगू को लेकर राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जनजागरण अभियान जनस्वास्थ्य जागरूकता को लेकर चलाया । वहीं नगर निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री उमेश नामदेव की उपस्थिति में महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं एवं निगम स्वास्थ्य अमले सहित जोन के विभिन्न मार्गो पर राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू जनजागरूकता रैली निकालकर आमजनों को मच्छरजनित रोग के प्रति जागरूक बनाया गया । अभियान के तहत नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिको को राष्ट्रीय वेस्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की टीम के साथ मच्छरजनित रोग डेंगू के कारणों, लक्षणों सहित बचाव संबंधी बिन्दूवार जानकारी स्थल पर दी गई। नागरिको को बताया गया कि डेंगू के मच्छर स्थिर साफ पानी में पनपते है। ऐसे स्थानों पर पानी का ठहराव न होने दिया जाये। डेंगू से बचाव अभियान के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने टोल फ्री नंबर 104 पर संपर्क करने एवं आवष्यकता होने पर घर के नजदीकी अस्पताल में जाकर चिकित्सकीय परामर्श लेने का सुझाव दिया गया । नागरिको से नगर निगम स्वास्थ्य विभाग एवं जोन 7 के अमले ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में कुलरों की समय = पर सफाई करने, खाली पड़े टायरों, अन्य स्थानों पर ठहरे हुए पानी को खाली करवाने अनुरोध किया गया । स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही द्वाराजानकारी दी गई कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष कैंप ,डॉक्टर की टीम का शिविर लगाया जावेगा। यदि शरीर में अचानक तेज सिर दर्द ,तेज बुखार, मांसपेशियो जोड़ो में दर्द ,जी मचलना उल्टी,त्वचा में चकते उभरना एवं गंभीर मामलों में नाक मुंह, मसूड़ों से खून का आना ऐसे लक्षण दिखे, तो तुरंत चिकित्सक को दिखाना चाहिए ।



इसी क्रम में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जोन 4 के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड क्रमांक 35 के क्षेत्र में टेमीफास दवा का छिड़काव वार्ड में मच्छरों पर कारगर नियंत्रण की दृष्टि से अभियान पूर्वक विभिन्न स्थानों पर किया गया । जोन 2 के वार्ड 6 के तहत झाझा पारा झुग्गी बस्ती में जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लावनिया के नेतृत्व में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंगू के प्रति आमजनों में जागरूकता लाने का कार्य किया । जोन 1 के क्षेत्रों में जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से घर-घर जाकर लोगो को कुलरो की सफाई करवाने की समझाईश देते हुए एंटी लार्वा का छिडकाव किया गया । जोन 4 के वार्ड 45 में सघन एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया गया । जोन की टीम ने छोटा पारा जनता कालोनी के क्षेत्र में मच्छरों के कारगर नियंत्रण हेतु व्यापक रूप से एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया ।

# भ्रष्टाचार के मामले में पीडब्लूडी के दो ईई की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश

**रायपुर, 16 मई।** छत्तीसगढ़ में पीडब्लूडी विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। जहां दो कार्यपालन अभियंता अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है।दोनों अधिकारियों ने क्रय नियमों का उल्लंघन कर खरीदी में भ्रष्टाचार किया था। जिसके बाद दोनों के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, पीडब्लूडी विभाग में ईई के पद पर पदस्थ एफटोप्पो और नरसिंह पैकरा ने नियमों को ताक पर रखकर खरीदी की थी। जिसके बाद दोनों अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है। एफ टोप्पो पीडब्लूडी के नारायणपुर संभाग में ईई के पद पर पदस्थ थे और नरसिंह पैकरा पीडब्लूडी के कांकेर संभाग में ईई के पद पर पदस्थ थे। भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद मामले की जांच की गई और पुष्टि होने के बाद दोनों के खिलाफएक्शन लिया गया है।

इस पूरे मामले को लेकर विभागीय मंत्री अरुण साव ने कहा कि, जहां भी गड़बड़ी मिलेगी वहां कड़ी करवाई की जाएगी। यह बाकी अधिकारियों के लिए भी एक संदेश है कि, अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाएं और विधिसम्मत काम करें। यदि कोई भी गड़बड़ी मिलेगी तो कार्रवाई होगी।

## टायर किलर का एमव्ही एक्ट में कोई प्रावधान नहीं

**रायपुर, 16 मई ।** राजधानी रायपुर की व्यस्त सड़कों पर तथा कई प्रमुख मार्गों पर टायर किलर लगाया गया है। यातायात विभाग द्वारा यातायात को व्यवस्थित रखने तथा गलत दिशा से गाड़ी लेकर आने-जाने वालों पर नकेल कसने यह उपाय किया था। सूचना के अधिकार से मिली जानकारी में स्पष्ट हुआ है कि टायर किलर लगाने का मोटर व्हीकल एक्ट में कहीं कोई प्रावधान ही नहीं है। आरटीआई कार्यकर्ता कुणाल शुक्ला ने टायर किलर को लेकर आवेदन लगाया हुआ था। कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक एवं जनसूचना अधिकारी, यातायात रायपुर ने ये बताया कि टायर फाड़ने वाले स्पीड ब्रेकर लगाए जाने के संबंध में मोटर व्हीकल एक्ट में कोई प्रावधान नहीं है। ज्ञात हो कि शहर के एक्सप्रेस वे सहित कई जगहों पर टायर किलर लगाया गया था। वहीं अधिकांश जगहों से यह गायब भी हो चुका है।



## राजस्व वसूली करने पर निगम अमले ने राजस्व विभाग और बैंक को सराहा

**रायपुर, 16 मई।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2023-24 में रायपुर नगर निगम हेतु 283 करोड रू. से अधिक की राजस्व वसूली करने के कार्य की सराहना करते हुए नगर निगम राजस्व अमले एवं कोटक महेन्द्रा बैंक को सम्मानित किया है।

शहीद स्मारक भवन के सभागार में आयुक्त ने वर्ष 2023-24 हेतु सर्वाधिक राजस्व वसूली करने हेतु संयुक्त रूप से जोन 8 एवं जोन 10 की राजस्व टीम को प्रथम स्थान एवं जोन 2 राजस्व टीम को द्वितीय स्थान पर आने के लिए सराहा एवं उन्हें स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने व्यक्तिगत रूप से राजस्व वसूली कार्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन करने राजस्व अधिकारी विवेकानंद दुबे, बलदाऊ वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी सर्वश्री प्रेमचंद दुबे जोन 2, महादेव रक्सेल जोन 3, अमरनाथ साहू जोन 7, प्रमोद जाधव जोन 8, विजय शर्मा जोन 9 सहित वर्ष 2015-16 से नगर निगम राजस्व विभाग को आनलाईन सिस्टम में शामिल करने जीआईएस सर्वेक्षण कार्य के तहत वर्ष 2015-16 से तत्कालिन नगर निगम आयुक्त रजत बंसल एवं उपायुक्त डॉ. आर.के. डोंगरे के निर्देष पर निरंतर कार्यरत आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## वेदांता एल्यूमिनियम का स्मेल्टर भारत में पहला

**रायपुर 16 मई।** वेदांता एल्यूमिनियम को एल्यूमिनियम स्ट्यूवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) का चेन ऑफ कस्टडी स्टैंडर्ड वी2 (2022) का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। कंपनी ने झारसुगुडा, ओडिशा में विशेष आर्थिक ज़ोन संयंत्र में अपने स्मेल्टर के लिए यह प्रमाणन प्राप्त किया है। झारसुगुडा में कंपनी के प्रचालनों में 18 लाख टन की वार्षिक स्मेल्टिंग क्षमता शामिल है जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा एल्यूमिनियम प्लांट बनाती है। वेदांता एल्यूमिनियम इससे पहले झारसुगुडा में एसईज़ेड आधारित प्लांट तथा बाल्को (कोरबा, छ.ग. स्थित वेदांता एल्यूमिनियम की इकाई) के लिए प्राथमिक एल्यूमिनियम उत्पादों के विनिर्माण एवं आपूर्ति हेतु एएसआई परफॉरमेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन हासिल कर चुकी है।



आवश्कता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789


# बस्तर: द नक्सल स्टोरी का प्रीमियर 17 को

**रायपुर 16 मई।** भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और बहुभाषी स्टोरीटेलर 'जी5, सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रोड्यूज किए गए हार्ड-हिटिंग क्राइम ड्रामा बस्तरः द नक्सल स्टोरी का प्रीमियर कर रहा है। द केरल स्टोरी की कामयाबी के बाद डाइरेक्टर सुदीप्तो सेन, प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह और लीड एक्टर अदा शर्मा की कोर टीम, एक और धारदार व विचारोत्तेजक नैरेटिव लेकर आई है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म, छत्तीसगढ़ की नक्सली बगावत को दबाने के लिए एक अकेले पुलिस अधिकारी द्वारा किए गए असाधारण प्रयासों पर केंद्रित है। फिल्म में अदा शर्मा के साथ-साथ इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुव्रत दत्ता और राइमा सेन भी प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं। आज से, दर्शक अब बस्तर को विशेष रूप से जी5 पर स्ट्रीम कर सकते हैं।




बस्तर एक दिलचस्प दास्तान है जो नक्सली खतरे पर रोशनी डालती है। यह खतरा हजारों लोगों की जान ले चुका है और इसने पूरे इलाके में भारी तबाही मचा रखी है। सच्ची घटनाओं से प्रेरणा लेते हुए, यह फिल्म ऐसे वफादार पुलिस अधिकारी के कदमों को फॉलो करती है जो छत्तीसगढ़ में नक्सली विद्रोह से जूझने के लिए तमाम हदें पार कर जाता है। आपको अंदर तक झकझोर देने वाले भावुक पलों के साथ, बस्तर इस मुद्दे की पेचीदगियों पर बेबाक नज़र डालती है। जी5 के चीफ बिजनेस ऑफीसर मनीष कालरा ने बताया, जी5 पर, हम हमेशा ऑडियंस के साथ जुड़ने वाली कहानियां दिखाने में सबसे आगे रहते हैं।

## सरेआम शराब पीते 20 पकड़ाए

**रायपुर, 16 मई।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने साइंस कॉलेज मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी आरीफ खान 35 वर्ष व देवेंद्र कुमार साहू 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी डिकेश सोनी 35 वर्ष एवं आमानाका पुलिस ने आरोपी काशी साहू 50 वर्ष व पिंटू साव 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी सागर साहू 30 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी गोपाल खरे 40 वर्ष, तरूण मेघानी 31 वर्ष व यश शर्मा 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26